वॉयस ऑफ लखनऊ
सच, सिर्फ सच **

शुक्रवार, 10 अप्रैल, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 96, पेज 12, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

**सेंसेक्स में 931 अंकों की गिरावट**
स्थानीय शेयर बाजारों में पांच दिन से जारी तेजी थम गयी और सेंसेक्स 931 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी 222 अंक के नुकसान में रहा। } 10

**विश्व गुरु बनने के लिए भविष्य-उन्मुख दृष्टिकोण जरूरी**
केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि विश्व गुरु और सुपर इकॉनमी बनने का लक्ष्य हासिल करने के लिए भविष्य-उन्मुख विकास की उपयुक्त दृष्टि होना समय की जरूरत है। } 12



## बंगाल से खत्म करेंगे माफिया राज : मोदी

एजेंसी



आसनसोल (पश्चिम बंगाल)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में कट-मनी संस्कृति और तृणमूल कांग्रेस के सिंडिकेट राज को खत्म करने का आश्वासन देते हुए बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि अवैध कोयला और बालू खनन से जुड़ा माफिया राज राज्य के लोगों पर शिकंजा कस चुका है।

पश्चिम मेदिनीपुर जिले के आसनसोल स्थित पोलो ग्राउंड में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने यह भी आरोप लगाया कि राज्य के कोयला क्षेत्र से निकाले जाने वाले अवैध कोयले की कालाबाजारी ममता बनर्जी शासन के तहत अभूतपूर्व स्तर तक पहुंच गई है। मोदी की बृहस्पतिवार को यह दूसरी रैली थी। इससे पहले उन्होंने पूर्वी मेदिनीपुर के बंदरगाह शहर हल्दिया में पहली रैली की थी जिसमें उन्होंने घोषणा की कि अगर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधानसभा चुनाव जीतती है तो पश्चिम बंगाल की जनता को छह गारंटी दी जाएंगी। साथ ही उन्होंने निर्मम तृणमूल कांग्रेस सरकार को हटाने की अपील की जो विकास की राह ...शेष पृष्ठ 10 पर

## स्मार्ट बिजली मीटरों की गहनता से होगी जांच : योगी

### ❍ ईमानदार है आम उपभोक्ता ❍ बिना गलती किसी का न काटा जाये बिजली कनेक्शन

विशेष संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्मार्ट बिजली मीटर को लेकर विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त उपभोक्ताओं की शिकायतों का संज्ञान लेते हुए इसकी गहन जांच के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि आम उपभोक्ता स्वाभाविक रूप से ईमानदार होता है और यदि उसे समय पर सही बिल प्राप्त हो, तो वह भुगतान करने में कोई हिचक नहीं करता। मुख्यमंत्री ने ओवरबिलिंग की समस्या की वास्तविक स्थिति का पता लगाने के लिए विशेषज्ञों की एक समिति गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि उपभोक्ता की कोई गलती नहीं है, तो उसका बिजली कनेक्शन नहीं काटा जाना चाहिए।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ऊर्जा क्षेत्र में किए गए सुधारों का वास्तविक लाभ अंतिम उपभोक्ता तक पहुंचे, इसके लिए विश्वसनीय आपूर्ति, तकनीकी दक्षता और जवाबदेही को आधार बनाकर कार्य किया जाए। उन्होंने स्मार्ट मीटरिंग, लाइन लॉस में कमी, उपभोक्ता सेवाओं के डिजिटलीकरण तथा राजस्व संग्रह में सुधार को तेज करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बिलिंग और भुगतान प्रणाली को और अधिक पारदर्शी एवं विश्वसनीय बनाने पर जोर देते हुए निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को समय पर और सटीक बिल उपलब्ध कराने के लिए ठोस व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्मार्ट मीटरिंग प्रणाली को उपभोक्ता विश्वास के अनुरूप बनाने तथा शिकायतों के त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण पर विशेष बल दिया।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि ऊर्जा मंत्री एवं पावर कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक स्वयं फील्ड में जाकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करें और उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित व प्रभावी निराकरण सुनिश्चित कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि टॉल फ्री हेल्पलाइन नंबर पूरी तरह सक्रिय रहें तथा प्राप्त शिकायतों का समुचित और समयबद्ध समाधान किया जाए, ताकि आम उपभोक्ता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में अवगत कराया गया कि प्रदेश में विद्युत उपभोक्ताओं की संख्या वर्ष 2017 के 1.65 करोड़ से बढ़कर 2026 में 3.71 करोड़ से अधिक हो गई है, जो लगभग 126 प्रतिशत वृद्धि को दर्शाता है। इसी अवधि में विद्युत भार में लगभग 80 प्रतिशत तथा ऊर्जा बिक्री में 63 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है। वर्तमान में कुल ऊर्जा बिक्री 1.27 लाख मिलियन यूनिट तथा कनेक्टेड लोड 84,000 मेगावाट से अधिक है। घरेलू उपभोक्ता कुल कनेक्शनों का 87 प्रतिशत हैं, जबकि राजस्व में वाणिज्यिक एवं औद्योगिक वर्ग का योगदान सर्वाधिक है। डिस्कॉम्स के प्रदर्शन में सुधार पर मुख्यमंत्री ने संतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि राष्ट्रीय रेटिंग में और सुधार सुनिश्चित किया जाए तथा वितरण अवसंरचना को और सुदृढ़ किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि ट्रांसफार्मर बदलने की प्रक्रिया को और तेज किया जाए ताकि उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानी न हो। उन्होंने यह भी कहा कि जहां नए विद्युत पोल लगाए जा ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### 12 आईपीएस का तबादला कई जिलों के एएसपी बदले

लखनऊ। यूपी सरकार ने पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल कर दिया। शासन ने 12 आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया है। इनमें तीन अपर पुलिस अधीक्षक, चार सहायक पुलिस अधीक्षक और पांच सहायक पुलिस आयुक्त के पद पर तैनात थे। अचानक हुए इस तबादले से विभाग में हड़कंप मचा है। शासन ने जिनका तबादला किया है उनमें सहारनपुर अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन को प्रयागराज पुलिस उपायुक्त प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट, गोंडा पूर्वी अपर पुलिस अधीक्षक रहे मनोज कुमार रावत को संभल में अपर पुलिस अधीक्ष दक्षिणी, मेरठ अपर पुलिस अधीक्षक आयुष विक्रम सिंह को बहराइच का अपर पुलिस अधीक्षक नगर बनाया है। इसी तरह सीतापुर के सहायक पुलिस अधीक्षक विनायक गोपाल भोसले को मेरठ अपर पुलिस अधीक्षक नगर, मेरठ सहायक ...शेष पृष्ठ 10 पर

### बस पलटने से दो महिलाओं की मौत

गाजीपुर। जिले में बृहस्पतिवार को वाराणसी-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक बस के अनियंत्रित होकर पलट जाने से उसमें सवार दो महिलाओं की मौत हो गई और 46 अन्य यात्री घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने बताया कि महाराष्ट्र के पर्यटकों की बस नेपाल से लौटकर काशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए वाराणसी जा रही थी तभी नंदगंज थाना क्षेत्र के नेसारा गांव के पास वह अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में अन्नपूर्णा और सरस्वती नाम की दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 46 यात्री घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायलों में से तीन की हालत गंभीर है और अन्य को मामूली चोटें आई हैं। पोस्टमार्टम के लिए शव भेज दिए गए हैं।

# असम, केरल व पुडुचेरी में बंपर वोटिंग

## असम के इतिहास में यह सबसे ज्यादा वोटिंग, केरल में टूटा 49 साल का रिकॉर्ड, पुडुचेरी में भी भारी मतदान






एजेंसी

नई दिल्ली। देश के दो राज्यों असम, केरलम और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में गुरुवार (9 अप्रैल) को विधानसभा चुनाव के लिए शाम 6 बजे तक वोटिंग हुई। चुनाव आयोग के अनुसार रात 8 बजे तक असम में 85.46% मतदान हुआ। असम के इतिहास में यह सबसे ज्यादा वोटिंग का आंकड़ा है। केरलम में पिछले 49 सालों में दूसरी सबसे ज्यादा वोटिंग हुई, यहां 78.09% वोट डाले गए। 1977 में रिकॉर्ड 79.2% मतदान हुआ था। वहीं पुडुचेरी में 89.83% मतदान हुआ। असम में चुनाव संबंधी हिंसा में करीब 30 लोग घायल हो गए और सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। श्रीभूमि जिले के पथारकंडी में कांग्रेस और भाजपा समर्थकों की इस झड़प में करीब 25 लोग घायल हो गए, दो की हालत गंभीर है। पुडुचेरी में मन्नादिपेट में पोलिंग बूथ पर कांग्रेस और भाजपा समर्थकों में झड़प हो गई। पुलिस ने भीड़ पर लाठीचार्ज किया। पुडुचेरी के सीएम रंगास्वामी वोट डालने के लिए पोलिंग बूथ तक बाइक से पहुंचे। केरलम में पूर्व रक्षा मंत्री और कांग्रेस लीडर एके एंटनी ने तिरुवनंतपुरम में वोट डाला। असम के सीएम हिमंता बिस्व सरमा ने गुवाहाटी में मां कामाख्या मंदिर में पूजा की। इसके बाद पत्नी के साथ जालुकबाड़ी में वोट डाला। असम में 126 सीटों पर 41 पार्टियों के 722 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, केरलम में 2.71 करोड़ वोटर 890 उम्मीदवारों में से अपना नेता चुनेंगे। यहां 140 सीटें हैं। पुडुचेरी में 30 सीटों के लिए वोटिंग हुई। केरल विधानसभा चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को मतदान शुरू होने के बाद अपराह्न तीन बजे तक लगभग ...शेष पृष्ठ 10 पर

### सीबीआई ने आईडीएफसी बैंक के खिलाफ दर्ज की 550 करोड़ गबन की शिकायत

नयी दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने चंडीगढ़ स्थित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में हरियाणा सरकार के खातों से 550 करोड़ रुपये के कथित तौर पर गबन के मामले की जांच अपने हाथ में लेने के बाद प्राथमिकी दर्ज की है। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि हरियाणा सरकार ने जांच केंद्रीय जांच एजेंसी को सौंप दी थी। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने बुधवार को यह मामला केंद्रीय जांच एजेंसी को भेजा था।

हरियाणा राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो (एसवी एंड एसीबी) पहले इसकी जांच कर रहा था और सीबीआई ने इस मामले को अपने हाथ में लेते हुए प्राथमिकी दर्ज की। हरियाणा के सतर्कता विभाग ने इस मामले को संबंधित एजेंसी को सौंपते हुए कहा, यह मामला धोखाधड़ीपूर्ण बैंकिंग गतिविधियों और फर्जी लेनदेन से जुड़ा है, जिन्हें कथित तौर पर सरकारी धन को स्वास्तिक देश प्रोजेक्ट एसआरआर ...शेष पृष्ठ 10 पर

## चारधाम यात्रा आस्था, संस्कृति व प्रतिष्ठा का प्रतीक

### दर्शन के लिए लागू होगी स्लॉट आधारित व्यवस्था : धामी

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। आगामी चारधाम यात्रा को सुव्यवस्थित, सुरक्षित और आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाने के लिए राज्य सरकार ने विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्पष्ट किया है कि यात्रा प्रबंधन में किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और हर विभाग को पूर्ण जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा। सचिवालय स्थित वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली सभागार में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि उत्तराखंड की आस्था, संस्कृति और प्रतिष्ठा से जुड़ा महत्वपूर्ण दायित्व है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सम्मान सुनिश्चित करना राज्य की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इस बार ग्रीन एवं क्लीन चारधाम यात्रा अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। यात्रा मार्गों को प्लास्टिक मुक्त रखने के लिए व्यापक स्तर पर प्रतिबंध लागू किया जाएगा तथा प्रमुख स्थलों पर प्लास्टिक संग्रह केंद्र स्थापित किए जाएंगे। हेली सेवाओं के संचालन को लेकर मुख्यमंत्री ने विशेष सावधानी बरतने को कहा। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी हेलीकॉप्टर सेवाओं की नियमित फिटनेस जांच, तकनीकी निरीक्षण और एसओपी के अनुसार संचालन सुनिश्चित किया जाए। किसी भी प्रकार ...शेष पृष्ठ 10 पर

## अमेरिका-ईरान के बीच वार्ता आज, तनाव रोकने का प्रयास

### पाकिस्तान कड़ी सुरक्षा के बीच इस्लामाबाद में बैठक की करेगा मेजबानी

एजेंसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान शुक्रवार को अमेरिका और ईरान के बीच उच्च-स्तरीय वार्ता की मेजबानी करने वाला है, जिसका उद्देश्य युद्धविराम को मजबूत करना और पश्चिम एशिया में तनाव को बढ़ने से रोकना है।

अमेरिका और ईरान बुधवार को दो हफ्ते के लिए एक सशर्त युद्धविराम पर सहमत हो गए। इसके बाद, मतभेदों को सुलझाने और मौजूदा युद्धविराम को एक स्थायी शांति में तब्दील करने के लिए इस्लामाबाद में दोनों पक्षों के बीच एक बैठक होनी है। दोनों पक्षों के प्रतिनिधिमंडल के बातचीत में हिस्सा लेने के लिए बृहस्पतिवार रात तक इस्लामाबाद पहुंचने की उम्मीद है। पाकिस्तान में ईरान के राजदूत रजा अमीरी मोघादम ने तेहरान के प्रतिनिधिमंडल की भागीदारी की पुष्टि करते हुए इस बात पर जोर दिया कि इजराइल द्वारा युद्धविराम के उल्लंघन के कारण उनके देश में शांति वार्ता को ेकर संदेह ...शेष पृष्ठ 10 पर

### लेबनान में इजराइली हमला, 203 की मौत



बेरुत। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि बुधवार को मध्य बेरुत और अन्य क्षेत्रों में इजराइल के हमलों में कम से कम 203 लोग मारे गए। मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि हमलों में 1,000 से अधिक लोग घायल हुए हैं। इजराइल और लेबनान के चरमपंथी समूह हिजबुल्ला के बीच युद्ध छिड़ने के बाद से पिछले पांच सप्ताह में बुधवार को सबसे ज्यादा लोग मारे गए। इजराइल की सेना ने कहा कि उसने हिजबुल्ला के ठिकानों को निशाना ...शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**
अधिकतम : 40.06 डिसे.
न्यूनतम : 20.00 डिसे.

**भीतर पढ़ें**
- ❍ बुनकरों की आय, सम्मान प्राथमिकता : सीएम (पृष्ठ-02)
- ❍ डिप्टी सीएम ने आपदा प्रभावित जनपदों का किया हवाई सर्वेक्षण (पृष्ठ-02)
- ❍ वस्तु निर्यात में तीन प्रतिशत की आ सकती है गिरावट (पृष्ठ-14)
- ❍ रुपया नौ पैसे कमजोर होकर 92.63 प्रति डॉलर (पृष्ठ-14)

**विशेष खबर** 3606 करोड़ की खरीद कर यूपी में अव्वल रहा नगर विकास विभाग, उप्र ने पेश किया पारदर्शिता का रोल मॉडल

# सीएम योगी के नेतृत्व में यूपी बना जेम पोर्टल से खरीद में शीर्ष राज्य

विशेष संवाददाता




लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पारदर्शी नीतियों ने उत्तर प्रदेश को देश के सामने रोड मॉडल के तौर पर पेश किया है। किसानों से गन्ना, गेहूं-चावल व अन्य कृषि उत्पाद खरीदने का मामला हो या सरकारी विभागों की विविध आवश्यकताओं से जुड़ी खरीद का, योगी सरकार ने पारदर्शिता के उच्च मानदंड स्थापित किए हैं। इसी क्रम में प्रदेश के सरकारी महकमों ने अपनी अधिसंख्य खरीद जेम पोर्टल से सुनिश्चित कर यूपी को अन्य राज्यों से आगे लाकर खड़ा कर दिया है।

वित्त वर्ष 2025-26 में जेम पोर्टल पर खरीद में उत्तर प्रदेश देश के अन्य राज्यों के सामने मिसाल बना है। देश में शीर्ष स्थान पर काबिज उत्तर प्रदेश ने इस अवधि में जेम पोर्टल पर 22,337 करोड़ रुपये की खरीद की। प्रदेश की कुल खरीद में सर्वाधिक हिस्सेदारी नगर विकास विड्डाग की रही, जिसने 3606 करोड़ रुपये की खरीदारी जेम पोर्टल के माध्यम से की। भारत सरकार ने उत्तर प्रदेश की जेम पोर्टल क्रय नीति की सराहना करते हुए पारदर्शी खरीद में यूपी को रोल मॉडल राज्य घोषित किया है। महिला उद्यमियों की ओर से वर्ष 2020-21 में 467 करोड़ की खरीद की गई थीं वहीं हर साल यह बढ़ती गई जो कि वर्ष 2025-26 में 4755 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। इसी तरह एससी/एसटी उद्यमियों की ओर से वर्ष 2020-21 में 54 करोड़ की खरीद हुई थी जबकि वर्ष 2025-26 में 752 करोड़ की खरीद की गई। स्टार्ट अप की ओर से वित्तीय वर्ष 2025-2026 में जेम से 3203 करोड़ रुपये, लघु-मध्यम इकाइयों की ओर से 27,235 करोड़ रुपये की खरीद जेम से की गई। वहीं, यूपी के विक्रेताओं का जेम से कारोबार बढ़ रहा है। वर्ष 2020-21 में 5770 करोड़ के मुकाबले वर्ष 2025-26 में 42,654 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। इस मामले में कृष्ण मुरारी, आईआरएसएस, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जेम का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के क्रम में सभी ...शेष पृष्ठ 10 पर

## ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की क्षमता को दर्शाया : उपेंद्र द्विवेदी

एजेंसी

बेंगलुरु। थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने समन्वित कार्वाई की दिशा में भारत की प्रगति को प्रदर्शित किया। उन्होंने पाकिस्तानी क्षेत्र के अंदर अंजाम दिए गए सैन्य अभियान को परिचालन के लिहाज से अध्ययन का विषय बताया।

**❍ युद्ध सूचना संगठन और मनोवैज्ञानिक रक्षा प्रभाग ने निभायी अहम भूमिका**

भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की मौत के बाद पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाते हुए सैन्य कार्रवाई शुरू की थी। जनरल द्विवेदी ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर, विभिन्न क्षेत्रों में समन्वित कार्रवाई की दिशा में भारत की प्रगति का सबसे शक्तिशाली साधन था। लेकिन हमें विभिन्न क्षेत्रों का एकीकरण और तालमेल का लक्ष्य प्राप्त करना होगा। वह यहां रण संवाद मंच को संबोधित कर रहे थे, जिसका विषय था थल सेना द्वारा बहु-क्षेत्रीय अभियान (एमडीओ) का विजुअलाइजेशन। सेना प्रमुख ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद गठित युद्ध सूचना संगठन और मनोवैज्ञानिक रक्षा प्रभाग के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा, हमारे प्रयासों का 15 प्रतिशत हिस्सा दुष्प्रचार अभियान से ...शेष पृष्ठ 10 पर

C M Y K

# बीबीडीआईटीएम में वेग क्लब ने आयोजित की महिला सशक्तिकरण हेतु पोषण जागरूकता कार्यशाला

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बाबू बनारसी दास इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के अंतर्गत संचालित Women Empowerment Action Group (WEAG) द्वारा 06अप्रैल 2026 को छात्राओं एवं महिला अध्यापकों के लिए उचित आहार एवं पोषण विषय पर एक प्रभावी कार्यशाला का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता, बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास एवं वाइस प्रेसिडेंट सुश्री सोनाक्षी दास की प्रेरणा से हुआ।







इस अवसर पर संस्थान के डायरेक्टर प्रो. (डॉ.) अनुराग तिवारी ने मुख्य वक्ता डॉ पूनम तिवारी (हेड, डायटेटिक्स, (Dr. Ram Manohar Lohia Institute of Medical Sciences) को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

इस कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय डॉ. प्रीति मिश्रा एवं नेहा चौहान द्वारा किया गया। आयोजन में छात्रा श्रुति चौरसिया, शीतल उपाध्याय एवं बिपाशा वर्मा का योगदान रहा। कार्यशाला के दौरान डॉ. पूनम तिवारी ने छात्राओं को संतुलित आहार, पोषण के महत्व तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की आवश्यकता पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है तथा नियमित और अनुशासित दिनचर्या से ही दीर्घकालिक स्वास्थ्य सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने प्रोटीन, काबोर्हाइड्रेट एवं अन्य आवश्यक पोषक तत्वों के सुलभ स्त्रोतों के बारे में भी जानकारी दी और मौसमी फलों के सेवन के लाभों पर विशेष बल दिया।

कार्यक्रम के अंत में बिपाशा वर्मा ने सभी अतिथियों, अध्यापकों एवं छात्राओं का आभार व्यक्त किया। वहीं डायरेक्टर प्रो. (डॉ.) अनुराग तिवारी ने इस कार्यशाला को छात्राओं के लिए अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया। यह कार्यशाला छात्राओं में स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुई।

# बुनकरों की आय, सम्मान और स्थायित्व सुनिश्चित करना प्राथमिकता : सीएम

## क्लस्टर आधारित विकास से बुनकरों को बाजार, डिजाइन और तकनीक से जोड़ें

- हथकरघा क्षेत्र को वैल्यू चेन मॉडल पर विकसित करें, केवल उत्पादन तक सीमित न रहें
- डिजिटल प्लेटफॉर्म और ब्रांडिंग से बुनकरों को सीधे उपभोक्ताओं से जोड़ा जाये

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बुनकर केवल परंपरा के संवाहक नहीं, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था के सशक्त आधार हैं। ऐसे में उनकी आय, सम्मान और आजीविका की स्थिरता सुनिश्चित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बुनकरों के सामने कच्चे माल की बढ़ती लागत, डिजाइन और आधुनिक तकनीक का अभाव तथा सीमित बाजार पहुंच जैसी चुनौतियां हैं। इन समस्याओं का समाधान केवल योजनागत सहायता से नहीं, बल्कि एक सुदृढ़ एवं समन्वित तंत्र विकसित कर ही संभव है। मुख्यमंत्री ने इस दिशा में परिणामोन्मुख, क्लस्टर-आधारित नई कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

गुरुवार को हथकरघा विभाग की समीक्षा बैठक में अवगत कराया गया कि प्रदेश में लगभग 1.99 लाख बुनकर कार्यरत हैं और उत्तर प्रदेश इस क्षेत्र में देश में छठवें स्थान पर है। कालीन, दरी एवं मैट के उत्पादन में प्रदेश अग्रणी है, जबकि बेडशीट, फर्निशिंग और ब्लैंकेट जैसे उत्पादों में भी राज्य की मजबूत उपस्थिति है। वर्ष 2024-25 में देश का कुल हथकरघा निर्यात 1178.93 करोड़ रुपये रहा, जिसमें उत्तर प्रदेश का योगदान 109.40 करोड़ रुपये (लगभग 9.27 प्रतिशत) रहा।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि बुनकर बहुल क्षेत्रों की पहचान कर वहां क्लस्टर विकसित किए जाएं, ताकि उत्पादन, गुणवत्ता और विपणन को एकीकृत किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि ये क्लस्टर केवल उत्पादन तक सीमित न रहकर पूर्ण वैल्यू चेन के रूप में



विकसित हों, जहां डिजाइन, ब्रांडिंग, पैकेजिंग और बाजार तक पहुंच एक ही ढांचे में सुनिश्चित हो। बैठक में क्लस्टर चयन, बेसलाइन सर्वे, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने, प्रभावी क्रियान्वयन तथा सतत अनुश्रवण जैसे पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक क्लस्टर में सीमित संख्या में बुनकरों को संगठित कर पंजीकृत इकाइयों के रूप में विकसित किया जाए, जिससे सामूहिक उत्पादन और विपणन को बढ़ावा मिले। साथ ही, इन क्लस्टरों को आधुनिक तकनीक, उन्नत उपकरणों और कौशल प्रशिक्षण से जोड़ा जाए, ताकि उत्पादों की गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार हो। डिजाइन और विपणन को सुदृढ़ बनाने पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्पाद की सफलता बाजार की मांग के अनुरूप होने पर ही संभव है। उन्होंने ह्यडिजाइनर-कम-मार्केटिंग एग्जीक्यूटिवह्ण तथा ह्यडिजाइन हाउस/सोर्सिंग-बाइंग एजेंसी/एक्सपोर्ट हाउसह्ण जैसे संस्थागत तंत्र को प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए। इससे उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार, बड़े बाजारों तक पहुंच और बुनकरों की आय में वृद्धि सुनिश्चित होगी। मुख्यमंत्री ने डिजिटल प्लेटफॉर्म, ई-कॉमर्स और ब्रांडिंग के विस्तार पर विशेष ध्यान देने को कहा, ताकि बुनकरों को सीधे उपभोक्ताओं से जोड़ा जा सके। बैठक में मुख्यमंत्री ने पॉवरलूम बुनकरों के विद्युत बिल में कमी लाने के लिए बेहतर प्रयासों की जरूरत भी बताई।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर इस संबंध में हतकरघा विभाग और पॉवर कॉर्पोरेशन मिलकर कार्ययोजना तैयार करेंगे। मुख्यमंत्री ने सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने पर विशेष बल देते हुए कहा कि इससे बुनकरों की विद्युत लागत में कमी आएगी और उन्हें दीर्घकालिक राहत मिलेगी। उन्होंने इस दिशा में प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश का बुनकर समुदाय राज्य की समृद्ध परंपरा, रोजगार और अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। अतः ऐसी संतुलित, पारदर्शी और व्यावहारिक नीति तैयार की जाए, जिससे बुनकरों को वास्तविक राहत मिले, उद्योग को नई गति मिले और प्रदेश की पारंपरिक बुनकरी को सशक्त आधार प्राप्त हो सके। बैठक में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान की उपस्थिति रही।

# डिप्टी सीएम व कृषि मंत्री ने आपदा प्रभावित जनपदों का किया हवाई सर्वेक्षण

**लखनऊ।** प्रदेश में इस सप्ताह आई असामयिक वर्षा, तेज हवाओं और चक्रवात के कारण किसानों की फसलों को हुए भारी नुकसान का जायजा लेने के लिए राज्य सरकार ने त्वरित कदम उठाए हैं। इसी क्रम में प्रदेश के माननीय उप मुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक और माननीय कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही ने आपदा से सर्वाधिक प्रभावित विभिन्न जनपदों का सघन हवाई सर्वेक्षण किया। संकट की इस घड़ी में राज्य सरकार पूरी तरह से किसानों के साथ खड़ी है और उन्हें हर संभव आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

माननीय उप मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री द्वारा बाराबंकी, अयोध्या, अंबेडकरनगर, आजमगढ़, अमेठी, सुल्तानपुर, फतेहपुर, उन्नाव तथा लखनऊ जनपदों का हवाई सर्वेक्षण किया गया। इस दौरान स्पष्ट किया गया कि माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए कटिबद्ध है। फसल नुकसान की वास्तविक स्थिति का आकलन करने और किसानों को तत्काल राहत पहुंचाने के उद्देश्य से इन सभी जनपदों के जिला प्रशासन को विस्तृत सर्वेक्षण करने के सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। हवाई सर्वेक्षण के उपरांत आजमगढ़ तथा फतेहपुर जनपदों में स्थिति की जमीनी



हकीकत परखने के लिए महत्वपूर्ण समीक्षा बैठकें भी आयोजित की गईं। इन बैठकों में संबंधित जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, उप निदेशक कृषि और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान फसल सर्वेक्षण कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की गई और सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे पूरी तत्परता के साथ आपदा प्रभावित किसानों की फसलों का सर्वेक्षण कार्य शीघ्र अति शीघ्र पूर्ण कर शासन को अपनी विस्तृत आख्या प्रेषित करें, ताकि प्रभावित अन्नदाताओं को अविलंब राहत राशि उपलब्ध कराई जा सके।

# रोटरी क्लब ऑफ कानपुर के प्रतिनिधिमंडल ने देखी विधानसभा की कार्यप्रणाली

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कानपुर से आए रोटरी क्लब ऑफ कानपुर के अध्यक्ष रो. गौरव अग्रवाल जैन के नेतृत्व में 25 सदस्यों के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को विधानसभा का भ्रमण किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा की कार्यप्रणाली, विधायी प्रक्रियाओं एवं जनहित से जुड़े विषयों के संचालन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने प्रतिनिधिमंडल का आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें सदन की परंपराओं, नियमों एवं



कार्य संचालन की प्रक्रियाओं से अवगत कराया। उन्होंने लोकतांत्रिक व्यवस्था में विधानसभा की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि यह जनता की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाने का सर्वोच्च मंच है।

साथ ही उन्होंने सामाजिक संगठनों एवं युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। वार्ता के दौरान प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कहा कि यहां आने से पहले उनकी धारणा कुछ भिन्न थी, किंतु भ्रमण के उपरांत विधानसभा के प्रति उनकी सोच सकारात्मक रूप से परिवर्तित हुई। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने सुझाव दिया कि वे यहां से लौटने के बाद आमजन के बीच विधानसभा की कार्यप्रणाली और महत्व की जानकारी साझा करें, ताकि समाज में व्याप्त भ्रांतियां दूर हो सकें। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने इस भ्रमण को अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताते हुए विधानसभा अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस अनुभव से उन्हें शासन व्यवस्था और निर्णय प्रक्रिया को समझने का अवसर मिला, जिससे वे समाज में जागरूकता फैलाने में और अधिक सक्रिय भूमिका निभा सकेंगे।

कार्यक्रम के अंत में प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा अध्यक्ष को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा भविष्य में भी ऐसे उपयोगी एवं प्रेरणादायक कार्यक्रमों के आयोजन की अपेक्षा व्यक्त की।

# खेत एक फसल अनेक की तकनीकी अपनायें किसान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में विकसित कृषि विकसित भारत @2047 के लिये कृषि में परिवर्तन विषय पर आयोजित छठवीं उत्तर प्रदेश कृषि विज्ञान कांग्रेस के दूसरे दिन सात विभिन्न तकनीकी सत्रों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इन सत्रों में कृषि वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, कृषि व्यापार के स्थान पर कृषि व्यवसाय को विकसित करने तथा युवाओं को नौकरी के बजाय उद्यमिता की ओर प्रेरित करने पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही कृषि में मार्केटिंग, वैल्यू एडिशन और पैकेजिंग पर विशेष ध्यान देने तथा खेत एक फसल अनेक के सिद्धांत को अपनाने पर जोर दिया गया।

तकनीकी सत्रों में जलवायु सहिष्णु फसलों की किस्मों के विकास हेतु एकीकृत तकनीक, जैविक तनाव प्रबंधन, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, फार्म मशीनीकरण, शुष्क क्षेत्रों के छोटे किसानों के लिए नवीन बीज प्रणाली, द्वितीयक कृषि, मूल्य संवर्धन, पोषण सुरक्षा और खाद्य ट्रेसिबिलिटी जैसे



- खेती की नई चुनौतियों पर वैज्ञानिकों का मंथन, प्राकृतिक खेती व वैल्यू एडिशन पर जोर
- उ.प्र. कृषि विज्ञान कांग्रेस के दूसरे दिन सात तकनीकी सत्र आयोजित

महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों ने विचार साझा किए। वैज्ञानिकों ने कहा कि अगली पीढ़ी की तकनीकों के माध्यम से कृषि को अधिक उत्पादक, सुरक्षित, पूवार्नुमानित और लाभकारी बनाया जा सकता है। विशेषज्ञों ने गन्ना आधारित बहुफसली प्रणाली अपनाने पर जोर देते हुए प्राकृतिक एवं जैविक खेती के अंतर्गत गन्ने के साथ हल्दी, मूंग, काली मिर्च और अजवाइन की अंतःफसल को लाभकारी बताया। मृदा स्वास्थ्य सुधारने, कार्बनिक कार्बन पुनर्जीवित करने तथा उत्पादकता बढ़ाने के लिए जैव-उर्वरक आधारित समेकित पोषक तत्व प्रबंधन, अवशेष प्रबंधन और फसल प्रणाली में विविधता अपनाने की संस्तुति की गई।

साथ ही कार्बन क्रेडिट का लाभ लेने के लिए मॉनिटरिंग, रिपोर्टिंग और सत्यापन प्रणाली विकसित करने तथा भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप अनुसंधान कार्य प्रारंभ करने पर भी बल दिया गया। कृषि उत्पादकता के साथ पोषण सुरक्षा पर जोर देते हुए विशेषज्ञों ने बच्चों में कुपोषण दूर करने के लिए बेबी फूड मिक्स में बीटा कैरोटीन युक्त निर्जलित गाजर पाउडर, फ्रीज-ड्राइड आम पाउडर और अमरूद पाउडर मिलाने की सलाह दी। आयरन की पूर्ति के लिए आंवला कैंडी, मैंगो बार और जामुन बार को बढ़ावा देने की बात कही गई।

बुंदेलखंड क्षेत्र में करौंदा आधारित प्रसंस्कृत उत्पाद विकसित करने, किनोवा उत्पादन को बढ़ावा देने, जलवायु सहिष्णु स्थानीय धान किस्मों के संरक्षण और जीनोटाइपिंग आधारित जीन बैंक प्रबंधन पर भी जोर दिया गया। विशेषज्ञों ने जलवायु सहनशील एवं स्थान-विशिष्ट समेकित कृषि प्रणालियों के विस्तार, लवण प्रभावित मृदा सुधार के लिए सूक्ष्मजीव आधारित तकनीकों के उपयोग तथा पुनयोर्जी कृषि को बढ़ावा देने को समय की आवश्यकता बताया। उनका मत था कि इन उपायों से सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के साथ किसानों की आय और कृषि की लाभप्रदता में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है।

# कानपुर की प्राचीन पांडुलिपियां होंगी डिजिटल

विशेष संवाददाता (vol)

- मंदिरों, मठों और निजी संग्रहों में सुरक्षित पांडुलिपियों का होगा डिजिटलीकरण
- ज्ञान भारतम मोबाइल एप से होगा सर्वे, जीपीएस आधारित डाटा संग्रह

**लखनऊ/कानपुर।** उत्तर प्रदेश में भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण और उसे वैश्विक स्तर पर पहुंचाने के उद्देश्य से ज्ञान भारतम्‌ मिशन को योगी सरकार ने मिशन मोड में आगे बढ़ाना शुरू कर दिया है।

इसी क्रम में कानपुर नगर में जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय समिति की बैठक आयोजित कर प्राचीन पांडुलिपियों के सर्वेक्षण, दस्तावेजीकरण और डिजिटलीकरण की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। बैठक में बताया गया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों की तरह कानपुर में भी मंदिरों, मठों, आश्रमों, संस्कृत पाठशालाओं, पुस्तकालयों और निजी संग्रहों में सदियों पुरानी पांडुलिपियां सुरक्षित हैं। इन पांडुलिपियों में धर्म, दर्शन, आयुर्वेद, ज्योतिष, इतिहास और साहित्य से जुड़ा बहुमूल्य ज्ञान निहित है, जिसे अब आधुनिक तकनीक के माध्यम से सुरक्षित किया जाएगा।

इस अभियान के तहत ज्ञान भारतम ऐप की मदद से सर्वेक्षण कार्य किया जाएगा। सर्वे टीम पांडुलिपियों की पहचान कर उनका जीपीएस लोकेशन, फोटोग्राफ, संख्या और वर्तमान स्थिति का विवरण ऐप में अपलोड करेगी। इसके बाद संस्कृति विभाग की विशेषज्ञ टीम इन पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण सुनिश्चित करेगी। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि यह पहल केवल धरोहर संरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि भारतीय ज्ञान परंपरा को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़कर नई पीढ़ी और वैश्विक शोध समुदाय तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम भी है। डिजिटल रूप में उपलब्ध होने के बाद देश-विदेश के शोधकर्ता, विद्यार्थी और अध्येता इन पांडुलिपियों का अध्ययन कर सकेंगे। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि पांडुलिपियों का स्वामित्व मूल संग्रहकताओं के पास ही सुरक्षित रहेगा। प्रशासन और संस्कृति विभाग केवल उनके डिजिटलीकरण और दस्तावेजीकरण की प्रक्रिया पूरी करेंगे, जिससे धरोहर संरक्षित रहते हुए ज्ञान का व्यापक प्रसार संभव हो सके। योगी सरकार की यह पहल प्रदेश में सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण के साथ-साथ ज्ञान आधारित समाज के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन, पर्यटन अधिकारी अर्जिता ओझा, एडीआईओएस प्रशांत द्विवेदी, धर्मप्रकाश गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# यूपी को आध्यात्मिक राजधानी बनाने के लक्ष्य में बौद्ध सर्किट बनेगा आधार

विशेष संवाददाता (vol)

- इंटरनेशनल बौद्ध कॉन्क्लेव ने कुशीनगर में दिखाई असीम संभावनाओं की राह
- तीन हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव से बौद्ध पर्यटन केंद्रों में जुड़ेंगे कई ऐतिहासिक अध्याय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को विश्व की आध्यात्मिक राजधानी के रूप में स्थापित करने की योगी सरकार की आकांक्षा में बौद्ध सर्किट एक महत्वपूर्ण पड़ाव बनने जा रहा है। सारनाथ से कुशीनगर और श्रावस्ती से कपिलवस्तु तक फैला यह आध्यात्मिक गलियारा अब केवल धार्मिक आस्था का केंद्र नहीं रहा, यह वैश्विक पर्यटन, निवेश और सांस्कृतिक कूटनीति का एक शक्तिशाली माध्यम बन रहा है। हाल ही में कुशीनगर में संपन्न हुए इंटरनेशनल बौद्ध कॉन्क्लेव ने इस दिशा में एक नया अध्याय जोड़ा है जिसने इन केंद्रों पर वैश्विक निवेश के दरवाजे खोले हैं जो उत्तर प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होंगे।

उत्तर प्रदेश का बौद्ध सर्किट लगातार मजबूत हो रहा है और इसके आंकड़े स्वयं इसकी कहानी कह रहे हैं। वर्ष 2025 में प्रदेश के छह प्रमुख बौद्ध स्थलों सारनाथ, कुशीनगर, श्रावस्ती, कौशाम्बी, संकिसा और कपिलवस्तु पर 82 लाख से अधिक पर्यटकों का आगमन हुआ। यह संख्या बताती है कि विश्वभर के बौद्ध अनुयायी और पर्यटकों की दृष्टि में अब उत्तर प्रदेश की पहचान एक अनिवार्य आध्यात्मिक गंतव्य के रूप में उभरी है। इन स्थलों को आधुनिक सुविधाओं, बेहतर सड़क और हवाई कनेक्टिविटी, डिजिटल गाइडेंस और अंतरराष्ट्रीय स्तर की पर्यटन सेवाओं से जोड़ा जा रहा है, ताकि विदेशी पर्यटकों के लिए अनुभव को सहज और आकर्षक बनाया जा सके। बौद्ध सर्किट स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई गति दे रहा है। होटल उद्योग, परिवहन सेवाएं, टूर गाइड, हस्तशिल्प और स्थानीय उत्पादों के लिए नए अवसर पैदा हो रहे हैं। कुछ दिनों पहले हुए इंटरनेशनल बौद्ध कॉन्क्लेव ने कुशीनगर को एक बार फिर विश्व के आध्यात्मिक मानचित्र पर केंद्र में ला खड़ा किया है। इस भव्य आयोजन में 2,300 से अधिक बौद्ध श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जबकि थाईलैंड, जापान, म्यांमार, भूटान और नेपाल से आये विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों ने इसे वास्तविक अर्थों में अंतर्राष्ट्रीय स्वरूप प्रदान किया। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह रही कि कॉन्क्लेव के दौरान 3,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए।

यह आंकड़ा सिद्ध करता है कि बौद्ध सर्किट केवल श्रद्धा की धरती ही नहीं, बल्कि निवेश और विकास की उर्वर भूमि भी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के धार्मिक पर्यटन के विजन से उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था निरंतर मजबूती की ओर अग्रसर है। पर्यटन विभाग के ह्यविकसित उत्तर प्रदेश@2047 का रोडमैप इसे और विस्तार देगा जिसमें बौद्ध सर्किट की भी बड़ा योगदान होगा।

# महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती को कांग्रेस भव्य तरीके से मनायेगी : अनिल

- जाति जनगणना करते समय कच्चा मकान, पक्का मकान सहित सभी पहलुओं की गणना हो

**लखनऊ।** कांग्रेस ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जयहिंद ने कहा कि महात्मा फुले की जयंती को कांग्रेस भव्य तरीके से मनाएगी। महिलाओं को आरक्षण दिलाने के लिए संघर्ष किया जाएगा। पत्रकारों से बातचीत करते हुए अनिल जयहिंद ने कहा कि ग्राउंड लेवल पर आरक्षण को लेकर जागरूक किया जाएगा। हम चाहते हैं कि जनगणना में तेलंगाना का मॉडल अपनाया जाए। विभिन्न संगठनों से राय लेकर गणना की जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से कराई जा रही जनगणना में कई खामियां हैं। जाति जनगणना करते समय कच्चा मकान, पक्का मकान सहित सभी पहलुओं की गणना हो। उन्होंने कहा कि ज्योतिबा फुले ने सामाजिक न्याय की लड़ाई की शुरूआत की। उन्होंने समता और शिक्षा के द्वार खोले। डॉ आंबेडकर भी कहते थे कि ज्योतिबा फुले ने शिक्षा की मशाल जलाई। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होने वाले फुले जयंती समारोह में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, तेलंगाना के मंत्री पोन्नम प्रभाकर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, पूर्व अध्यक्ष राज बब्बर, इमरान प्रतापगढ़ी, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सहित अन्य नेता मौजूद रहेंगे।

# एसआईआर में नकली हस्ताक्षर से वोट कटवाये जा रहे : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा का राजनीतिक चरित्र जनविरोधी है। लोकतंत्र के साथ धोखा करती है। भाजपा राज में प्रदेश की पुलिस-व्यवस्था चौपट है। कानून का राज नहीं है। अस्पतालों की हालत खराब है। गरीबों को इलाज नहीं मिल रहा है।

बृहस्पतिवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में आये कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में 2024 लोकसभा चुनाव से ज्यादा सावधानी बरतना है। भाजपा की साजिश से सावधान रहना है। जनता बदलाव चाहती है। भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए जनता की



तैयारी है। जनता समाजवादी पार्टी की सरकार बनाना चाहती है। सरकार बनाने के लिए सभी को मिलकर सावधानी से काम करना है। उन्होंने कहा कि एसआईआर में नकली हस्ताक्षर से वोट कटवाए जा रहे थे।

श्री यादव ने कहा कि कार्यकर्ता और नेता बूथ पर जाएं। लोगों को भाजपा सरकार की नाकामियों को बताएं। इस सरकार ने कन्नौज काऊ मिल्क प्लांट बंद कर दिया। यह सरकार नया कुछ नहीं बना सकती है। समाजवादी सरकार ने प्रदेश का एक्सप्रेस-वे से परिचय कराया। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे जैसी विश्वस्तरीय सड़क बनाने का काम किया।

संक्षेप

## महिला की पिटाई को लेकर चार के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस

प्रतापगढ़। महुआ के नुकसान को लेकर हुए विवाद में पीड़िता के साथ मारपीट व गालीगलौज की लेकर सांगीपुर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओ में केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के दखिनहन का पुरवा पहाड़पुर निवासिनी प्रतीक्षा यादव पत्नी विनोद यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सात अप्रैल को वह दरवाजे पर महुआ सुखा रही थी। इस बीच गांव के वीर प्रताप यादव पुत्र शंभुनाथ की भैंस महुआ खाने लगी। नुकसान को लेकर पीड़िता ने शिकायत किया तो आरोपी ने अपने घर से कुछ सदस्यों को बुलवा लिया। इसके बाद आरोपी वीर प्रताप तथा लवलेश पुत्र शंभुनाथ व मोनी पुत्री शंभु नाथ तथा रानी पत्नी उमेश ने गालीगलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़िता को मारापीटा। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर सौंपी। सांगीपुर एसओ गौरव त्रिवेदी का कहना है कि केस दर्ज किया गया है। शीघ्र ही आरोपियो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## युवती के अपहरण को लेकर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज

प्रतापगढ़। दवा लेने घर से निकली युवती के लापता होने को लेकर सांगीपुर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के देवीगढ़ नेवादा निवासिनी कमला देवी पत्नी राम मनोहर सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसकी पचीस वषीर्या पुत्री बीती तीन अप्रैल को दवा लेने के लिए घर से निकली। पुत्री के देर रात तक वापस न आने पर परिजन अप्रिय घटना की आशंका में परेशान हो उठे। इसके बाद पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर के आधार पर सांगीपुर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ युवती के अपहरण का केस दर्ज किया है। एसओ सांगीपुर गौरव त्रिवेदी का कहना है कि किशोरी के फोन को सर्विलांस पर लेकर शीघ्र उसका पता लगाया जाएगा।

## वकीलों के लिए स्वास्थ्य बीमा के नीतिगत निर्देश को लेकर जतायी खुशी

प्रतापगढ़। हाईकोर्ट के प्रयागराज के डबल बेंच द्वारा हाल ही में प्रदेश के वकीलों के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य बीमा को लेकर सरकार को दिये गये नीतिगत निर्देश को लेकर यहां वकीलों में खुशी देखी गयी। गुरूवार को यहां हुई आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन की बैठक में हाईकोर्ट के निर्णय को स्वागत योग्य करार दिया गया। एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि हाईकोर्ट के द्वारा प्रदेश के सभी अधिवक्ताओं के लिए सरकार को अनिवार्य एवं व्यापक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य बीमा तैयार किये जाने का यह आदेश न्यायिक मिशन को स्वस्थ वातावरण दे सकेगा। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार ने राज्य कर्मचारियों और सभी संवर्ग के शिक्षकों को कैशलेस बीमा प्रदान किया है। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएसन के महासचिव अनिल तिवारी महेश व संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता सत्येन्द्र श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर विपिन शुक्ल, संतोष पाण्डेय, शिव नारायण शुक्ल, सिंटू मिश्र, पारसनाथ सरोज, ओपी जायसवाल, इरफान हुसैन, रामकिंकर शुक्ल आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# अग्निकांड से 4 परिवार तबाह

## महमूदाबाद के बनियनपुरवा में आग का तांडव, लाखों का नुकसान

सीतापुर। महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बनियनपुरवा (बिलासपुर कला) में गुरुवार शाम करीब 4 बजे भीषण अग्निकांड ने चार परिवारों को पूरी तरह उजाड़ दिया। अज्ञात कारणों से लगी आग ने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते झोपड़ियां धू-धू कर जल उठीं। इस भयावह आग में रामहित यादव, भोला, अमर सिंह और रिंकू की कुल चार झोपड़ियां और चार पशु बाड़े जलकर पूरी तरह राख हो गए। आग की चपेट में आकर एक मोटरसाइकिल भी जलकर खाक हो गई। आग इतनी तेज थी कि लोगों को संभलने तक का मौका नहीं मिला। हादसे में माया देवी को सबसे बड़ा झटका लगा। उनकी बेटी की शादी के लिए लिप्टिस बेचकर रखे गए करीब एक लाख रुपये नकद भी आग में जलकर राख हो गए, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। हालांकि गनीमत रही कि इस भीषण हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन एक गाय, एक पड़िया, दो बछिया और एक बछड़ा झुलस गए। सभी घायल पशुओं का उपचार पशु चिकित्सकों द्वारा कराया जा रहा है। सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंच गया। तहसीलदार अनिल कुमार राम और नायब तहसीलदार राकेश द्विवेदी ने घटनास्थल का जायजा लिया और पीड़ितों को तत्काल राहत सामग्री उपलब्ध कराई। प्रशासन की ओर से तिरपाल, गद्दे, बिस्कुट और केले वितरित किए गए, साथ ही रात के भोजन की व्यवस्था भी कराई गई। प्रशासन ने आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है। इस दर्दनाक घटना के बाद पूरे गांव में दहशत और मातम का माहौल है।

## बिना सत्यापन भुगतान पर बीडीओ को फटकार, जेई- एडीपीओ पर भी कार्रवाई

सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने गुरुवार को लहरपुर खंड विकास कार्यालय का औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। निरीक्षण के दौरान कई गंभीर खामियां मिलने पर डीएम ने सख्त रुख अपनाते हुए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। सबसे बड़ी कार्रवाई मातृ सुरक्षा केंद्र के निर्माण कार्य में धीमी प्रगति को लेकर हुई, जहां संबंधित जेई का वेतन रोकने के आदेश दिए गए। वहीं बिना भौतिक सत्यापन के भुगतान किए जाने पर डीएम ने बीडीओ शैलेन्द्र सिंह को जमकर फटकार लगाई और लेखाकार व बीडीओ दोनों के खिलाफ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान शिकायत रजिस्टर की भी जांच की गई। डीएम ने खुद शिकायतकर्ताओं को फोन कर निस्तारण की हकीकत जानी, जिससे कई मामलों में लापरवाही उजागर हुई। स्थापना पटल पर सेवा पुस्तिकाओं और वेतन वृद्धि से जुड़े अभिलेखों की भी गहन जांच की गई। एडीपीओ के मास्टर रजिस्टर में खामियां मिलने पर उनका वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। वहीं मनरेगा के एफटीओ रजिस्टर में गड़बड़ी पर एपीओ को नोटिस और पीओ को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के आदेश दिए गए। एनआरएलएम कक्ष में स्वयं सहायता समूहों के रजिस्टर अधूरे पाए गए, जिस पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी अभिलेख अद्यतन रखे जाएं, कार्यों का भौतिक सत्यापन अनिवार्य रूप से किया जाए।

# खेसरहा थाने में पीस कमेटी की बैठक



सिद्धार्थनगर- थाना खेसरहा में आगामी डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। शाम 4:00 बजे से 5:30 बजे तक चली इस बैठक में क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने पर विस्तृत चर्चा हुई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के आदेश पर यह बैठक अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेन्दु सिंह के पर्यवेक्षण में संपन्न हुई। थाना खेसरहा के थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र भी बैठक में विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में अम्बेडकर जयंती पर जुलूस निकालने वाले आयोजकों, डीजे संचालकों, ग्राम प्रधानों, संभ्रांत नागरिकों और धर्म गुरुओं को आमंत्रित किया गया था। पुलिस अधिकारियों ने सभी से आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र ने स्पष्ट किया कि जयंती के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आयोजकों को जुलूस के निर्धारित मार्ग और समय का पालन करने तथा ध्वनि प्रदूषण संबंधी नियमों का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। पुलिस अधिकारियों ने उपस्थित लोगों को शासन और उच्चाधिकारियों द्वारा जारी दिशा-निर्देशों से अवगत कराया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। उन्होंने अम्बेडकर जयंती को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का संकल्प लिया।

# वार्षिकोत्सव में छात्राओं ने दी मनमोहक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां, बंधी समां



प्रतापगढ़। सराय जानमती स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में हुए वार्षिकोत्सव में छात्राओं ने राष्ट्रीयतापरक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी सुरेश सिंह तथा वार्डेन वंदना पाण्डेय द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथि बीईओ सुरेश सिंह ने कहा कि छात्राओं को बेहतर शिक्षा के जरिए आत्मनिर्भरता प्रदान कर सामाजिक सरोकार को मजबूत बनाया जा सकता है। वार्डेन वंदना पाण्डेय ने शैक्षिक प्रगति आख्या प्रस्तुत की। छात्रा अदिति, नंदिनी, राधिका, शशी, शगुन, अंतिमा आदि द्वारा मां सरस्वती की वंदना व स्वागत गीत तथा भाव नृत्य के साथ राष्ट्रीय एकता पर आधारित कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गयी। संचालन पूनम मिश्रा व शालिनी मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर सादमा सिददीकी, दीपमाला गौड, अनामिका वर्मा, कामना उपाध्याय, प्रज्ञा मिश्रा, नेहा, हरिमोहन यादव आदि रहे।

# आगजनी से निपटने के लिए किया गया जागरूक, बताये गये गुर



प्रतापगढ़। सगरा सुन्दरपुर स्थित रामकृपाल मिश्र इण्टर कालेज और चिल्डेज्न पैराडाइज स्कूल के छात्र छात्राओं को गुरूवार को अग्नि से बचाव का गुर सिखलाया गया। लालगंज की फायर बिग्रेड टीम के द्वारा आपदा प्रबंधन के तहत छात्र छात्राओं को मॉक ड्रिल परीक्षण के जरिए बचाव की जानकारियां प्रदान की गयी। स्टेशन प्रभारी सुरेन्द्र प्रसाद मिश्र व राहुल तिवारी तथा अमन मिश्र की टीम ने आग लगने की स्थिति में इसे बुझाने तथा आकस्मिक बचाव के लिए प्रशिक्षित किया गया। वहीं गैस सिलेण्डर में अचानक आगजनी की स्थिति में इसके फैलाव पर भी काबू पाने का गुर बताया गया। कार्यक्रम का संयोजन प्रधानाचार्य विकास मिश्र ने किया। इस मौके पर ध्रुव नारायण मिश्र, सूर्यभान वर्मा, सुचिता त्रिपाठी, समशाद अहमद, रोहित यादव, शेखर शुक्ला, निशाद फातिमा, संजू तिवारी, दिव्या तिवारी, शिव नारायण गुप्ता आदि रहे।

# गांव चलो अभियान में विधायक ने किया जनसंवाद




जिला संवाददाता

श्रावस्ती। भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के पावन एवं ऐतिहासिक अवसर पर गांव चलो अभियान के अंतर्गत जनचहेते विधायक रामफेरन पाण्डेय ने इकौना मंडल के बूथ संख्या 319, ग्राम पंचायत सोनराई में सघन जनसंपर्क अभियान संचालित किया। इस दौरान उन्होंने घर-घर पहुंचकर आमजन से आत्मीय संवाद स्थापित किया तथा केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी एवं लोकहितकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाई। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने कहा कि सरकार का उद्देश्य अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाना है। उन्होंने ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं जैसे किसान कल्याण, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य सेवाओं एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रति जागरूक करते हुए अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। साथ ही लाभार्थियों से संवाद कर योजनाओं की जमीनी हकीकत का भी अवलोकन किया। अभियान में उपस्थित ग्रामीणों ने सरकार की योजनाओं के प्रति संतोष व्यक्त करते हुए अपने अनुभव साझा किए। विधायक ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य सरकार और समाज के बीच सशक्त संवाद स्थापित करना तथा विकास की मुख्यधारा में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता सुनिश्चित करना रहा। इस अवसर पर ग्राम संयोजक सुरेश शुक्ला, मंडल अध्यक्ष इकौना सतराम विश्वकर्मा, भाजपा श्रावस्ती के जिला उपाध्यक्ष सतीश कुमार जायसवाल, मंडल महामंत्री अवनेंद्र गुप्ता, मंडल महामंत्री रामकुमार शुक्ला, बूथ अध्यक्ष उमाशंकर शुक्ल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं पार्टी कार्यकर्ता उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे।

# कंपोजिट विद्यालय बनकटा में अव्यवस्था

## शिक्षिका पर लापरवाही के गंभीर आरोप




सिद्धार्थनगर। जिले के मिठवल ब्लॉक अंतर्गत बनकटा ग्राम पंचायत स्थित कंपोजिट विद्यालय बनकटा एक बार फिर सुर्खियों में है। गांव के निवासी गंगा सागर पाठक ने विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती भारती भूषण पर गंभीर आरोप लगाते हुए जिला प्रशासन से जांच और कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता के अनुसार, संबंधित शिक्षिका अक्सर विद्यालय से अनुपस्थित रहती हैं और कथित तौर पर फर्जी मेडिकल प्रमाण पत्र के सहारे अपनी गैरहाजिरी को छिपाती हैं। उनका कहना है कि शिक्षिका की लगातार अनुपस्थिति के कारण विद्यालय में पठन-पाठन कार्य प्रभावित हो रहा है, जिससे बच्चों की शिक्षा पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। गंगा सागर पाठक ने यह भी आरोप लगाया कि विद्यालय में प्रधानाध्यापक का पद खाली होने के कारण सरकार की महत्वाकांक्षी मध्यान्ह भोजन योजना पूरी तरह ठप पड़ी है। इसके साथ ही विद्यालय के प्रशासनिक और वित्तीय कार्यों में भी अनियमितताएं बनी हुई हैं। उनका कहना है कि जिम्मेदारों द्वारा पदभार ग्रहण करने में भी अनावश्यक टालमटोल की जा रही है, जो शासनादेश का उल्लंघन है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिलाधिकारी को लिखित शिकायत दी थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि शिक्षा विभाग के कुछ अधिकारी मामले को दबाने का प्रयास कर रहे हैं। गांव के लोगों में इस स्थिति को लेकर आक्रोश है और उन्होंने मांग की है कि मामले की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि विद्यालय की व्यवस्था में सुधार हो सके और बच्चों का भविष्य सुरक्षित रह सके।

# जनता दर्शन में एसपी ने सुनी जनमानस की पीड़ा



श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। इस दौरान जमीनी विवाद, मारपीट, पारिवारिक विवाद, रुपए के लेनदेन सहित विभिन्न प्रकार के प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। प्रत्येक प्रकरण पर गहनता से विचार करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। जनता दर्शन के माध्यम से पुलिस प्रशासन और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित कर त्वरित न्याय व्यवस्था को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है।

# नाबालिग से दुष्कर्म के दो दोषी को सजा

## अदालत ने 7-7 साल की कारावास की सजा सुनाई

सिद्धार्थनगर- जनपद में नाबालिग से दुष्कर्म के एक मामले में न्यायालय ने दो आरोपियों को दोषी ठहराते हुए कठोर सजा सुनाई है। अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) वीरेन्द्र कुमार की अदालत ने 9 अप्रैल गुरुवार को यह फैसला सुनाया। यह प्रकरण थाना मिश्रौलिया क्षेत्र से संबंधित है, जहां वर्ष 2016 में मामला दर्ज किया गया था। सुनवाई भारतीय दंड संहिता की धारा 376/34, 504 और पॉक्सो एक्ट की धाराओं के तहत चल रही थी। अदालत ने अभियुक्त कमलेश गुप्ता उर्फ बाधे पुत्र रामानंद और रम्भा पत्नी गंगाराम, निवासी चेतिया, थाना मिश्रौलिया को दोषी पाया। दोनों को नाबालिग से दुष्कर्म के अपराध में 7-7 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक दोषी पर 10,000 का अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में उन्हें अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। इस मामले में अभियोजन पक्ष को न्यायालय में प्रभावी पैरवी और साक्ष्यों के सुदृढ़ प्रस्तुतीकरण के कारण सफलता मिली। अभियोजन की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता पवन कुमार पाठक ने मजबूती से पक्ष रखा। न्यायालय में पैरवी कर रहे मुख्य आरक्षी अमरजीत और संबंधित पुलिस टीम की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही। लंबे समय से लंबित इस प्रकरण में आया यह फैसला पीड़िता को न्याय दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पुलिस अधिकारियों ने कहा है कि ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई और प्रभावी पैरवी भविष्य में भी जारी रहेगी, ताकि अपराधियों को समयबद्ध सजा मिल सके और कानून का सम्मान सुनिश्चित किया जा सके।

## युवती ने एसपी कार्यालय परिसर में खाया जहर

देवरिया। देवरिया में कथित रूप से लंबे समय तक संबंध में रहने के बावजूद एक व्यक्ति द्वारा शादी करने से इनकार करने पर बृहस्पतिवार को एक युवती ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में जहरीला पदार्थ खा लिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, रामपुर कारखाना इलाके के एक युवक के साथ लंबे समय से संबंध में रह रही युवती (23) शादी की जिद कर रही थी लेकिन वह व्यक्ति विवाह का वादा करने के बावजूद लगभग एक साल से टाल-मटोल कर रहा था। युवती का आरोप है कि पुलिस से कई शिकायतें करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। सूत्रों के अनुसार बृहस्पतिवार को एक बार फिर वह अपनी शिकायत लेकर एसपी कार्यालय पहुंची और परिसर में ही कीटनाशक खा लिया। युवती की हालत बिगड़ने पर पुलिस कर्मियों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों ने कहा कि वह खतरे से बाहर है।

# महुलानी गांव में स्वच्छता मिशन फेल

- जाम नालियों से सड़कों पर बह रहा गंदा पानी



सिद्धार्थनगर- जनपद के खेसरहा विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत महुलानी में स्वच्छता मिशन विफल दिख रहा है। गांव की नालियां लंबे समय से जाम पड़ी हैं, जिससे गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। घरों के सामने कचरे का ढेर लगा है और पूरे गांव में बदबू फैल रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस गंदगी के कारण संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है। हालांकि, जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। गांव निवासी अखिलेश जायसवाल ने बताया कि नालियों की सफाई लंबे समय से नहीं हुई है। इसके चलते गंदा पानी घरों के सामने जमा हो जाता है, जिससे रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है। विनय जायसवाल के अनुसार, बदबू के कारण घर के बाहर बैठना मुश्किल हो गया है और मच्छरों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। सुमेश ने जानकारी दी कि कई बार शिकायत करने के बावजूद सफाई व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ रहा है। अशोक कनौजिया ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही नालियों की सफाई नहीं कराई गई तो गांव में गंभीर बीमारियां फैल सकती हैं। इस संबंध में गांव के प्रधान प्रतिनिधि हरिराम पांडे ने बताया कि पूरे गांव में केवल एक ही सफाई कर्मी तैनात है। गांव का क्षेत्रफल बड़ा होने के कारण एक साथ सभी जगह सफाई कर पाना संभव नहीं हो पा रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही नालियों की सफाई कराकर पानी का बहाव सुचारु कर दिया जाएगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से अतिरिक्त सफाई कर्मियों की तैनाती कर जल्द से जल्द गांव की साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है, ताकि उन्हें गंदगी और बीमारी के खतरे से राहत मिल सके।

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत् है:– **ई–निविदा सं.: NER-LJN-2026-57; कार्य का नाम:** NER-LJN डिवीजन:– Sr.DEN/HQ/LJN के अधिकार क्षेत्र में स्थित लेवल क्रॉसिंग सड़क की मरम्मत के माध्यम से; **अनुमानित लागत (₹):** ₹78,41,048.35; **अग्रिम धन (₹):** ₹1,56,900/-; **समापन अवधि:** 12 माह; **1.** उपरोक्त ई–निविदा संख्या **NER-LJN-2026-57** के लिए ई–निविदा दिनांक 29.04.2026 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई–निविदा खोली जायेंगी। **2.** उपरोक्त ई–निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से संबंधित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग
मुजाधि/डब्ल्यू–14 लखनऊ

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

# परीक्षाफल वितरण और भव्य विदाई समारोह संपन्न



इकौना श्रावस्ती। शिक्षा क्षेत्र इकौना के प्राथमिक विद्यालय नत्थापुरवा में बुधवार को कक्षा पांच के विद्यार्थियों हेतु वार्षिक उत्सव एवं विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आगंतुक अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर हर्ष व्यक्त किया। विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को स्नेहिल वातावरण में विदाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं कीं। समारोह के दौरान बच्चों के लिए स्वादिष्ट व्यंजन एवं मिष्ठान की समुचित व्यवस्था भी की गई थी। प्रधानाध्यापक मिथिलेश मिश्रा एवं एआरपी सौरभ रत्न पाण्डेय द्वारा कक्षा 5 उत्तीर्ण 51 छात्र-छात्राओं को अंकपत्र एवं स्थानांतरण प्रमाण पत्र वितरित कर उन्हें आगामी शैक्षिक जीवन के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जहां बच्चों के चेहरे पर प्रसन्नता स्पष्ट झलक रही थी। प्रधानाध्यापक मिथिलेश मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन हेतु ऐसे आयोजन समय-समय पर आवश्यक हैं, जिससे उनमें जागरूकता एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। वहीं एआरपी सौरभ रत्न पाण्डेय ने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है, जो बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर करती है। उन्होंने अभिभावकों से आगामी सत्र में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित कराने की अपील भी की। इस अवसर पर निकहत फातमा, बीनू राजपूत, सुधा देवी, सुमन देवी, कृष्ण देव सिंह सहित अनेक अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# महामाया कॉलेज में महिला जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



श्रावस्ती। शासन और उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश के निर्देश पर 09 अप्रैल 2026 को महामाया राजकीय महाविद्यालय, श्रावस्ती में ह्यमिशन शक्तिह्ण अभियान के तहत महिला जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान ह्यआर्थिक स्वावलंबनह्ण विषय पर एक संगोष्ठी हुई, जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. धर्मेन्द्र गुप्त ने की। प्राचार्य डॉ. गुप्त ने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होना बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि महिलाएं और छात्र-छात्राएं अपनी रुचि के अनुसार कौशल और योग्यता विकसित करके खुद को मजबूत बना सकते हैं। उन्होंने मेहनत, आत्मविश्वास और लगन को सफलता का आधार बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आशुतोष मिश्र ने किया। उन्होंने भी विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने और अपने कौशल को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. उपेन्द्र कुमार सोनी और डॉ. सत्य प्रकाश वर्मा भी मौजूद रहे। उन्होंने छात्रों को अच्छे भविष्य के लिए मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में 50 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और विषय से जुड़ी जानकारी प्राप्त की। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को जागरूक बनाना और उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए प्रेरित करना था, ताकि वे समाज में अपनी मजबूत भूमिका निभा सकें।

ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों की संचालन अवधि में वृद्धि

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियों की संचालन अवधि को निम्नानुसार बढ़ाने का निर्णय लिया गया है :-

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन से | स्टेशन तक | चलने के दिन | पूर्व अधिसूचित तिथि | विस्तार की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 09465 | अहमदाबाद जं. | दरभंगा जं. | साप्ताहिक - शुक्रवार | 27.03.2026 | 15.05.2026 से 26.06.2026 तक |
| 09466 | दरभंगा जं. | अहमदाबाद जं. | साप्ताहिक - सोमवार | 30.03.2026 | 18.05.2026 से 29.06.2026 तक |
| 09451 | गांधीधाम जं. | भागलपुर जं. | साप्ताहिक - शुक्रवार | 27.03.2026 | 15.05.2026 से 26.06.2026 तक |
| 09452 | भागलपुर जं. | गांधीधाम जं. | साप्ताहिक - सोमवार | 30.03.2026 | 18.05.2026 से 29.06.2026 तक |
| 09093 | उधना जं. | अयोध्या छावनी | साप्ताहिक - शुक्रवार | 27.03.2026 | 15.05.2026 से 31.07.2026 तक |
| 09094 | अयोध्या छावनी | उधना जं. | साप्ताहिक - शनिवार | 28.03.2026 | 16.05.2026 से 01.08.2026 तक |
| 09097 | उधना जं. | अयोध्या छावनी | साप्ताहिक - मंगलवार | 24.03.2026 | 19.05.2026 से 28.07.2026 तक |
| 09098 | अयोध्या छावनी | उधना जं. | साप्ताहिक - बुधवार | 25.03.2026 | 20.05.2026 से 29.07.2026 तक |
| 09189 | मुम्बई सेन्ट्रल | कटिहार जं. | साप्ताहिक - शनिवार | 28.03.2026 | 16.05.2026 से 25.07.2026 तक |
| 09190 | कटिहार जं. | मुम्बई सेन्ट्रल | साप्ताहिक - मंगलवार | 31.03.2026 | 19.05.2026 से 28.07.2026 तक |
| 09183 | मुम्बई सेन्ट्रल | बनारस | साप्ताहिक - बुधवार | 25.03.2026 | 20.05.2026 से 29.07.2026 तक |
| 09184 | बनारस | मुम्बई सेन्ट्रल | साप्ताहिक - शुक्रवार | 27.03.2026 | 22.05.2026 से 31.07.2026 तक |

नोट:– शेष जानकारी पूर्ववत् है

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले अन्य स्टेशनों की विस्तृत समय–सारणी और श्रेणियों की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in देखें अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें :- www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

1184/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कूड़े का पहाड़ नहीं, अब पिकनिक स्पॉट होगी एकला बांध की पहचान

## सीएम योगी के विजन को गोरखपुर नगर निगम ने किया साकार

घनश्याम कुमार

गोरखपुर। कूड़े का पहाड़ बन चुके जिस एकला बंधे को पर्यावरण के लिए खतरा मानते हुए एनजीटी (नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल) ने 3 करोड़ रुपये जुर्माना लगाने की तैयारी कर ली थी, वही स्थान अब शहर के नए पिकनिक स्पॉट के रूप में नजर आने लगा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गोरखपुर नगर निगम ने न केवल एकला बंधे के विशाल लिगेसी वेस्ट (पुराना कचरा) का निस्तारण कर दिया बल्कि यहां सिटी फॉरेस्ट और ईको पार्क विकसित कर इसे एक तरह का खूबसूरत राप्ती रिवर व्यू स्पॉट बना दिया है। नगर निगम ने इस पहल से एनजीटी को दिए जाने वाले जुर्माने से भी राहत पा ली। वर्षों से कूड़े के ढेर और बदबू के लिए पहचाने जाने वाले एकला बंधे की तस्वीर अब पूरी तरह बदल चुकी है। कभी यहां कचरे का पहाड़ हुआ करता था, लेकिन आज यहां हरियाली की चादर बिछी है और यह स्थान एक शानदार पिकनिक स्पॉट के रूप में उभर रहा है। गोरखपुर के महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव एकला बंधे के कायाकल्प का उल्लेख करते हुए बताते हैं कि सीएम योगी के 'स्वच्छ गोरखपुर-सुंदर गोरखपुर' के संकल्प को नगर निगम ने धरातल पर उतारते हुए एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। महापौर का कहना है कि एकला बंधे के कायाकल्प का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। शीघ्र ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों इसका लोकार्पण कराया जाएगा। अपर नगर



आयुक्त दुर्गेश मिश्रा का कहना है कि नगर निगम गोरखपुर ने आधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए एकला बांध पर जमा करीब तीन लाख टन लिगेसी वेस्ट का वैज्ञानिक पद्धति से पूर्ण निस्तारण कर दिया है। कचरा हटने के बाद इस खाली हुई भूमि को 'सिटी फॉरेस्ट' और ईको पार्क के रूप में विकसित किया गया है। उनका मानना है कि एकला बांध अब न केवल शहरवासियों को शुद्ध हवा देगा, बल्कि मनोरंजन का भी बड़ा केंद्र बनेगा। यहां वाकिंग ट्रैक और फुटपाथ बनाए गए हैं, जहां लोग मॉर्निंग और इवनिंग वाक कर सकेंगे। योग और ध्यान के लिए अलग स्थान हैं। बच्चों के लिए भी सुरक्षित किड्स जोन का विकास किया गया है। एकला बंधे की सड़क को भी नगर निगम ने नवनिर्माण कर चमका दिया है। एकला बांध के कायाकल्प पर अब तक करीब 18 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। राप्ती नदी के किनारे होने के कारण यहां से विहंगम दृश्य दिखाई देता है। कूड़ा निस्तारण के बाद खाली हुई भूमि पर नगर निगम ने मियावाकी पद्धति से सिटी फॉरेस्ट का विकास किया है। साथ ही ईको पार्क के रूप में यहां बच्चों के स्वस्थ्य मनोरंजन के लिए भी कई व्यवस्थाएं की जा रही हैं। खाली हुई जमीन के एक हिस्से पर तालाब बनवाया गया है जहां पैडल बोट का आनंद भी उठाया जा सकेगा। महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव के मुताबिक एकला बांध लिगेसी वेस्ट मैनेजमेंट परियोजना का उद्देश्य न केवल गंदगी को साफ करना था, बल्कि शहर को एक ऐसा लैंडमार्क देना था जहां लोग परिवार के साथ समय बिता सकें। एकला बंधे का यह कायाकल्प 'वेस्ट टू वेल्थ' और 'ईको-टूरिज्म' का शानदार उदाहरण बना है।

# प्लाटिंग की आड़ में 'मसान पाकड़' की सरकारी बंजर भूमि पर कब्जा



मझगांवा, गोरखपुर। बांसगांव तहसील अंतर्गत गगहा थाना क्षेत्र के गंभीरपुर बाबूडीहा गांव के मसान पाकड़ इलाके में इन दिनों भू-माफिया और दलाल सक्रिय हैं। यहाँ निजी जमीन की प्लॉटिंग के नाम पर बेशकीमती सरकारी बंजर भूमि का खुलेआम सौदा किया जा रहा है। गांव के एक ही एक ग्रामीण ने आईजीआरएस पोर्टल पर मामले की शिकायत की है। मामला गगहा-गजपुर मार्ग पर स्थित गाटा संख्या 414 का है, जो राजस्व अभिलेखों में सरकारी बंजर भूमि के रूप में दर्ज है। यह जमीन मुख्य सड़क के किनारे स्थित होने के कारण काफी कीमती है। दलालों ने इस सरकारी भूमि के ठीक पीछे स्थित गाटा संख्या 413 क्षेत्रफल लगभग 64 डिसमिल को अपना निशाना बनाया है। ग्रामीण सोनू सिंह के अनुसार दलाल गाटा संख्या 413 में प्लॉटिंग कर उसे बेच रहे हैं, लेकिन ग्राहकों को लुभाने के लिए वे आगे की सरकारी बंजर भूमि गाटा सं. 414 पर भी कब्जा दिलाने का वादा कर रहे हैं। इस 'अवैध सेटिंग' के नाम पर खरीदारों से मोटी रकम वसूली जा रही है। सड़क किनारे की इस सरकारी जमीन को कब्जा कराकर दलाल सरकारी संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। स्थानीय लोगों में इस अवैध कब्जे को लेकर गहरा आक्रोश है। सड़क किनारे की बंजर भूमि पर कब्जा होने से भविष्य में सार्वजनिक विकास कार्यों में बाधा आ सकती है। इस संबंध में तहसीलदार सुशील कुमार का कहना है की सरकारी बंजर भूमि पर किसी प्रकार का अतिक्रमण या सौदा करना गैर कानूनी है। टीम गठित कर जांच की जाएगी और कार्यवाही की जाएगी।

# ट्रक की टक्कर में बाइक सवार युवक की मौत, दूसरा घायल



फतेहपुर चैरासी, उन्नाव। स्थानीय थाना क्षेत्र के अन्तर्गत काली मिट्टी शिवराज पुर सड़क मार्ग पर गुरुवार शाम कस्बा स्थित डाक बंगला के निकट एक ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि एक घायल हो गया। घायल को सी एच सी भेजा गया और सूचना पर पहुँची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्र के गांव महारपा पुर निवासी जय लखन अपने भाई राम लखन के साथ फतेहपुर चैरासी कस्बे से काली मिट्टी की तरफ जा रहा था अभी डाक बंगला के निकट पहुंचा ही था कि सामने काली मिट्टी की तरफ से अनियंत्रित गति से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे लगभग बीस वर्षीय जय लखन की घटना स्थल पर मौत हो गई जबकि राम लखन घायल हो गया। जिसे सी एच सी इलाज के लिए भेज दिया गया। घटना की सूचना गांव पहुंचते ही हड़कंप मच गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही शुरू की है।

# हक की बात जिलाधिकारी के साथ और शक्ति संवाद का आयोजन




उन्नाव। मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज-5.0 चरण-द्वितीय के अन्तर्गत महिला कल्याण विभाग, उ०प्र० द्वारा 19 मार्च से 30 दिवसीय आयोजित होने वाली गतिविधियों के तहत विकास भवन सभागार में हक की बात जिलाधिकारी के साथ (मेगा इवेन्ट) व शक्ति संवाद का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के विभिन्न विद्यालयों की हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट की लगभग 70 बालिकाओं द्वारा प्रतिभाग कर प्रभारी जिलाधिकारी/ मुख्य विकास अधिकारी कृतिराज से अपनी शिक्षा, स्वास्थ्य एवं खेलकूद आदि विषयों पर चर्चा की गयी एवं बालिकाओं का मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभिन्न विभाग की महिला अधिकारियों/कर्मचारियों को सम्मानित किये जाने हेतु सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) एवं जिला विकास अधिकारी द्वारा पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार व महिला कल्याण विभाग की 20 महिला अधिकारियों/कर्मचारिय को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह व शॉल प्रदान कर सम्मानित किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में पंकज गुप्ता संदर विधायक, कृति राज मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), जिला विकास अधिकारी, शालिनी तोमर उपजिलाधिकारी (न्यायिक) पुरवा, अपर पुलिस अधीक्षक, परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जिला पर्यटन अधिकारी, क्षमानाथ राय जिला प्रोबेशन अधिकारी, सोनम सिंह नगर क्षेत्राधिकारी सफीपुर, बिन्नी सिंह नगर क्षेत्राधिकारी (लाइन), जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला कार्यकम अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, सहायक श्रमायुक्त, खण्ड विकास अधिकारी सफीपुर व हसनगंज, जनपद के विभिन्न क्षेत्रों की 40 आंगनबाड़ी कार्यकत्री, बाल विकास परियोजनाधिकारी व सुपरवाइजर के साथ ही हब फॉर इम्पावरमेण्ट ऑफ वूमेन एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के कर्मचारी एवं जनपद स्तरीय अन्य अधिकारी व कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सतवारी विकास खण्ड बांसी जनपद - सिद्धार्थनगर**

पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत सतवारी विकास खण्ड बांसी द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 19.04.2026 को 02.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय सतवारी के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 19.04.2026 को 04.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

**नियम व शर्तेः-**

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत सतवारी के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत सतवारी कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत सतवारी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| अली हुसैन | श्रद्धा श्रीवास्तव |
| प्रधान | सचिव |
| ग्राम पंचायत सतवारी | ग्राम पंचायत सतवारी |
| सिद्धार्थनगर। | सिद्धार्थनगर। |

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे क्लाइंट पी.एन.बी. हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड कार्यालय का पता लक्ष्मन दास काम्प्लेक्स देवकाली बाईपास अयोध्या की ओर से सूचित किया जाता है कि नीतू मौर्या पत्नी संजय मौर्या (पता चमुरखा सेउर सुल्तानपुर कूरेभार उत्तर प्रदेश) ने गृह ऋण के लिए आवेदन किया है जिसमे दानपत्र दिनांक 28.11.2025 बही संख्या 1, जिल्द संख्या 12076, पृष्ठ संख्या 43 से 68 क्रम संख्या 10730 स्थित ग्राम सेउर चमुरखा परगना बरौसा तहसील सदर जिला सुलतानपुर गाटा संख्या 277 पर स्थित मकान संख्या 532 संजय मौर्या पुत्र जगदीश प्रसाद मौर्या ने अपनी पत्नी नीतू मौर्या पत्नी संजय मौर्या को दान कर दिया था। जिसको बंधक रखने हेतु आवेदन किया है यदि किसी व्यक्ति, बैंक अथवा संस्था को प्रश्नगत सम्पत्ति को बंधक रखने में आपत्ति है तो इस प्रकाशन के 7 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरी सचिन शंकर (अधिवक्ता) पता शेड नंबर 3 सिविल कोर्ट फैजाबाद (8299765176) से या पी.एन.बी. हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड का पता लक्ष्मन दास काम्प्लेक्स देवकाली बाईपास अयोध्या के समक्ष प्रस्तुत कर दें अन्यथा यह मान लिया जायेगा कि किसी बैंक, व्यक्ति अथवा संस्था को प्रश्नगत सम्पत्ति को बंधक रखने में कोई आपत्ति नहीं है। सचिन शंकर एडवोकेट शेड नं. 3 सिविल कोर्ट, फैजाबाद मो.-8299765176, शपथ पत्र संख्या-UP99276390993357Y

# पहले सिक्सलेन फ्लाईओवर का निर्माण लगभग पूर्ण, लोकार्पण की तैयारी

## सीएम योगी के ड्रीम प्रोजेक्ट्स में से एक है सिक्सलेन फ्लाईओवर



गोरखपुर। गोरखपुर में यातायात सुगमता को नई ऊंचाई देने वाले पहले सिक्सलेन फ्लाईओवर पर जल्द ही वाहन फरार्टा भरने लगेंगे। इसका निर्माण लगभग पूरा हो गया है और लोकार्पण को लेकर तैयारी भी शुरू हो गई है। राप्ती नदी पर बने पुराने पुल का अनुरक्षण कार्य पूरा होते ही नवनिर्मित फ्लाईओवर को भी नौसढ़ से पैडलेगंज तक सीधे आवागमन के लिए खोल दिया जाएगा। जबकि फ्लाईओवर से होकर देवरिया बाईपास की तरफ जाने के लिए थोड़ा इंतजार करना होगा। इस मार्ग पर कनेक्टिंग फोरलेन फ्लाईओवर का काम अभी जारी है।

गोरखपुर का पहला सिक्सलेन फ्लाईओवर, मजबूत रोड कनेक्टिविटी और आवागमन सुगमता बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट्स में से एक है। नौसढ़-पैडलेगंज मार्ग पर 2.6 किमी से अधिक लंबाई वाले इस फ्लाईओवर के निर्माण पर 429.49 करोड़ रुपये की लागत आ रही है। कार्यदायी संस्था सेतु निगम के अनुसार फ्लाईओवर की सीधी लंबाई वाले हिस्से में निर्माण 99 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है। फिनिशिंग का कुछ काम शेष है और उसे भी तेजी से पूरा कराया जा रहा है। यह फ्लाईओवर जल्द ही जनता की सेवा में समर्पित होने जा रहा है। सिक्सलेन फ्लाईओवर पर आवागमन शुरू होने के बाद इस रूट पर प्रतिदिन होने वाली भारी भीड़ और जाम से अब स्थानीय निवासियों और बाहर से आने वाले यात्रियों को निजात मिलेगी। लखनऊ, वाराणसी, आजमगढ़ और प्रयागराज से आने वाले यात्रियों को शहर के भीतर प्रवेश करने या शहर से होकर महराजगंज, देवरिया या कुशीनगर जाने में समय की काफी बचत होगी।

# सड़क बनवाने व नामकरण की मांग

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत चौरीचौरा निवासी वरिष्ठ समाजसेवी सचिन गौरी वर्मा ने बुधवार को विधानसभा चौरीचौरा के विधायक ई0 सरवन निषाद को औपचारिक पत्र देकर अपने आवास के पास से लगभग 250 मीटर लम्बी सड़क बनवाने व मरम्मत कराने तथा सड़क का नामकरण करने की मांग किया है।

# शादी टूटी, पिता को धमकी, आरोपी पर केस दर्ज

गोरखपुर। गोरखपुर में एक युवक ने युवती की तस्वीरें और वीडियो उसके मंगेतर व ससुराल वालों को भेज दिए। इसके बाद युवती की शादी टूट गई। आरोपी ने शादी का कार्ड बांट रहे युवती के पिता को गोली मारने की धमकी भी दी थी। पीड़ित पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। यह घटना सिकरीगंज थाना क्षेत्र की है। पीड़ित पिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी बेटी की शादी 6 मई को तय हुई थी। घर में खुशी का माहौल था और रिश्तेदारों में शादी के कार्ड बांटे जा रहे थे।

बीते 6 अप्रैल को गांव के ही एक युवक ने उन्हें रास्ते में रोका। युवक ने गाली-गलौज करते हुए धमकी दी कि अगर उन्होंने अपनी बेटी की शादी का कार्ड बांटा, तो वह उन्हें गोली मार देगा। पिता ने बताया कि आरोपी युवक ने उनकी बेटी की कुछ तस्वीरें और वीडियो उसके होने वाले मंगेतर को भी भेज दिए थे। आरोपी ने ससुराल वालों को भी धमकी दी कि वह यह शादी नहीं होने देगा। इन तस्वीरों और धमकियों के बाद, होने वाले दूल्हे के पिता ने 7 अप्रैल को उन्हें फोन कर अपने घर बुलाया। उन्होंने आरोपी द्वारा भेजे गए फोटो और वीडियो दिखाए और कहा कि वे अब यह रिश्ता नहीं कर पाएंगे। यह सुनकर पीड़ित पिता को गहरा सदमा लगा। इसके बाद पीड़ित पिता ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने उनकी शिकायत पर आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 352, 351(3) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2008 की धारा 67 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# शिक्षा चैपाल में नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत कर उत्साहवर्धन किया



उन्नाव। विकासखंड बिछिया के प्राथमिक विद्यालय रायपुर सातन में शिक्षा चैपाल का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्याम त्रिपाठी (सदस्य, बाल संरक्षण आयोग, उत्तर प्रदेश), जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार पांडेय तथा खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन राम कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर कक्षा 5 के छात्र-छात्राओं का भावपूर्ण विदाई समारोह आयोजित किया गया, वहीं नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का स्वागत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, गीत एवं कविताओं के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। शिक्षा चैपाल के दौरान वक्ताओं ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अभिभावकों को बच्चों की नियमित उपस्थिति एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज के विकास की सबसे मजबूत नींव है और इसके माध्यम से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष नंद किशोर, क्षेत्र पंचायत सदस्य शारदा प्रसाद, पूर्व प्रधान रणंजय सिंह, बीडीसी अनुज कुमार सहित बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। अभिभावकों में कृष्ण कुमार सिंह, विजय सिंह, ओम प्रकाश, देशराज, राकेश यादव, शिवदुलारी एवं संतोष कुमारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में शिक्षकों में संजय कुमार कनौजिया, अमित सिंह, गौरव श्रीवास्तव, शिवा मौर्या, दीपक सोनी, आनंद मोहन, रंजीत, श्रीनाथ यादव, स्नेह शुक्ला, रुचि पटेल, होरी लाल, नीतेश कुमार, किशोर कुमार एवं नुजहत सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा। विद्यालय के शिक्षक शिवम पटेल, नेहा सिंह, आरती शर्मा, बेबी तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री हेमलता का विशेष सहयोग रहा, जिससे कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# प्राइवेट स्कूलों की मनमानी फीस के खिलाफ आज देंगे ज्ञापन

उन्नाव। प्राइवेट स्कूलों द्वारा बुक सेट, यूनिफॉर्म और अन्य मदों के नाम पर मनमानी फीस वसूली के विरोध में 10 अप्रैल को सुबह 10 बजे जिलाधिकारी कार्यालय पर ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस संबंध में ह्यनर सेवा नारायण सेवाह्न संस्था के संस्थापक विमल द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि लगातार अभिभावकों से शिकायतें मिल रही हैं कि निजी विद्यालय अनावश्यक रूप से महंगे बुक सेट और यूनिफॉर्म थोपकर आर्थिक बोझ बढ़ा रहे हैं। उन्होंने सभी अभिभावकों एवं जागरूक नागरिकों से इस पहल में सहयोग की अपील की है, ताकि प्रशासन तक इस समस्या को प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सके और उचित कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।

# क्षेत्र में मानकविहीन अवैध नर्सिंग होम के संचालन की चर्चा तेज

- **किराए के मकान में संचालित हो रहा अस्पताल, आशा बहुओं की मिलीभगत के आरोप**

मौरावा, उन्नाव। बसहा तिराहे क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित एक कथित नर्सिंग होम ने स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप है कि गुड्डू यादव के मकान में बिना किसी लाइसेंस और प्रशिक्षित स्टाफ के डिलीवरी कराई जा रही है। सूत्रों के अनुसार, सपना नामक महिला, जो पूरी तरह प्रशिक्षित नहीं बताई जा रही है, विभिन्न निजी नर्सिंग होम में सीखने के बाद किराए के मकान में यह कार्य कर रही है।



हैरानी की बात यह है कि न तो नर्सिंग होम का कोई बोर्ड लगा है और न ही कोई वैध अनुमति सिर्फ एक मेडिकल स्टोर की आड़ में पूरा संचालन किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सरकारी अस्पतालों से आशा बहुओं के माध्यम से मरीजों को बहला-फुसलाकर यहां लाया जाता है, जहां गुपचुप तरीके से डिलीवरी कराई जाती है। हाल ही में हिम्मतपुर जमुरपुर निवासी माया देवी के नवजात की मृत्यु के बाद मामला और गंभीर हो गया है। परिजनों का कहना है कि डिलीवरी इसी अवैध केंद्र पर कराई गई थी। यह स्थिति स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्नचिह्न लगाती है। जब सरकारी अस्पताल मौजूद हैं, तो गरीबों को इस तरह के अवैध केंद्रों तक क्यों पहुंचाया जा रहा है? पूर्व में भी मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा अवैध नर्सिंग होम के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही किए जाने की बात कही गयी थी। लेकिन फिर भी क्षेत्र के दूर दराज सीमावर्ती क्षेत्रों में दूरी का लाभ उठाकर कुछ अवैध नर्सिंग होम संचालित होने की चचाएं जोर पकड रही है।

# 50 वर्षीय नशेड़ी ने की आत्महत्या, पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बिलारी में गुरुवार की सुबह लगभग सवा ग्यारह बजे 50 वर्षीय श्याम सुंदर उर्फ संजय गौड़ पुत्र लाल महेंद्र गौड़ पंखा की कुंडी में फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार मृतक श्यामसुंदर उर्फ संजय गौड़ नशे का आदी था। दिन भर वह नशे डूबा रहता था। बताया कि सुबह 10 बजे घर वालो से वह पैसा मांगा था। पैसा नही देने पर आत्महत्या की धमकी दिया था। परिजनों ने उसे समझाने के लिए उसे 112 पर फोन किया था। लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही कमरे में फंदे से लटका हुआ मिला। परिजनों ने बताया कि वह तीन भाइयों में बड़ा था। वह एक पुत्र व एक पुत्री का पिता था। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत तलपुरवा विकास खण्ड बांसी जनपद - सिद्धार्थनगर**

पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत तलपुरवा विकास खण्ड बांसी द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/ तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 15.04.2026 को 11.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय तलपुरवा के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 15.04.2026 को 04.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

**नियम व शर्तेः-**

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत तलपुरवा के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत तलपुरवा कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत तलपुरवा के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| रामपाल | श्रीमती ऊषा दूबे |
| प्रधान | सचिव |
| ग्राम पंचायत तलपुरवा | ग्राम पंचायत तलपुरवा |
| सिद्धार्थनगर। | सिद्धार्थनगर। |

**कार्यालय ग्राम पंचायत करमडीह जमुआर खास विकास खण्ड खेसरहा जनपद - सिद्धार्थनगर**

पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत करमडीह जमुआर विकास खण्ड खेसरहा द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/ तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 13.04.2026 को 11.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय करमडीह जमुआर के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 13.04.2026 को 01.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

**नियम व शर्तेः-**

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत करमडीह जमुआर के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत करमडीह जमुआर कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत करमडीह जमुआर के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| करोड़ा देवी | जितेन्द्र सिंह |
| प्रधान | सचिव |
| ग्राम पंचायत करमडीह जमुआर | ग्राम पंचायत करमडीह जमुआर |
| सिद्धार्थनगर। | सिद्धार्थनगर। |

संक्षेप

## जनसुविधा केंद्र की लापरवाही से छिनी नौकरी, पुलिस में दी तहरीर

सकरन /सीतापुर। क्षेत्र में एक जनसुविधा केंद्र संचालक की कथित लापरवाही से विधवा महिला का रोजगार का मौका छिनने का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत मड़ोर के मजरा किशुन मड़ोर निवासी ऊषा देवी ने पुलिस से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता के अनुसार, दो साल पहले पति की दुर्घटना में मृत्यु के बाद उन्होंने आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए जनसुविधा केंद्र संचालक शिवकुमार के माध्यम से आवेदन कराया था, जिसके लिए 300 रुपये फीस भी दी गई। लेकिन चयन प्रक्रिया के दौरान उन्हें कोई सूचना नहीं मिली। आईजीआरएस पर शिकायत के बाद जांच में सामने आया कि उनका आवेदन ऑनलाइन किया ही नहीं गया था। इससे महिला मानसिक रूप से परेशान हो गई और नौकरी से भी वंचित रह गई। पीड़िता का आरोप है कि यदि आवेदन सही तरीके से किया गया होता तो विधवा होने के नाते उन्हें प्राथमिकता मिल सकती थी। मामले में उन्होंने जनसुविधा केंद्र संचालक के खिलाफ पुलिस में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## युवक का शव फंदे पर लटका मिला

सीतापुर। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के आनंद नगर मोहल्ले में गुरुवार दोपहर एक युवक का शव घर के अंदर फांसी के फंदे पर लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और आसपास के लोगों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई। मृतक की पहचान 30 वर्षीय देवेंद्र यादव पुत्र रामपाल यादव के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार देवेंद्र शराब का आदी था और अक्सर नशे की हालत में घर आता था। बताया गया कि बुधवार रात भी वह शराब पीकर घर लौटा और अपने कमरे में सोने चला गया। सुबह काफी देर तक जब वह कमरे से बाहर नहीं आया तो परिजनों को चिंता हुई।

# आदमखोर तेंदुआ पिंजरे में कैद

## वन विभाग के साथ ग्रामीणों ने ली राहत की सांस



**मोहम्मदी खीरी।** पिछले तीन चार महीने से क्षेत्र के ग्राम अखैराजपुर मे बेजुबानों का अपना शिकार बनाने वाला नरभक्षी तेंदुआ अखैराजपुर में महेशपुर वन रेंज के वन विभाग की ओर से लगाए गए पिंजरे में कैद हो गया। यह नरभक्षी तेंदुआ तीन से चार माह में सात बेजुबानों को अपना शिकार बनाकर क्षेत्र में आतंक का पर्याय बना हुआ था। क्षेत्रीय किसान व ग्रामीण हमेशा डरे व सहमे रहते थे और अपने अपने घरों में दुबके रहते थे। बीते कुछ महीनों में महेशपुर वन रेंज के हिम्मतपुर वन बीट क्षेत्र के मियांपुर, अखैराजपुर समेत नासियाघाट आदि स्थानों पर तेंदुए का आतंक देखने को मिला। ये तेंदुआ जंगलों से निकलकर रिहायशी इलाकों में पालतू व जंगली जानवरो को अपना शिकार बना रहा था। बीती रात अखैराजपुर निवासी मृतक इंद्रजीत सिंह पुत्र मलकीत सिंह के बछिया पर हमला बोल कर उसे घायल करते हुए मार दिया। जिसके बाद सूचना पर कल पहुंची वन विभाग की टीम ने सक्रियता दिखाते हुए एक पिंजड़ा लगाया और उसी बछिया को उसकी खुराक बनाने के लिए उसे पिंजड़े में रखते हुए पिंजड़ा लगा दिया, उसी बछड़े को अपना निबाला बनाने के लिए जब तेंदुआ बीती रात आया तो पिंजड़े में फंस गया, जिसके बात सुबह वन विभाग की टीम आई और उसे पिंजड़े समेत साथ ले गई ताकि फिर उसे सुरक्षित विभाग के उच्चाधिकारियों के आदेश पर दुधवा के जंगल मे छुड़वाया जाए। लखीमपुर जिले में इनका काफी आतंक है क्योंकि यह इलाका दुधवा नेशनल पार्क से सटा है। ऐसे में जंगलों से निकलकर तेंदुआ और बाघ जैसे जंगली जानवर रिहायशी इलाकों मे पहुंच जाते हैं। उसी में से यह एक तेंदुआ काफी समय से चहलकदमी करता हुआ मियांपुर क्षेत्र में दिखाई दे रहा था। उसके डर से किसान व ग्रामीण अपने खेतों में नहीं जा पा रहे थे और ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त था। उसी के मद्देनजर ग्रामीणों की निशानदेही और तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम ने पिंजरा लगाकर कैद किया गया है। ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी। स्थानीय लोगों ने इसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। इस सम्बंध में महेशपुर वन रेंजर निर्भय प्रताप शाही ने बताया कि तेंदुए की लोकेशन क्लीयर न होने की वजह से पकड़ में नही आ था। तेंदुआ पिंजड़े में कैद होने से विभाग व ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

## इंडस्ट्री विजन मीट में नवाचार पर मंथन




लखीमपुर खीरी। आईआईए के इंडस्ट्री विजन मीट 2026 में निवेश, नवाचार, आधुनिक तकनीक पर मंथन किया गया। उद्योगों को नई दिशा देने, आधुनिक तकनीकों को अपनाने और सरकारी योजनाओं से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईआईए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार अग्रवाल रहे। लखीमपुर इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) लखीमपुर चैप्टर द्वारा वंदन गार्डन में इंडस्ट्री विजन मीट 2026 कार्यक्रम में जिले भर से बड़ी संख्या में उद्योगपति और उद्यमी शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईआईए के पूर्व अध्यक्ष अशोक कुमार अग्रवाल ने उद्योगों में नवाचार और आधुनिक तकनीकों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बदलते समय में प्रतिस्पर्धा बनाए रखने के लिए तकनीकी उन्नयन बेहद जरूरी है। इस दौरान विशिष्ट अतिथियों द्वारा औद्योगिक नीतियों, निवेश के अवसरों, बैंकिंग सहायता और सरकारी योजनाओं पर उपयोगी जानकारी दी गई। साथ ही सोलर एवं सतत ऊर्जा के क्षेत्र में संभावनाओं पर भी चर्चा हुई, जिससे उद्यमियों को नए अवसरों की दिशा मिली। संचालन आईआईए लखीमपुर चैप्टर के उपाध्यक्ष हुकुम चंद अग्रवाल और अंशू ने किया। आयोजन में उद्यमियों को अपनी समस्याएं रखने और विशेषज्ञों से सीधे संवाद का अवसर भी मिला। आयोजकों ने इसे उद्योगों को सशक्त बनाने की दिशा में सार्थक पहल बताया। इस अवसर पर शिव तोलानी, अलकेश सोनी, शुभम खन्ना, इंडियन बैंक के जोनल मैनेजर के अभय कुमार, जीएम, डीआईसी रूपेश आनंद, राजीव बंसल, गुरजीत सिंह मोंगा व आशुतोष कुमार आदि मौजूद रहे।

## अपहृत फार्मासिस्ट बरामद, 5 गिरफ्तार



सीतापुर। कोतवाली नगर पुलिस और स्वाट टीम ने बहराइच में तैनात फार्मासिस्ट मो. इमरान के अपहरण मामले का चंद घंटों में सनसनीखेज खुलासा करते हुए पांच शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अपहृत को सकुशल बरामद कर लिया, जबकि आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कार, अवैध तमंचा, कारतूस और मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। जानकारी के मुताबिक, इमरान 8 अप्रैल को लखनऊ से अचानक लापता हो गए थे। अपहरण की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर टीमें गठित कर सघन घेराबंदी शुरू की गई। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी नगर विनायक भोसले के नेतृत्व में स्वाट टीम और कोतवाली नगर पुलिस ने सर्विलांस व मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपियों की लोकेशन ट्रैक की। तेज कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरएमपी ग्राउंड के पास घेराबंदी कर अपहृत इमरान को बदमाशों के चंगुल से मुक्त करा लिया। मौके से मोहित मिश्रा, नागेंद्र मिश्रा उर्फ शिवा, मनीष गोस्वामी, अखिलेश कश्यप और रिक्की मिश्रा को गिरफ्तार किया गया। बरामदगी में एक देशी तमंचा 12 बोर, दो जिंदा कारतूस, हुंडई औरा कार (यूपी 32 वीएन 463) और पांच मोबाइल फोन शामिल हैं। पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि उन्होंने इमरान का लखनऊ से अपहरण कर सीतापुर लाकर उसके परिजनों से पांच लाख रुपये की फिरौती मांगने की योजना बनाई थी। उन्होंने पीड़ित के हाथ-पैर और आंख बांधकर उसे लगातार इधर-उधर घुमाया ताकि वह भाग न सके। इन टीमों का रहा अहम योगदानः कोतवाली नगर पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अनूप शुक्ला, उपनिरीक्षक अवधेश कुमार यादव, उपनिरीक्षक अश्मित भारती, कांस्टेबल रवि सिंह, सत्यम शर्मा और अनुज त्रिपाठी शामिल रहे। वहीं स्वाट टीम में उपनिरीक्षक प्रिंस सोनकर, हेड कांस्टेबल राहुल कुमार, हेड कांस्टेबल अविनाश सिंह और कांस्टेबल दानवीर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सीओ शहर विनायक भोसले ने बताया की पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 140 बीएनएस व आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपराधियों के खिलाफ इसी तरह सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## सीएम के दौरे को लेकर तैयारियां तेज

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव मियांपुर कॉलोनी में सीएम के दौरे को लेकर अधिकारियों ने गांव में डेरा डाल दिया है मंच और सभा स्थल पर तैयारी युद्ध स्तर पर शुरू कर दी गई है। सड़कों की मरम्मत से लेकर गांव में सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने को लेकर कोई कसर छोड़ी नहीं जा रही है। सीएम के दौरे की तारीख कंफर्म होते ही तैयारियां तेज हो गई जिसके चलते डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एस पी ख्याति गर्ग और सीडीओ अभिषेक कुमार सिंह अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम को अंतिम रूप देने में जुट गए हैं। नेशनल हाईवे से गांव को जाने वाले सड़क मार्ग लंबे समय से क्षतिग्रस्त था इसके निर्माण को लेकर क्षेत्र के लोग लंबे समय से प्रयास रत थे अचानक सी एम का दौरा लगते ही रात दिन युद्ध स्तर पर सड़क निर्माण और पैच लगाने का काम शुरू हो गया है। वही गांव में सरकारी योजनाओं के आधे अधूरे पड़े काम पूरे करने को लेकर अधिकारियों की सांसें फूलने लगी हैं। अधिकारियों ने बैठक कर तैयारी को अंतिम रूप देने के लिए अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिए हैं। सीएम के दौरे को लेकर गांव में उत्साह सीएम का उड़न खटोला पहली बार गांव में उतरने से देखने को लेकर लोगों में उत्सुकता बढ़ गई है। जिसको लेकर गांव की महिलाओं ने अपने-अपने घरों पर सजावट शुरू कर दी गांव को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने कार्यकताओं से बैठक कर एक लाख से अधिक लोगों की भीड़ इकट्ठा करने के लिए व्यापक पर प्रबंध शुरू किए गए हैं जिनकी जिम्मेदारी विधानसभा के मंडल अध्यक्षों को सौंपी गई है।



## समीक्षा अधिकारी बनने पर छात्र का विद्यालय में हुआ सम्मान



**गोला गोकर्णनाथ, खीरी।** वीओएल।सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज के पुरातन छात्र अमन वर्मा के समीक्षा अधिकारी पद पर चयनित होने पर विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। इस उपलब्धि पर विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें शुभकामनाएं दी गईं। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार कन्नौजिया ने कहा कि विद्यालय लगातार सफलता के नए सोपान स्थापित कर रहा है और यह उपलब्धि उसी का परिणाम है। उन्होंने बताया कि अमन वर्मा वर्ष 2008 इंटरमीडिएट बैच के छात्र रहे हैं और वर्तमान में कंपोजिट विद्यालय भटपुरवा कॉलोनी में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने पीसीएस परीक्षा में चयनित छात्र धीरज वर्मा का भी तिलक वंदन कर स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार ने मेधावी छात्र की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अन्य विद्यार्थियों को भी उनसे प्रेरणा लेने का संदेश दिया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि ऐसे छात्र संस्थान का गौरव बढ़ाते हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनते हैं।

### नव निर्मित कक्ष का आज को होगा लोकार्पण

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। केन ग्रोअर्स नेहरू पीजी कॉलेज में विधायक निधि योजना के तहत नव निर्मित कक्ष के लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन आज किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक अमन गिरी द्वारा उद्घाटन किया जाएगा।

महाविद्यालय प्रशासन की ओर से जारी आमंत्रण के अनुसार लोकार्पण समारोह दोपहर 12 बजे कॉलेज परिसर में आयोजित होगा। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं शिक्षण संस्थानों से जुड़े लोग मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में प्रबंध समिति के पदाधिकारी, शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे।

## सरकारी जमीन खाली कराने गई टीम पर हमला, महिला समेत 3 पर मुकदमा

सीतापुर। महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम घुरेहटा में सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाने पहुंची राजस्व और पुलिस टीम पर हमला किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना के बाद प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि ग्राम पंचायत घुरेहटा की गाटा संख्या 86 की नवीन परती भूमि पर इंद्रपाल नामक व्यक्ति ने अवैध रूप से दीवार बनाकर कब्जा कर लिया था। इस मामले में तहसीलदार न्यायालय द्वारा 31 अक्टूबर 2025 को बेदखली का आदेश जारी किया गया था। बुधवार को इसी आदेश के अनुपालन में नायब तहसीलदार राकेश पाल, लेखपाल रजनीश सोनकर, कृतिका सिंह और प्रदीप शाह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे थे। जैसे ही टीम ने कब्जा हटाने की कार्रवाई शुरू की, तभी आरोप है कि इंद्रपाल ने अपने बेटे राम प्रताप और पत्नी गायत्री के साथ मिलकर टीम पर हमला बोल दिया। आरोपियों ने सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए राजस्व कर्मियों के साथ मारपीट की, लेखपाल को जातिसूचक गालियां दीं और पूरी टीम को जान से मारने की धमकी दी। अचानक हुए इस हमले से मौके पर अफरा-तफरी मच गई, हालांकि पुलिस बल की मौजूदगी में किसी तरह हालात पर काबू पाया गया। घटना के बाद लेखपाल कृतिका सिंह की तहरीर पर पुलिस ने गुरुवार को महिला समेत तीनों आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।प्रशासन ने साफ कहा है कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## 14 अप्रैल को समाजवादी पार्टी मनायेगी बाबा साहब की जयंती




लखीमपुर खीरी। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्त्ताओ द्वारा बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती 14 अप्रैल को मनाई जायेगी। समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक में पार्टी के जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने जानकरी दी।

बैठक में सांसद आनन्द भदौरिया ने कहा कि सभी सेक्टर व जोन में आने वाली प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया जाये। भारतीय जनता पार्टी की सरकार मनमानी नही कर रही है। उन्होने कहा कि पीडीए के लोग बडी तादात में समाजवादी पार्टी में जुड रहे है और भाजपा हमारी ताकत से घबराई हुई है। उन्होने कहा कि बाबा साहब की जयन्ती ऐतिहासिक रूप से मनाई जाएगी। उन्होने कार्यकताओं से कहा कि 2027 का विधानसभा चुनाव समाजवादी पार्टी हर हाल में जीतेगी। उन्होने कहा कि 10 अप्रैल को अन्तिम मतदाता सूची आने के बाद कार्यकर्ता उसमें भाजपा द्वारा गलत नामों को चेक करे और उन्हे कटवाने की कार्यवाही करें।

बैठक को सम्बोधित करते हुए खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा ने कहा कि बाबा साहब के संविधान की रक्षा हमें हर हाल में करनी है। भाजपा की सरकार बाबा साहब के संविधान के विरूद्ध काम करना चाहती है जिसे समाजवादी पार्टी कभी नही होने देगी। उन्होने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव सर पर है सभी कार्यकताओं को चुनाव जीतने के लिए अभी से जुट जाना चाहिए। पूरे प्रदेश में भाजपा के खिलाफ लहर चल रही है और समाजवादी पार्टी 2027 में भारी बहुमत से जीतकर उ0प्र0 में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी को मुख्यमंत्री बनाएगी। बैठक का संचालन पार्टी के जिला महासचिव अंसार महलूद ने किया।

बैठक को शशांक यादव, डा0 आरए उस्मानी, रामसरन, विनय तिवारी, सुनील लाला, वरूण चैधरी, प्रीतेन्द्र सिंह कक्कू, शमशेर बहादुर सिंह शेरू, आरएस कुशवाहा, अनुराग पटेल, मो0 कयूम खां, सांसद प्रतिनिध अशोक वर्मा, आरपी चैधरी, नरेश यादव ने सम्बोधित किया।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष अरूण मौर्या, विजय पाठक, सर्दूल सिह, अशोक वर्मा, रियाजउल्ला खां बन्ने, आकाश गुप्ता, गनेश शंकर पाल, बलबीर सिंह चैहान, सचिव मंजीत सिंह सहित आदि मौजूद रहे।

## मखाना खेती में रोजगार की राह

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कैंपस कृषि महाविद्यालय जमुनाबाद में मखाना उत्पादन एवं प्रसंस्करण विषय पर एक दिवसीय सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने मखाना खेती को किसानों और युवाओं के लिए लाभकारी विकल्प बताते हुए इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. एके सिंह ने कहा कि जिले में मखाना उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं, लेकिन इसके लिए किसानों को जागरूक करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि सही तकनीक और प्रशिक्षण के माध्यम से किसान इस फसल से बेहतर आय अर्जित कर सकते हैं। विशिष्ट अतिथि कृषि वैज्ञानिक डॉ. जिया लाल गुप्ता ने मखाना को किसानों और महिलाओं की आय बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बताते हुए तालाब योजना के तहत इसकी खेती अपनाने की सलाह दी। वहीं कीट विज्ञान विभाग के सह प्राध्यापक डॉ. एके पांडेय ने बताया कि इस फसल में कीट एवं रोगों का प्रकोप कम होता है, जिससे किसानों को जोखिम भी कम रहता है। कृषि विज्ञान केंद्र-2 सीतापुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. दया एस श्रीवास्तव ने कहा कि मखाना कम लागत में अधिक लाभ देने वाली फसल है और इसमें उद्यमिता की असीम संभावनाएं हैं। युवाओं को इस दिशा में आगे आने की जरूरत है। परियोजना अन्वेषक डॉ. शुभम सिंह राठौर ने ऑडियो-वीडियो के माध्यम से मखाना उत्पादन तकनीक एवं मूल्य संवर्धन की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान मखाना तकनीक से संबंधित पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के वैज्ञानिकों सहित करीब 147 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## एचआईवी, सिफलिस एवं टीबी विषय पर हुआ कार्यक्रम

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। केन ग्रोअर्स नेहरू पीजी कॉलेज में एचआईवी, सिफलिस एवं टीबी विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विशेषज्ञों ने छात्र-छात्राओं को बीमारियों की पहचान, कारण और बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। महाविद्यालय के नेहरू सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम का आयोजन महिला प्रकोष्ठ एवं जिला महिला चिकित्सालय लखीमपुर खीरी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में जिला महिला अस्पताल से सोनम सक्सेना और हर्षिता ने बतौर विशिष्ट अतिथि भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सोनम सक्सेना ने एचआईवी संक्रमण, सिफलिस और टीबी के लक्षण, फैलाव के कारण और रोकथाम के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्रों के सवालों के जवाब देकर उनकी शंकाओं का समाधान भी किया। वहीं हर्षिता ने छात्राओं को हार्मोनल असंतुलन, पीसीओडी सहित स्वास्थ्य से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया।

## पैसे मांगने पर दी हत्या की धमकी

सीतापुर। हरगांव विकास खंड की ग्राम पंचायत बरियाडीह में भ्रष्टाचार और दबंगई का गंभीर मामला सामने आया है। मंगरुआ निवासी सुरेश पासी ने प्रधान प्रतिनिधि शमीम अंसारी पर आवास और शौचालय दिलाने के नाम पर 8 हजार रुपये वसूलने का आरोप लगाया है।

## खाटू श्याम भजनों पर देर रात तक झूमते रहे श्रद्धालु



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। ऐतिहासिक मेला चैती के सांस्कृतिक मंच भक्ति रस में सराबोर नजर आया। खाटू श्याम संकीर्तन के दौरान भजनों की ऐसी छटा बिखरी कि पूरा पंडाल देर रात तक श्याम नाम में डूबा रहा। सा रे गा मा पा लिटिल चैम्प्स के रनरअप गायक रितिक गुप्ता की प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस दौरान श्रीबालाजी धाम खुटार के संत नंदन जी महाराज, कार्यक्रम अध्यक्ष सुरेश शुक्ल ह्यसंदेशह्ण, एमडी जीडी गोयनका अतुल अग्रवाल, समाजसेवी श्रवण महेश्वरी, घनश्याम अग्रवाल समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि संत नंदन जी महाराज ने अपने आशीर्वचन में कहा कि मेला चैती के मंच पर भजन और संकीर्तन का आयोजन क्षेत्र की धार्मिक आस्था और संस्कृति को दशार्ता है। वहीं कार्यक्रम अध्यक्ष सुरेश शुक्ल ह्यसंदेशह्ण ने कहा कि 121वें वर्ष में पहुंच चुका मेला चैती हर वर्ष नई ऊंचाइयों को छू रहा है और यह आयोजन इसकी पहचान बन चुका है।

रितिक गुप्ता ने ह्यराधा नाम संकीर्तनह्ण से कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए किशोरी कुछ ऐसा इंतजाम हो जाए, काली कमली वाला मेरा यार है, वृंदावन जाऊंगी सखी री, श्रीराम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में, नैनन में श्याम समाय गयो जैसे भजनों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। उनके हर भजन पर श्रद्धालु झूमते नजर आए और पूरा पंडाल जय श्री श्याम के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में कश्यप ब्रदर्स, कानपुर के संगीतकारों ने भी शानदार संगत दी। कीबोर्ड, तबला, ढोलक और पंजाबी ढोल की धुनों ने माहौल को और अधिक जीवंत बना दिया। इस अवसर पर सभासद मोहित कनौजिया, आशीष अवस्थी, धर्मेंद्र तिवारी टीटू, सुशील कश्यप, रामचंद्र राठौर, शाहिद अंसारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय कवि सम्मेलन कल, देशभर के कवि करेंगे शिरकत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। ऐतिहासिक मेला चैती में शनिवार को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जाएगा। नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों के ख्याति प्राप्त कवि अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को मेला परिसर के सांस्कृतिक मंच पर होगा, जिसमें हास्य, व्यंग्य, ओज और श्रृंगार रस की कविताओं की रंगारंग प्रस्तुतियां होंगी। आयोजन में अलवर (राजस्थान) से विनीत चैहान, दिल्ली से नीलोत्पल मृणाल, उन्नाव से स्वयं श्रीवास्तव, प्रयागराज से अखिलेश द्विवेदी, लखनऊ से सुफलता त्रिपाठी, कानपुर से हेमंत पांडेय, हैदरगढ़ से शिव किशोर तिवारी ह्यखंजनह्ण तथा गया (बिहार) से अल्पना आनंद आदि काव्यपाठ करेगें। कार्यक्रम के आयोजक विजय शुक्ला ह्यरिकूह्ण एवं संयोजक डॉ. वेद प्रकाश अग्निहोत्री ने बताया कि यह कवि सम्मेलन मेला चैती का मुख्य आकर्षण रहेगा। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से कार्यक्रम में पहुंचकर साहित्यिक संध्या का आनंद लेने की अपील की है।


## कार्यालय नगर पंचायत मौरावाँ, जनपद उन्नाव

**पत्रांक : 01/ई-निविदा सू/न०पं० मौ० / 2026 27** **दिनांक : 02/4/2026**

**ई-निविदा सूचना**

कार्यालय नगर पंचायत मौरावाँ, उन्नाव के द्वारा ठेकेदारों / फर्मों को सूचित किया जाता है कि 15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत बुनियादी अनुदान की प्रथम किश्त व द्वितीय किश्त से प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत सीमान्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्य हेतु ई-निविदा प्रतिशत दर पर आमन्त्रित की जाती है। निविदादाता कार्य हेतु निविदा डाल सकता है। कार्य का विवरण निम्नवत है :-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि | टेण्डर फार्म की 0.2 कीमत 18 प्रतिशत GST सहित | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | कार्यालय नगर पंचायत मौरावाँ, उन्नाव में मरम्मत का कार्य। | 14,06,723.00 | 28135.00 | 2813+506.00 = 3319.00 | 3 माह |
| 2 | नं.-02 वार्ड नं.-02 पठकी टोला में ट्यूबवेल सुतिया से मोबाईल टावर तक इंटरलाकिंग रोड मरम्मत का कार्य। | 11,13,961.00 | 22280.00 | 2228+401.00 = 2629.00 | 3 माह |
| 3 | वार्ड नं0-12 मझकोरिया पूर्व में नितेश खान के मकान से आफताब के मकान तक इंटरलाकिंग रोड का निर्माण कार्य। | 10,89,394.00 | 21788.00 | 2178+392.00 = 2570.00 | 3 माह |

**मुख्य शर्तें:-**

1. निविदा प्रपत्र आन लाइन उपलब्ध है जो आन लाइन http://etender.up.nic.in पर ही डाउनलोड व अपलोड किया जायेगा।

(a) ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रकाशन की तिथि — 09.04.2026
(b) वेबसाइट पर आनलाइन निविदा डाउनलोड की तिथि — 10.04.2026 प्रातः 11:00 बजे से
(c) ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा डालने की अंतिम तिथि व समय — 29.04.2026 सांय 5:00 बजे तक
(d) ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय — 30.04 2026 प्रातः 1:00 बजे
(e) ई-निविदा खोलने का स्थान — कार्यालय नगर पंचायत मौरावाँ, उन्नाव

**(संतोष चतुर्वेदी)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत मौरावाँ, उन्नाव**

**(विवेक सेठ)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत मौरावाँ, उन्नाव**

संक्षेप

## शॉर्ट सर्किट से आग, एक बीघा गेहूं की फसल राख

**जौनपुर।** केराकत तहसील क्षेत्र के सुरहुरपुर गाँव में गुरुवार को बिजली के शॉर्ट सर्किट ने एक किसान की मेहनत पर पानी फेर दिया। बिजली के तारों से निकली चिंगारी की चपेट में आने से करीब एक बीघा गेहूं की खड़ी फसल और कुछ बंधा बोझ जलकर राख हो गया। सुरहुरपुर निवासी ओमप्रकाश पाण्डेय के खेत के ऊपर से गुजर रहे बिजली के तारों में तेज हवा के चलते अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ। इससे निकली चिंगारी सूखी फसल पर जा गिरी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे खेत को अपनी चपेट में ले लिया। खेत से आग की लपटें उठती देख आसपास के ग्रामीण और परिजन मौके पर दौड़े। स्थानीय स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन पछुआ हवाओं और गर्मी के कारण आग इतनी तेजी से फैली कि जब तक सब पर काबू पाया जाता, तब तक पूरी फसल जल चुकी थी।

## हादसे में अधेड़ की मौत

**जौनपुर।** जिले के मुंगरा बादशाहपुर थाना क्षेत्र के सतहरिया बाजार के निकट डंपर से टकराकर बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई है। यह घटना गुरुवार रात लगभग ग्यारह बजे की है। पंवारा थाना क्षेत्र के सरावां गांव निवासी 45 वर्षीय देवेंद्र सिंह पुत्र शिवा राजन सिंह अपनी बाइक से कहीं से वापस लौट रहे थे। उसी समय डंपर से टकराकर गिर पड़े। स्थानीय लोग पास के स्वस्थ केंद्र पर ले गये जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## भीम आर्मी के मंडल महासचिव के साथ हुई मारपीट

**आजमगढ़।** जहानागंज थाना परिसर में भीम आर्मी के मंडल महासचिव शोभा प्रसाद के साथ कथित मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पुलिस कर्मियों पर अभद्रता और मारपीट का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार, शोभा प्रसाद सोशल मीडिया पर बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में कार्रवाई की मांग को लेकर थाने पहुंचे थे। उनका आरोप है कि वहां मौजूद दीवान ने उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया और अन्य पुलिस कर्मियों के साथ मिलकर मारपीट की। इतना ही नहीं, उनका मोबाइल फोन भी छीन लिया गया और घटना का बनाया गया वीडियो डिलीट कर दिया गया। घटना की निंदा करते हुए भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष एडवोकेट शेषनाथ राव ने कहा कि पुलिस ने शिकायत सुनने के बजाय दुर्व्यवहार किया और शोभा प्रसाद को थाने से भगा दिया। उन्होंने बताया कि घायल अवस्था में उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, थाना प्रभारी अतुल कुमार मिश्रा ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उनका कहना है कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट के मामले में पहले ही कार्रवाई की जा चुकी थी। आदित्य राज की शिकायत पर आदित्य सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दोनों पक्षों को थाने बुलाकर समझौता करा दिया गया था। दोनों पक्षों के अलग-अलग दावों के चलते मामला फिलहाल विवादित बना हुआ है।

# जिला अस्पताल में तैनात होगा न्यूरो सर्जन

### एमएलसी विजय बहादुर के पिता के निधन पर उनके आवास पहुंचकर अर्पित की श्रद्धांजलि



**आजमगढ़।** उप मुख्यमंत्री उप ब्रजेश पाठक का जनपद आजमगढ़ भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत बड़सरा खालसा, पोस्ट कोइनहा, थाना कप्तानगंज स्थित हेलीपैड पर आगमन हुआ। तत्पश्चात उन्होंने मंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग सूर्य प्रताप शाही के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कोइनहा का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जन स्वास्थ्य सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की गुणवत्ता, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई तथा मरीजों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का संकल्प है कि प्रत्येक नागरिक को सुलभ, सस्ती व गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। पैथोलॉजी, महिला वार्ड एवं विभिन्न कक्षों का किया निरीक्षण, मरीजों से किया संवाद निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री ने पैथोलॉजी कक्ष में जांच प्रक्रिया, कम्प्लीट रिपोर्ट कार्ड, जांच पंजिका आदि का अवलोकन किया। इसके साथ ही उन्होंने महिला वार्ड, इंजेक्शन कक्ष, ड्रेसिंग कक्ष एवं सामान्य वार्ड सहित विभिन्न कक्षों का निरीक्षण कर उपस्थित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने सभी चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को समर्पण भाव के साथ जनहित में कार्य करने का निर्देश दिया। इस दौरान गैलरी में कुर्सी पर बैठे मरीजों खांसी से पीड़ित मीरा देवी, दर्द से पीड़ित श्याम कली, अजय तथा लालचंद यादव आदि से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुशील अग्रहरि को निर्देशित किया कि सभी मरीजों का तत्काल चेक अप कर आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय का भी किया निरीक्षण, ओपीडी पंजिका का अवलोकन पीएचसी परिसर में स्थित राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय का निरीक्षण करते हुए उप मुख्यमंत्री ने ओपीडी पंजिका का अवलोकन किया तथा प्रभारी अधीक्षक डॉ लालमन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पीएचसी एवं राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में पर्याप्त साफ-सफाई, आधारभूत सुविधाएं व बेहतर चिकित्सा व्यवस्था पाए जाने पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने सीएमओ डॉ ननकू राम वर्मा को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करते हुए निर्देश दिया कि पीएचसी कोइनहा की तर्ज पर जनपद के सभी सीएचसी/पीएचसी, जिला व मण्डलीय अस्पतालों का दो माह के भीतर मेंटीनेंस कर उन्हें बेहतर बनाया जाए, जिससे सरकार की मंशा के अनुरूप जनपदवासियों को बेहतर चिकित्सकीय सुविधाएं प्राप्त हो सकें। उन्होंने कहा कि अस्पतालों के मेंटीनेंस हेतु धनराशि की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। प्रेस प्रतिनिधियों से वार्ता के दौरान उप मुख्यमंत्री ने बताया जनपद में शीघ्र ही न्यूरो सर्जन की नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश में 81 मेडिकल कॉलेज संचालित हैं और प्रदेश सरकार नागरिकों को उत्तम चिकित्सकीय सुविधा, स्वास्थ्य जांच तथा निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उप मुख्यमंत्री ने जनपद आजमगढ़ के ग्राम बड़सरा खालसा पहुंचकर सदस्य विधान परिषद विजय बहादुर पाठक के पिता राधेश्याम पाठक के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उप मुख्यमंत्री ने दिवंगत के पार्थिव चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान उन्होंने शोक संतप्त परिवारजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और उन्हें इस दुःख की घड़ी में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की कामना की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि माता-पिता का साया जीवन में अमूल्य होता है और उनका निधन परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति दें।

## टोल प्लाजा हटाने को लेकर कांग्रेस का धरना जारी

**मीरजापुर।** जिले के अहरौरा एवं अष्टभुजा (विंध्याचल) टोल प्लाजा को स्थानीय नागरिकों के लिए फ्री करने की मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में चल रहा धरना-प्रदर्शन गुरुवार को भी तीसरे दिन जारी रहा है। इस धरना-प्रदर्शन को आज आम आदमी पार्टी ने अपना समर्थन देते हुए, भ्रष्टाचार की इस लड़ाई में साथ रहने का आश्वासन दिया। इस दौरान आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील कुमार पांडे एडवोकेट ने पार्टी का समर्थन पत्र कांग्रेस के जिला अध्यक्ष डॉ शिवकुमार पटेल को सौंपा। कहा अहरौरा व अष्टभुजा, विंध्याचल टोल प्लाजा स्थानीय नागरिकों के लिए फ्री करने की मांग को लेकर कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे जिला मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन को आप का पूरा समर्थन है। आंदोलन को अपना पूरा समर्थन देने का ऐलान किया। कहा यह मुद्दा मिजार्पुर के किसानों, व्यापारियों, नौजवानों, मजदूर, कामगारों पत्थर एवं ईट व्यवसाय से जुड़ा हुआ मुद्दा है। मिजार्पुर के स्थानीय लोगों को रोज टोल प्लाजा पर टोल के नाम पर आर्थिक दोहन किया जा रहा है, जिसे आम आदमी पार्टी कदापि बर्दाश्त नहीं करेगी।

## थ्रेशर में फंसकर श्रमिक की मौत




**जौनपुर।** बरसठी थाना क्षेत्र के दीनापुर गांव में गुरुवार को गेहूं की मड़ाई के दौरान एक हृदयविदारक हादसा हो गया। थ्रेशर मशीन की चपेट में आने से एक श्रमिक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि शव कई टुकड़ों में बंट गया, जिसे देखकर मौके पर मौजूद लोग सिहर उठे। मृतक की पहचान 35 वर्षीय मुलायम बनवासी पुत्र लालचंद निवासी बनकट बहरैची जिला भदोही के रूप में हुई है। वह पिछले लगभग चार वर्षों से अपने ससुराल भदरांव गांव में पत्नी और एक पुत्र के साथ रह रहा था। परिवार के भरण-पोषण के लिए वह मजदूरी करता था और गांव निवासी पंडित सरोज के ट्रैक्टर-थ्रेशर पर श्रमिक के रूप में कार्यरत था।बताया जा रहा है कि गुरुवार को वह अपने ससुर, साले और अन्य लोगों के साथ बगल के दीनापुर गांव में गेहूं की मड़ाई कर रहा था। मड़ाई के दौरान वह प्लास्टिक की तिरपाल में गेहूं की बालियां भरकर थ्रेशर में डाल रहा था।इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वह थ्रेशर के अंदर खिंचता चला गया। जब तक आसपास मौजूद लोग मशीन को बंद करते तब तक उसकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए।सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से थ्रेशर में फंसे शव को बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर-थ्रेशर को कब्जे में लेकर मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी पूजा का रो-रोकर बुरा हाल है। वह गर्भवती बताई जा रही है, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

## फायरिंग कर पिकअप सवार चोर दो भैंस ले गये

**जौनपुर।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के कूकुडीपुर गांव से पिकअप सवार चोर दो भैस लाद ले गए । जबकि तीसरा लादने के प्रयास में पशु मालिक जाग उठे और चिल्लाने पर वह ईट पत्थर चलाते व फायरिंग करते हुए भाग निकले। घटना से लेकर क्षेत्र में दहशत है। कुकुडीपुर गांव के निवासी रामसागर यादव देवकली माइनर के समीप बनी पाही पर सो रहे थे और वही उनके गाय भैंस अन्य मवेशी भी रहते थे। बुधवार को रात करीब 12 बजे पशुशाला मे पशुओं के बोलने की आवाज सुनकर जागे, तो देखा कुछ लोग मुंह बांधकर भैंस खूटे से छोड़ रहे थे । वह चिल्लाते व ललकारते हुए चोरो की तरफ बढे, इस दौरान भैंस चोरों ने उन पर ही पत्थर चलाना शुरू कर दिया और एक भैंस लेकर पिकअप में लाद भी लिए दूसरी पड़िया भैंस पहले से लाद चुके थे। तीसरी भैस छोड़ने का प्रयास कर रहे थे। लेकिन रामसागर के चिल्लाने पर वह ईट पत्थर चलाते हुए फायरिंग भी कर दिया।इस दौरान रामसागर को ईट पत्थर लगने से हल्की चोटें भी आई ।फिर वह वापस वह चिल्लाना नहीं छोड़े ।जिससे अन्य लोगों की जागने पर वह पिकअप में सवार होकर चोर करंजाकला बाजार की तरफ पिकअप लेकर भाग निकले ।पीड़ित रामसागर के मुताबिक चोरों की संख्या 5 से अधिक थी और सफेद पिकअप पर लाद कर फरार हुए है।

## डीएम का आधा वेतन रोकने का आदेश

**जौनपुर** । सड़क दुर्घटना के एक मामले में वाहन स्वामी से क्षतिपूर्ति की धनराशि की वसूली न करने पर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के जज मनोज कुमार अग्रवाल ने यहां के जिलाधिकारी का आधा वेतन रोकने का कमिश्नर वाराणसी को आदेश दिया। कोर्ट ने जिलाधिकारी के कृत्य को आपत्तिजनक बताया।साथ ही तहसीलदार मछली शहर को कारण बताओं नोटिस जारी किया कि क्यों न उनके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई के लिए मामला उच्च न्यायालय इलाहाबाद को संदर्भित किया जाए। अग्रिम तिथि 22 अप्रैल 2026 नियत की गई है।ज्ञात हो कि सुजानगंज के फत्तूपुर निवासी रामलाल की 16 फरवरी 2019 को मोटरसाइकिल से ससुराल जाते समय टेंपो चालक की लापरवाही से दुर्घटना हो गई थी जिससे उसका पैर कई जगह टूट गया। कई अस्पतालों में उसका इलाज चला और लाखों रुपए खर्च हुए।उसने टेंपो के मालिक गुलाम हसन निवासी लाई मंडी साहबगंज मुंगराबादशाहपुर एवं बीमा कंपनी द ऑरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी के खिलाफ क्षतिपूर्ति का मुकदमा दाखिल किया। टेंपो चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस न होने के कारण कोर्ट ने बीमा कंपनी को उत्तरदाई न मानते हुए वाहन स्वामी को क्षतिपूर्ति का उत्तरदायित्व मानते हुए 1.60 लाख रुपए क्षतिपूर्ति व उस पर 2019 से 7.5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज देने का 21 जनवरी 2025 को वाहन स्वामी को आदेश दिया। आदेश के बावजूद वाहन स्वामी ने भुगतान नहीं किया। तब याची के प्रार्थना पत्र पर कोर्ट ने धनराशि की वसूली के लिए आरसी जारी किया लेकिन तहसीलदार मछली शहर द्वारा न तो वसूली कराई गई और न ही स्पष्टीकरण दिया गया। मछलीशहर तहसीलदार का आधा वेतन रोकने का कोर्ट ने आदेश दिया लेकिन जिलाधिकारी द्वारा वेतन रोकने के संबंध में कोई आख्या प्रस्तुत नहीं की गई और न ही कोर्ट के आदेश का अनुपालन हुआ जिस पर कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया।

## आवासीय नक्शों पर लगी रोक को हटाये एडीए

**आजमगढ़।** प्रोफेशनल इंजीनियर्स एण्ड आर्किटेक्ट्स एसो. के प्रदेश अध्यक्ष इंजी जगदीश प्रसाद सोनकर के नेतृत्व में गुरूवार को जनहित से जुड़े छह मुद्दों को लेकर सीएम को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा गया। संगठन ने आजमगढ़ विकास प्राधिकरण की वर्तमान कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए सुधार की मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष इंजी जगदीश प्रसाद ने बताया एडीए की कार्य व्यवस्था सेजनता को कई प्रकार की समस्याओं वजटिलताओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने 25वीं बोर्ड बैठक के निर्णय का हवाला देते हुए आवासीय नक्शों पर लगाई गई रोक को तत्काल हटाने की मांग की गई है। संगठन का कहना है कि उक्त कार्यो से न केवल सरकारी राजस्व में वृद्धि होगी, बल्कि अवैध निर्माण पर भी रोक लगेगी। इसके अलावा, संगठन ने अवर अभियंता (मैकेनिकल) के स्थान पर सिविल अवर अभियंता की नियुक्ति करने की मांग उठाई है, ताकि भवन निर्माण से जुड़े नक्शों की स्वीकृति प्रक्रिया सुगम हो सके। इंजी सुनील यादव ने बताया हमारी मांगों विप्राा में प्रतिनियुक्ति पर आए कर्मचारियों को हटाकर स्थायी व योग्य अधिकारियों की नियुक्ति की जाए, जिससे विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सके। संगठन ने पोर्टल में हुए बदलाव के बाद पंजीकृत इंजीनियरों, आर्किटेक्ट्स और सुपरवाइजर्स को प्रशिक्षण देने की आवश्यकता भी बताई। साथ ही सुपरवाइजर के लाइसेंस के अनुसार 100 से 200 वर्ग मीटर तक की स्वीकृति सुविधा को विभागीय पोर्टल पर लागू करने की मांग की गई है। एसो.ने प्रशासन से मांग की है कि इन सभी बिंदुओं पर सकारात्मक कार्रवाई की जाए।

## सिकरारा थानाध्यक्ष लाइन हाजिर

**जौनपुर।** उप में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए लागू की गई जीरो फैटलिटी डिस्ट्रिक्ट योजना के तहत बड़ी कार्रवाई की गई है। योजना के परिणामों की समीक्षा के बाद, प्रदेश के 6 थाना प्रभारियों को लाइन हाजिर कर दिया गया है। साथ ही, दो क्षेत्राधिकारी यातायात के खिलाफ प्रारंभिक जांच के आदेश दिए गए हैं। योजना के अंतर्गत प्रदेश के 7 पुलिस कमिश्नरेट और 68 जिले के 487 सर्वाधिक दुर्घटना बाहुल्य थानों को शामिल किया गया था। समीक्षा में सामने आया कि इन चयनित थानों में से 46 थानों में सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि हुई है, जबकि 6 थानों में अत्यधिक वृद्धि दर्ज की गई। जिन 6 थाना प्रभारियों को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर किया गया है, उनमें जौनपुर के सिकरारा थाना प्रभारी उदय प्रताप सिंह, वाराणसी के चोलापुर थाना प्रभारी दीपक कुमार, गोरखपुर के कैम्पियरगंज थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह, कन्नौज के छिबरामऊ थाना प्रभारी विष्णुकांत तिवारी, बाराबंकी के रामसनेही घाट थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद शुक्ला व अलीगढ़ के थाना प्रभारी धीरज शामिल हैं।

# अजब डॉक्टर की गजब कहानी

- चक्कर आने पर दे दी पागलों वाली दवा, जानकर बीएचयू के भी डाक्टरों के उड़े होश
- झोलाछाप पर बेटी को गलत दवा देने का पिता ने लगाया आरोप, कार्रवाई की मांग की




**मीरजापुर।** जिले से झोलाछाप डॉक्टर से जुड़ी हुई एक हैरान करने वाली खबर सामने आई है, जिसे जानकर खुद बीएचयू वाराणसी के भी डाक्टर सकते में हैं, कि आखिरकार इतनी बड़ी लापरवाही भला कैसे? मामला, सिर्फ झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही ही नहीं बल्कि शिकायत करने के बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई का न होना भी पूरे स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार मुलाजिमों को कटघरे में खड़े करने के लिए काफी है। पूरा मामला मीरजापुर जिले के ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के बबुरा कलां गांव से जुड़ा हुआ है जहां के निवासी दिनेश सिंह ने क्षेत्र के रतेह चौराहा स्थित एक झोलाछाप पर बेटी को गलत दवा देने का आरोप लगाया है। उन्होंने पिछले दिनों सीएम पोर्टल पर प्रार्थना पत्र देकर झोलाछाप के विरुद्ध कार्रवाई की गुहार भी लगाई है। दिए गए प्रार्थना पत्र में दिनेश सिंह आरोप लगाया कि कि गत 20 फरवरी 2026 को अपनी 18 वर्षीया पुत्री स्वचाली सिंह को चक्कर आने पर क्षेत्र के देवरी उत्तर गांव स्थित रतेह चौराहा पर 'चिरंजीवी क्लीनिक' में दिखाया तो झोलाछाप डॉक्टर ने पुत्री को एक सप्ताह की दवा खाने के लिए दी। झोलाछाप द्वारा दी गई दवा को बेटी ने खाया तो चार दिन बाद बेटी घर पर गश खाकर गिर पड़ी और उसे चलने में दिक्कत होने लगी। बेटी की दिमागी हालत विक्षिप्त जैसी हो गई। हालत गंभीर देखकर बेटी को उन्होंने मीरजापुर मंडलीय चिकित्सालय ले जाकर दिखाया। जहां चिकित्सक ने बेटी की हालत गंभीर देखते हुए 27 फरवरी को वाराणसी स्थित बीएचयू ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। जहां पुत्री का 19 दिनों तक इलाज चला। बेटी का इलाज कर रहे बीएचयू ट्रामा सेंटर के न्यूरो विभाग के चिकित्सकों ने बताया कि गलत दवा खाने की वजह से बेटी की ऐसी हालत हुई है। बताया कि यह दवा पागलों के इलाज में दी जाती है। बेटी को चलने फिरने में दिक्कत हो रही है और उसकी याददाश्त में सुधार नही हो पा रहा है। आरोप लगाया कि उक्त झोलाछाप बिना किसी चिकित्सा डिग्री व बगैर लाइसेंस के क्लीनिक चला रहा है। भोली भाली जनता का गलत दवा इलाज कर उनकी सेहत और जिंदगी से खिलवाड़ कर रहा है। दिनेश सिंह ने बेटी की हालत के लिए झोलाछाप को जिम्मेदार ठहराते हुए कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी हलिया डाक्टर अवधेश कुमार ने बताया मामले की जांच की जाएगी। झोलाछाप और अवैध रूप से क्लीनिक संचालित करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। पीड़िता के पिता दिनेश सिंह ने बेटी का गलत दवा इलाज करने वाले झोलाछाप डॉक्टर के विरुद्ध कार्रवाई की गुहार लगाई है। दिनेश सिंह ने गत 27 मार्च को सीएम पोर्टल पर झोलाछाप की शिकायत कर कार्रवाई की गुहार लगाई थी। इस मामले में डिप्टी सीएमओ नोडल अधिकारी अवधेश सिंह ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ बबुरा कलां निवासी शिकायकर्ता दिनेश सिंह के घर पहुंचकर नोटिस दिया और आठ अप्रैल को झोलाछाप द्वारा दवा इलाज किए जाने का साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए कहा। नोडल अधिकारी अवधेश सिंह ने रतेह चौराहा स्थित चिरंजीव मेडिकल पर पहुंचकर मामले की जांच करते हुए झोलाछाप को नोटिस जारी की और सीएमओ दफ्तर में चिकित्सा संबंधी कागजातों के साथ प्रस्तुत होने के लिए कहा। वहीं दूसरी ओर झोलाछाप के विरुद्ध कार्रवाई नहीं होने से नाराज पीड़िता के पिता दिनेश सिंह ने सीएम व डीएम से झोलाछाप के विरुद्ध कार्रवाई की गुहार लगाई है।

# मरम्मत करते मिट्टी धंसी, दो मजदूरों की मौत



**जौनपुर।** गैस पाइपलाइन की मरम्मत के दौरान मिट्टी धंसने से दो मजदूरों की मौत हो गई है. एक मजदूर अभी भी फंसा है, जिसके लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है. यह हादसा केराकत कोतवाली थाना क्षेत्र के देवकली बाजार स्थित चौकिया शिवालय के पास बुधवार देर रात की है। एएसपी आयुष श्रीवास्तव ने बताया कि सूचना मिलते ही तत्काल राहत-बचाव कार्य शुरू किया गया। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रारंभिक जांच में मिट्टी धंसने को हादसे का कारण माना जा रहा है, वहीं पूरे मामले की जांच जारी है. ।सीओ अजीत कुमार रजक ने बताया कि मृतकों की पहचान 32 वर्षीय निरंजन कुमार महतो और 20 वर्षीय प्रिंस कुमार निवासी मुजफ्फरपुर, बिहार के रूप में हुई है. उन्होंने बताया दोनों मजदूर पाइपलाइन में हुए लीकेज को ठीक करने के लिए गड्ढे के अंदर वेल्डिंग कर रहे थे। इसी दौरान मिट्टी धंस गई और यह मजदूर उसमें दब गए. हादसे की सूचना मिलते ही केराकत कोतवाली पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम तत्काल मौके पर पहुंचे और उन्हें रेस्क्यू करके बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। वहां डॉक्टर ने दोनों मजदूरों को मृत घोषित कर दिया है. इनके तीसरे साथी के भी मिट्टी में दबे होने की सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक टीम रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही हैं, लेकिन तीसरे साथी का पता नहीं चल सका है। , स्थानीय लोगों का आरोप है कि मरम्मत काम के दौरान सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए थे. इसकी वजह से यह हादसा हुआ है. वहां गड्ढा काफी गहरा था और सुरक्षा मानकों की अनदेखी की गई थी। केराकत कोतवाली के मुक्तिगंज देवकली बाजार के शिवालय के पास गैस पाइपलाइन करीब 30 फीट गहरे गड्ढे में है. इसी पाइपलाइन की मरम्मत और वेल्डिंग का काम चल रहा था।इसी दौरान अचानक ऊपर से मिट्टी भरभराकर गिर पड़ी, जिससे नीचे काम कर रहे मजदूर मलबे में दब गए. घटना इतनी अचानक हुई कि उन्हें संभलने का मौका तक नहीं मिला।


## फाल में डूबने से ऑटो चालक की मौत, दूसरे दिन चट्टानों के दर्रे में फंसा मिला शव

**मीरजापुर।** अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने आए एक ऑटो चालक सैलानी की जलप्रपात में डूबने से मौत हो गई. दूसरे दिन कड़ी मशक्कत के बाद शव बरामद किया गया है। अहरौरा थाना क्षेत्र के सुखदरिया जलप्रपात में बुधवार की शाम डूबे ऑटो चालक सैलानी सन्नी खान का शव 18 घंटे बाद एसडीआरएफ की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद चट्टानों के दर्रे में फंसे शव को खोज निकाला है. जिसे देखते ही मौके पर मौजूद परिजनों मे कोहराम मच गया। बताया जा रहा चंदौली के पड़ाव क्षेत्र स्थित चौरहट के रहने वाला ऑटो चालक सन्नी खान बुधवार को मित्र दिलशाद के साथ सलमान के घर बाराडीह आया हुआ था तभी पिकनिक मनाने का प्लान बना तीनों मित्र सैलानी पिकनिक मनाने लखनिया दरी जलप्रपात पर पहुंचे तो वहां तालाबंदी होने के कारण पहाड़ों तथा जंगल के रास्ते तीनों सैलानी सुखदरिया पहुंचे जहां मौज मस्ती के दौरान नहाते समय पैर फिसलने पर गहरे पानी में जाने से सन्नी खान डूब गया यह नजारा देख मित्रों की हालत खराब हो गई आनन फानन में पुलिस को सूचना दी गई पुलिस मौके पर पहुंची तो सर्च ऑपरेशन देर रात चलाया गया परंतु डूबे युवक का पता नहीं चला तब तक काफी अंधेरा हो गया चुनार से एसडीआरएफ की टीम बुलाई गई खोजबीन के बावजूद अंधेरा होने के चलते रात में डूबे सैलानी सन्नी का पता नहीं चला तो बृहस्पतिवार के सुबह एसडीआरएफ टीम के गोताखोरों ने काफी परिश्रम के बाद पत्थर के दर्रे में फंसे शव को निकाला लिया गया। इस संबंध में अहरौरा थानाध्यक्ष अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि गहरे पानी में जाने से युवक की डूब कर मौत हुई है शव बरामद करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## ठगे गये 3.25 लाख पुलिस ने कराये वापस

**आजमगढ़।** जनपद के कोतवाली थाना क्षेत्र में साइबर फ्रॉड के एक मामले का सफल अनावरण करते हुए पुलिस ने सराहनीय कार्य किया है। एटीएम कार्ड और यूपीआई के दुरुपयोग से ठगी गई 3,25,000 की पूरी धनराशि पुलिस टीम द्वारा वापस करा दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अराजीबाग निवासी रीना प्रजापति ने कोतवाली थाना में प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनका एटीएम कार्ड प्राप्त कर उसका पिन जनरेट कर लिया और उनके बैंक खाते से लगभग 3.25 लाख रुपये निकाल लिए। इस धोखाधड़ी की जानकारी उन्हें 2 अप्रैल 2026 को हुई, जिसके बाद उन्होंने पुलिस से शिकायत की। मामले को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली थाना की साइबर टीम ने तत्काल जांच शुरू की। तकनीकी विश्लेषण के दौरान पता चला कि पीड़िता के परिचित आशीष कुमार प्रजापति, निवासी सठियांव थाना मुबारकपुर, ने ही एटीएम कार्ड का दुरुपयोग किया। उसने मोबाइल के माध्यम से एटीएम पिन जनरेट किया और ओटीपी हासिल कर यूपीआई (फोनपे) आईडी बनाकर एटीएम और यूपीआई दोनों माध्यमों से अलग-अलग किस्तों में पूरी रकम निकाल ली। पुलिस टीम ने तत्परता और तकनीकी दक्षता का परिचय देते हुए नियमानुसार कार्रवाई की और पीड़िता की पूरी 3,25,000 की धनराशि सफलतापूर्वक वापस करा दी। इस कार्रवाई से पीड़िता ने राहत की सांस ली और पुलिस का आभार व्यक्त किया। पुलिस के अनुसार, साइबर अपराधी अक्सर ओटीपी, पिन और अन्य गोपनीय जानकारी प्राप्त कर इस तरह की ठगी को अंजाम देते हैं। इसके अलावा फर्जी केवाईसी अपडेट, यूपीआई रिक्वेस्ट, क्यूआर कोड स्कैन, ऑनलाइन खरीद-बिक्री, सोशल मीडिया हैकिंग और स्क्रीन शेयरिंग ऐप के जरिए भी लोगों को निशाना बनाया जाता है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे किसी भी व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी, पिन या सीवीवी साझा न करें।

# विश्वविद्यालयीय समागम का कुलपति ने किया शुभारंभ




**जौनपुर।** सल्तनत बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय बदलापुर में आयोजित 34वें विश्वविद्यालयीय रोवर्स रेंजर्स समागम का उद्घाटन मुख्य अतिथि कुलपति प्रो वन्दना सिंह द्वारा किया गया। विश्वविद्यालय के इस समागम में जौनपुर और गाजीपुर की जनपदीय समागम की कुल आठ विजेता टीमों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो.वन्दना सिंह ने समागम तैयारियों की प्रशंसा करते हुए इसमें प्रतिभाग करने वाले महाविद्यालयों और रोवर्स-रेंजर्स छात्र-छात्राओं को बधाई व सफलता की शुभकामनाएं दिया। इसके पहले महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष एडवोकेट राकेश कुमार सिंह, प्रबंधक श्याम सिंह, प्राचार्य प्रो.सुनील प्रताप सिंह, अशोक कुमार सिंह, आयोजन सचिवध्रोवर्स-रेंजर्स प्रभारी डॉ. कर्मचन्द यादव एवं महाविद्यालय परिवार द्वारा मुख्य अतिथि को, स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्रम भेंट कर स्वागत व अभिनंदन किया गया। विश्वविद्यालयीय समागम में विशिष्ट अतिथि प्राचार्य प्रो.राकेश कुमार पाण्डे प्राचार्य प्रो.अरुण सिंह एवं पूर्व प्राचार्य प्रो.ब्रजेन्द्र सिंह उपस्थित रहे। संयोजक और महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.सुनील प्रताप सिंह द्वारा विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्रम भेंट कर स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया।

## 6 औषधि प्रतिष्ठानों पर क्रय विक्रय पर दस दिन की रोक

**आजमगढ़।** औषधि निरीक्षक आजमगढ़ सीमा वर्मा द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद में संचालित निम्न औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों का निरीक्षण औषधि निरीक्षक आजमगढ़ द्वारा किया गया था। जॉच के दौरान औषधि प्रतिष्ठानों पर पायी गयी कमियों के आधार पर औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी (विक्रय) आजमगढ़ मण्डल आजमगढ़ के द्वारा माह मार्च-2026 में 6 औषधि प्रतिष्ठानों का अनुज्ञप्ति निलम्बित किया गया है। जिसमे मेसर्स द चार्विक फार्मा, मसं0 25, दलसिंगार नगर, सदर जनपद-आजमगढ़ 10 दिन के लिए। मेसर्स श्री संकट मोचन फार्मास्यूटिकल्स, जीयनपुर, जनपद-आजमगढ़ को अग्रिम आदेश तक के लिए। मेसर्स माँ सरस्वती मेडिकल एजेंसी, खसरा नं0-12, जगदीशपुर, जनपद-आजमगढ़ को अग्रिम आदेश तक के लिए। मेसर्स ए टू जेड मेडिकल हाल, नियर सीएचसी परशुरामपुर, कलमोचीपुर, जमालपुर, जनपद-आजमगढ को अग्रिम आदेश तक के लिए। मेसर्स ए0बी0 मेडिकल स्टोर, भरतपुर खुर्द, अतरौलिया, जनपद-आजमगढ़ को अग्रिम आदेश तक के लिए। मेसर्स भागीरथी फामेर्सी, 907 लाल डिग्गी, बंधा रोड, एलवल, सदर, जनपद-आजमगढ को 10 दिन के लिए क्रय विक्रय पर रोक लगाते हुए निलम्बित किया गया है।

## क्षय रोग कार्यालय में बायोमैट्रिक मशीन से उपस्थिति हुई अनिवार्य

**मीरजापुर।** लंबे समय से बायोमैट्रिक उपस्थिति मशीन से वंचित चलें आ रहे जिला क्षय रोग कार्यालय में बायोमैट्रिक मशीन लगने के बाद खलबली मच गई है। खासकर उन कर्मचारियों में खासा बेचैनी देखी जा रही है जो जब चाहा तब उपस्थिति दर्ज कर चलते बनते थे। ऐसे लोगों को खासा बेचैन देखा जा रहा है। बता दें कि पिछले दिनों जिला क्षय रोग आफिस का सीएमओ ने निरीक्षण किया था निरीक्षण के दौरान कुछ कर्मचारियों के उपस्थित पंजिका में हस्ताक्षर और नियमित उपस्थिति बरती जा रही घोर लापरवाही का मामला सामने आने के बाद हड़कंप मच गया था वही आफिस में बायोमैट्रिक उपस्थिति मशीन लगाएं जाने की कवायद तेज हो गई थी जिससे संबंधित खबर प्रकाशित होने के बाद बाद महकमें में हड़कंप मचा हुआ था। खबर छपने के बाद स्वास्थ्य विभाग जिला क्षय रोग कार्यालय में बायोमैट्रिक मशीन लगाने की कवायत में जुट गया था। बुधवार को इसको अमलीजामा भी पहना दिया गया।

**खबर का असर**

जिसे सुव्यवस्थित कर सभी को इससे जोड़ने के लिए गुरुवार को कार्य होता रहा है। बताते चलें कि जिला क्षय रोग कार्यालय में की ऐसे कर्मचारी हैं जो क्षय रोग नियंत्रण अभियान से जुड़े हुए जरु है, इसके ऐवज में वह वेतन भी पा रहे हैं लेकिन काम और उपस्थिति के मामले में वह मनमर्जी करते हुए आएं हैं जिसको लेकर अन्य कर्मचारियों में अंदर ही अंदर असंतोष देखा जा रहा था। विभागीय सूत्रों की मानें तो यह कर्मचारी विभागीय अभियान में भले ही न दिखाई देते रहे हो लेकिन राजनीतिक भागेदारी इनकी ज्यादा रहीं हैं। इनकी इस रुचि और दृढ़ता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि यह भले ही अभियान में रुचि न लेते रहे हो लेकिन अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा को पूर्ण करते हुए बाकायदा उसकी कटिंग को जरुर विभागीय वाट्सएप ग्रुप में शेयर करना नहीं भूलते रहे हैं ?जिसकी चर्चा खूब होती आई है।

संक्षेप

## फसल की क्षति पर किसान करें शिकायत

**कुशीनगर।** उप कृषि निदेशक अतिंद्र सिंह ने जनपद के किसानो को अवगत कराया है कि वर्तमान समय में गेहूँ एवं सरसों की फसल पककर तैयार है। इन दिनों मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियाँ पकी हुई फसलों के लिए अनुकूल नहीं हैं, जिससे फसल क्षति की संभावना बनी हुई है ।जनपद के लगभग 41,000 किसानों द्वारा रबी सीजन में अपनी फसलों का बीमा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत कराया गया है। उप कृषि निदेशक ने बताया कि जिन किसानों की फसलों को प्राकृतिक आपदा अथवा खराब मौसम के कारण नुकसान हुआ है, वे फसल क्षति होने के 72 घंटे के भीतर अपनी शिकायत दर्ज कराएं।किसान भाई शिकायत दर्ज कराने हेतु टोल-फ्री नंबर 14447 पर कॉल कर सकते हैं।यह नंबर भारतीय कृषि बीमा कंपनी द्वारा संचालित है। इसके अतिरिक्त किसान संबंधित बीमा कंपनी प्रतिनिधि अथवा कृषि विभाग कार्यालय से संपर्क कर भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# महाप्रबंधक ने भटनी रेलवे स्टेशन का किया औचक निरीक्षण

जिला संवाददाता

**भटनी (देवरिया)।**पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक उदय बोरणकर ने गुरुवार को भटनी रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्यों, साफ-सफाई व्यवस्था एवं अन्य सुविधाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

महाप्रबंधक करीब साढ़े 11 बजे अपने अधिकारियों के साथ निरीक्षण यान से प्लेटफार्म संख्या-1 पर पहुंचे। वहां से टिकट घर के पास का निरीक्षण करते हुए दक्षिण दिशा में बने लॉन में खड़े होकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।इस दौरान विभिन्न कार्यों की प्रगति पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।निरीक्षण के बाद महाप्रबंधक अपनी विशेष ट्रेन से सलेमपुर, लार रोड, बेल्थरा रोड होते हुए मऊ के लिए रवाना हो गए।पूरे कार्यक्रम के मद्देनजर स्टेशन परिसर में विशेष साफ-सफाई कराई गई थी और कर्मचारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए थे। स्टेशन के उपरिगामी पुल व आसपास के क्षेत्रों में भी चुना डालकर मार्किंग की गई थी ।हालांकि निरीक्षण का समय लगभग 40 मिनट तक ही सीमित रहा, जिससे लोको पायलट व गार्ड विश्राम गृह तक महाप्रबंधक नहीं पहुंच सके। इससे वहां तैनात कर्मचारियों ने राहत की सांस ली।

इस दौरान रेलवे के दो यूनियनों के शाखा मंत्री मनोज कुमार सिंह व ओबैदुल्लाह खान ने कर्मचारियों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा। वहीं, स्थानीय स्तर पर कोई भी जनप्रतिनिधि यात्री समस्याओं को लेकर मौजूद नहीं दिखा, जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

**● साफ-सफाई व्यवस्था और अन्य सुविधाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए**

## रेल कर्मियों की समस्याओं के समाधान को लेकर दिया ज्ञापन

**भटनी(देवरिया)।**स्थानीय रेलवे स्टेशन पर महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे उदय बोरणकर के आगमन पर एन०ई० रेलवे मजदूर यूनियन की भटनी इकाई द्वारा शाखामंत्री मनोज सिंह के नेतृत्व में रेल कर्मियों की समस्याओं के निराकरण हेतु ज्ञापन दिया गया।

इसके पूर्व महर्षि देवरहा बाबा की फोटो भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया। ज्ञापन के माध्यम से मांग किया गया कि वाराणसी मंडल में पुराने रेल आवासों को जर्जर घोषित कर नए मल्टी स्टोरी आवास बनवाया जाए, गेटमैन कर्मचारियों को 12 घंटे से घटाकर 8 घंटे ड्यूटी रोस्टर किया जाए, कर्मचारियों की विभिन्न विभागीय चैनल के माध्यम से प्रमोशन किया जाए, इंटेक कोटे की अधिसूचना शीघ्र जारी किया जाए। इसके साथ ही अन्य प्रमुख मुद्दे शामिल रहे। शाखा मंत्री मनोज सिंह ने बताया कि महाप्रबंधक द्वारा सकारात्मक आश्वासन दिया गया। ज्ञापन देने के दौरान प्रमुख रूप से शाखा मंत्री मनोज सिंह, अशोक गौतम, आलोक सिंह, गंगा प्रसाद पांडेय, मानसिंह यादव, पुष्पेंद्र कुमार, मुकेश मुर्मू, प्रशांत सिंह आदि उपस्थित रहे।

इसी क्रम में इण्डियन मेन्स कांग्रेस के शाखा मंत्री ओब्देबुल्लाह खान के नेतृत्व में रेलवे कर्मचारियों से सम्बन्धित 12 सूत्रीय माँगो का पत्रक पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक को दिया गया।

ज्ञापन में बताया गया है कि मण्डल के आधा दर्जन स्टेशनों पर रहने के लिए आवास नही और जहाँ है वहाँ मरम्मत के आभाव में रहने लायक नही है। सभी गेटो पर लगे नल का पानी प्रदुषित हो गया है, पीने योग्य पानी नही है। यूनियन के लोगो का एनएच का भुगतान नही हुआ है। ट्रेकमैन मेठ व टीआरडी विभाग को भी हाई एलाउन्स दिया जाय।

गेट मैनो को आठ घण्टे का रोस्टर लागु किया जाय। दक्षिण रेलवे कालोनी के बाउंड्री वॉल कराये जाने, देवरिया रेलवे स्टेशन के पश्चिम यार्ड में बने झोपड़ी झुग्गी को हटवाकर साफ कराये जाने, भटनी रेलवे स्टेशन व कालोनी के सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई है।

इसके साथ ही यह भी कहा गया है कि भटनी में रेलवे के सभी विभागों का कार्यालय है, लेकिन अस्पताल नहीं है। तथा दोनो कालोनियों की बाउंड्री वॉल कराये जाने की मांग की गई है।

## प्रतिष्ठानों पर कैमरे अवश्य लगवायें : थाना प्रभारी



भरथना, इटावा।शासन की मंशानुरूप सुरक्षात्मक ढंग से व्यापार करने के लिए सभी व्यापारी अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर कैमरे अवश्य लगवायें।साथ ही रात्रि के समय दुकान के बाहर कम से कम एक बल्ब के माध्यम से रोशनी का भी प्रबन्ध करें।ताकि आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने में और अधिक सहूलियत मिल सके। उक्त बात कस्बा के मुहल्ला जवाहर रोड स्थित अवध गार्डन में सरार्फा कमेटी के तत्वाधान में पालिकाध्यक्ष अजय कुमार यादव गुल्लू की उपस्थिति में आयोजित स्वागत सम्मान के दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह ने मौजूद व्यापारियों से कही।अभी हाल ही में नगर में हुई दो चोरियों तिलक रोड स्थित सरार्फा दुकान से 10 सोने की अंगूठी व गोविन्द नगर में फौजी के सूने पडे घर में हुई चोरी की घटना का पुलिस की सजगता के चलते हुए मय माल तत्काल पदार्फाश पर पुलिस कर्मियों का मनोबल बढाने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में सरार्फा कमेटी के अध्यक्ष राहुल यादव, महामंत्री शरद दीक्षित, कोषाध्यक्ष रणवीर सिंह वर्मा ने मुख्य अतिथि चैयरमैन अजय कुमार यादव गुल्लू, थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह, निरीक्षक अपराध अरिमर्दन सिंह, कस्बा चैकी इंचार्ज तन्मय चैधरी सहित का. शोभाराम, सोनवीर चैधरी, अजय सिंह, गौरव कुमार, रामदत्त आदि का माल्यार्पण, अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत सम्मान किया।इस मौके पर पूर्व नगर अध्यक्ष सपा प्रताप सिंह वर्मा, अंकित यादव, सार्थक यादव छोटू, सन्तोष वर्मा सहित समस्त नगर के सरार्फा व्यापारियों व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अध्यक्षता पूर्व सरार्फा कमेटी अध्यक्ष करूणाशंकर दुबे व संचालन रणवीर सिंह वर्मा ने किया।

## आगामी अभियानों को लेकर हुई भाजपा की बैठक



**देवरिया ।** क्षेत्र के औरा चौरी स्थित पार्टी कार्यालय पर विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक की । बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने बताया कि गांव चलो अभियान, सरकार की योजनाओं को बूथ स्तर तक पहुंचाने के लिए सभी कार्यकर्ता कार्यक्रम को प्रारंभ करें, इसी क्रम में 14 अप्रैल को डा भीम राव अंबेडकर की जयंती सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाई जाएगी तथा सभी मंडलों में गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा ।13 अप्रैल को स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा जिसमें सभी कार्यकर्ता अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें ।

उन्होंने कहा कि इन सभी कार्यक्रमों को सुचारू पूर्वक चलने के लिए सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता तन्मयता से कार्य करें ।बैठक के दौरान जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा, जिला महामंत्री श्रीनिवास मणि त्रिपाठी, जिला मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा, नगर महामंत्री सुधीर मधेशिया, मीडिया संपर्क प्रमुख सुधीर श्रीवास्तव, यशवंत शाही, रंजन सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## दबंगई के बल पर फसल कटवाने की धमकी

**भटनी(देवरिया)।**स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम जगरनाथ छपरा में स्थिति बैनामें की जमीन पर बोई गयी गेहूं की फसल को उसी गाँव का एक व्यक्ति दबंगई के बल पर लगातार कटवाने की धमकी दे रहा है ।

इस सम्बन्ध मे ग्राम घाँटी टोला रायपुरवा निवासी थाना भटनी तहसील भाटपाररानी प्रवीण कुमार राय द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को दिये गये आवेदन पत्र में लिखा है कि ग्राम जगरनाथ छपरा निवासी हरीलाल कुर्मी द्वारा लिखवाये गये जमीन को 2022में रजिस्ट्री कराया हरीलाल कुर्मी काउक्त बैनामें की जमीन पर आज भी स्थगनादेश है उस भूमि पर मेरे द्वारा गेहूं की फसल 2022से लगातार बोई जा रही है ।उसी गाँव का एक व्यक्ति दबंगई व अधिकारियों से साँठगाँठ कर फसल को काटवाने की धमकी दी जा रही ।

राय ने अपने लिखे आवेदन पत्र में लिखा है कि शान्ति बहाल के लिए व विवाद की स्थित में उक्त भूमि जप्त करने की माँग किया है ।

# गुमशुदा छह लड़कियां बरामद

जिला संवाददाता



**कसया, कुशीनगर।** पुलिस अधीक्षक कुशीनगर के निर्देश पर गठित पुलिस टीमों ने छः गुमशुदा लड़कियों को सुरक्षित बरामद कर लिया।

पुलिस द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार थाना कसया पर सूचना प्राप्त हुई कि छह लड़कियां अपने घर से बिना किसी को सूचित किए निकल गई है। इनमें से एक लड़की ने अपने मित्र को बताया था कि वे सभी लखनऊ जा रही हैं और स्वयं कमाकर अपने पैरों पर खड़ी होंगी। इस सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुये थाना कसया पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

एसपी कुशीनगर के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी कसया के नेतृत्व में तत्काल गुमशुदा लड़कियों की खोजबीन हेतु विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण, तकनीकी सहायता, विभिन्न जिलों में समन्वय और गहन तलाशी अभियान चलाया और गुरुवार को सभी 06 लड़कियों को जनपद बस्ती के गौर स्टेशन से सकुशल और सुरक्षित बरामद कर लिया। पूरे प्रकरण की गहनता से विवेचना की जा रही है। पुलिस अधीक्षक कुशीनगर ने इस सफल ऑपरेशन में शामिल सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना की गयी है। बरामदगी करने वाली टीम में प्र0नि0 कसया आशुतोष सिंह, प्र0नि0 तमकुहीराज गिरिजेश उपाध्याय, उ0नि0 स्वतन्त्र कुमार सिंह स्वाट प्रभारी मय टीम, उ0नि0 आदर्श मिश्रा, उ0नि0 गनेश प्रजापति, क0आ0 (ग्रेड बी) शम्मी कुमार सर्विलांस सेल, क0आ0 (ग्रेड बी) सुशील कुमार सिंह सर्विलांस सेल, म0का0 साधना गिरी म0का0 शैलजा तिवारी शामिल रहे।

## इटावा जंक्शन पर अवैध शराब बरामद,एक गिरफ्तार

इटावा।जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त कार्रवाई में ट्रेन संख्या 15484 सिक्किम महानंदा एक्सप्रेस से अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई। प्लेटफार्म नंबर 3 पर चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को पकड़ा गया, जिसके पास से 48 बोतल शराब मिली। आरोपी को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उ.प्र. शासन के निर्देश पर रेलवे पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत जीआरपी इटावा, आरपीएफ और सीआईबी की टीम संयुक्त रूप से ट्रेनों में चेकिंग कर रही थी।इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि सिक्किम महानंदा एक्सप्रेस में अवैध शराब ले जाई जा रही है।सूचना मिलते ही टीम ने समन्वय बनाकर इटावा जंक्शन पर ट्रेन रुकते ही सघन जांच शुरू कर दी।गिरफ्तारी के बाद आरोपी के खिलाफ थाना जीआरपी में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।इस कार्रवाई में थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार के नेतृत्व में जीआरपी, आरपीएफ व सीआईबी की टीम शामिल रही जिन्होंने संयुक्त रूप से इस आपरेशन को सफल बनाया।

## हेड कांस्टेबल 12 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

इटावा।एंटी करप्शन की टीम ने आबकारी विभाग के हेड कॉन्स्टेबल को 12 हजार रुपए की घूस लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया।आरोपी सिपाही क्षेत्र की एक कंपोजिट शराब दुकान के लाइसेंसधारक से हर महीने रिश्वत मांगता था न देने पर लाइसेंस रद्द कराने और छापेमारी कराने की धमकी देता था। लाइसेंस धारक की शिकायत पर कानपुरनगर की एंटी करप्शन टीम ने छापेमारी करते हुए आरोपी सिपाही को घूस लेते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया। फिलहाल टीम उसे आगे की पूछताछ के लिए कानपुर लेकर चली गई है।टीम मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।आबकारी विभाग में हैड कांस्टेबल पद पर तैनात तहसीलदार सिंह को एंटी करप्शन टीम, कानपुर नगर ने बुधवार को 12 हजार रूपए घूस लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया।टीम आरोपी सिपाही को पकड़कर अपने हाथ पूछताछ के लिए कानपुर नगर लेकर वापस लौट गई है।जिला आबकारी अधिकारी विजय पाल वर्मा ने बताया कि यह अच्छे कांस्टेबल थे।पढ़े लिखे और काम में अच्छे थे।हम लोग खुद चैंक गए कि उनकी इस मामले में गिरफ्तारी हुई है।

## नियमित व्यायाम से कम हो रही हाथी पांव की सूजन

**देवरिया।** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत पथरदेवा ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर सेमरी सम्बंधित आंगनबाड़ी केंद्र में गुरुवार को पीएसपी (पेशेंट स्टेक होल्डर प्लेटफार्म) के सहयोग से फाइलेरिया मरीजों को रोग प्रबंधन के लिए एमएमडीपी प्रशिक्षण दिया गया। 20 मरीजों को प्रभावित अंग की साफ सफाई के लिए एमएमडीपी किट का वितरण किया गया, जिससे वह घर पर ही अपने घावों और पैरों की बेहतर देखभाल कर सकें। इस दौरान पीएसपी सदस्य सीएचओ ने डेमो देकर प्रभावित अंग की साफ सफाई की जानकारी दी।

प्रशिक्षण के दौरान वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक नवीन प्रकाश ने कहा कि नियमित सफाई से फाइलेरिया प्रभावित अंग की सही देखभाल, साफ सफाई और व्यायाम से हाथीपांव की सूजन में कमी आई है। इसके साथ ही फाइलेरिया के अटैक भी कम हुए हैं। उन्होंने बीमारी की गंभीरता के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि फाइलेरिया बीमारी क्यूलेक्स मच्छर फाइलेरिया संक्रमित व्यक्ति को काटने के बाद किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटता है तो उसे भी संक्रमित कर देता, लेकिन संक्रमण के लक्षण पांच से 15 वर्ष में उभरकर सामने आते हैं। इससे व्यक्ति के हाथ-पैर में सूजन की शिकायत होती है या फिर अंडकोष में सूजन आ जाती है।

महिलाओं को स्तन के आकार में परिवर्तन हो सकता है। शुरूआत में रोग की पहचान होने पर इसे रोका जा सकता है। इस बीमारी से साल में एक बार लगातार पांच साल दवा के सेवन से बचा जा सकता है। पीएसपी सदस्य सीएचओ अनुराधा ने फाइलेरिया मरीजों को हाथी पांव की नियमित सफाई, सूजन कम करने के उपाय, और संक्रमण से बचाव की जानकारी दी।

## एसएससी सीजीएल में एमईए में सचिन गुप्ता का एएसओ पद पर चयन



**कुशीनगर।** फाजिलनगर क्षेत्र के ग्राम नकटहां मिश्र टोला हतवा निवासी रमेश गुप्ता के पुत्र सचिन गुप्ता ने एसएससी सीजीएल 2025 परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया रैंक 511 प्राप्त कर गांव, क्षेत्र और जिले का नाम रोशन किया है। उनका चयन भारत सरकार के एमईए में असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर के पद पर हुआ है। सचिन की सफलता पर ग्राम प्रधान मनोज पाण्डेय सहित समस्त ग्रामवासियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। भाजपा चौरा मंडल के उपाध्यक्ष विनोद पांडेय ने भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सचिन की यह सफलता न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे गांव और क्षेत्र के लिए सम्मान की बात है। इस उपलब्धि पर समाजसेवी अजय शुक्ला, भाजपा नेता सत्येंद्र मिश्र, रमाशंकर पांडेय, अशोक पाण्डेय, पवन पांडेय, संजय पांडेय, कन्हैया पांडेय, विजय पांडेय, सुरेंद्र पांडेय, रमेश चौरसिया, प्रेमसागर मिश्र, दिनेश मिश्र, त्रिलोकी मिश्र, रामनाथ, सुरेश गुप्ता, भुआल गुप्ता, महेश गुप्ता, सुनील प्रसाद सहित अनेक गणमान्य लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

## डॉ. स्कंद शुक्ला ने डीआईओएस देवरिया का पदभार संभाला



**देवरिया।** शिक्षणेत्तर कर्मचारी महासंघ जनपद-देवरिया द्वारा नवागत जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ०स्कन्द शुक्ला का जिला मुख्यालय पर फूल माला आदि से स्वागत किया गया। स्वागत से अभिभूत जिला विद्यालय निरीक्षक महोदय ने कहा कि कार्यालय को आप सभी के सहयोग की अपेक्षा रहेगी।सभी के साथ मिलकर कर्मचारियों के हित में काम किया जाएगा। प्रदेश सचिव आलोक राय द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक महोदय से उपस्थित पदाधिकारियों का परिचय कराया गया।स्वागत कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष संजय राय,मंडलीय सह सचिव देवेश मल्ल,जिला संरक्षक कन्हैया सिंह,जिला अध्यक्ष विनोद सिंह,जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र श्रीवास्तव,फतेह बहादुर मल्ल, जिला मंत्री आशुतोष द्विवेदी,जिला कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

## मनोनीत सभासदों ने ली शपथ



इकदिल, इटावा। आदर्श नगर पंचायत इकदिल के विकास रथ को नई ऊर्जा देने के लिए शासन द्वारा मनोनीत किए गए तीन सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को पूरे सम्मान और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। नगर पंचायत परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक सरिता भदौरिया उपस्थित रहीं। ?समारोह के मुख्य रूप से उपजिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव ने शासन द्वारा मनोनीत सभासद शिवेंद्र मिश्रा मोहल्ला कुमरहान देशराज राजपूत मोहल्ला लुधियात और ममता शाक्य मोहल्ला कछियात को पद की शपथ दिलाई। शपथ के उपरांत सभासदों ने नगर के चहुंमुखी विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। ?इस अवसर पर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि नगर का विकास शासन की प्राथमिकता है। मनोनीत सदस्यों के अनुभव और ऊर्जा से इकदिल नगर पंचायत में जनहित के कार्यों को नई दिशा मिलेगी।नगर पंचायत अध्यक्ष साधना पिंकू दोहरे ने सभी नवागत सदस्यों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया और विश्वास जताया कि सभी सदस्य एकजुट होकर नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहयोग करेंगे।संचालन प्रख्यात उद्घोषक डॉ. सुशील सम्राट ने अपनी चिरपरिचित शैली में किया।

## भाजपा ने जनसंपर्क अभियान चलाया



इटावा। भाजपा संगठन द्वारा गांव-बस्ती चलो अभियान के रूप लाभार्थी जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा हैं। जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने लाभार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे इन योजनाओं एवं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं और अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ें। कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि 7 से 12 अप्रैल तक चलने वाले गांव बस्ती सम्पर्क अभियान के तहत जिले के सभी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं संगठन के जिम्मेदार कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर जनसंपर्क करेंगे तथा लाभार्थियों से संवाद स्थापित करेंगे। इस अवसर पर पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, जिलामहामंत्री हरनाथ कुशवाह, जिलाउपाध्यक्ष संजीव भदौरिया, अमित तिवारी, यशवर्धन चैधरी, जिलामंत्री सुरेश राजपूत, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, अंकित सैनी, ब्रजेश शर्मा, सभासद यदुनाथ राजपूत सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## भगवान की भक्ति से जीव भव सागर से हो जाता है पार: पं.अजय शास्त्री



**कसया।** तहसील के ग्राम सभा चैनपुर में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन वृन्दावन से पधारे कथा व्यास पंडित अजय शास्त्री ने

कहा कि भगवान की भक्ति से जीव भाव सागर पार हो जाता है।कथा ब्यास ने ब्रह्मा से सृष्टि रचना, जय, विजय, हिरण्यकश्यपु, हिरण्याक्ष के जन्म की कथा, नारद अवतरण, वाराह अवतार, मनु सतरुपा, सती अनसूईया ,दक्ष प्रजापति, सती, भगवान शंकर विवाहोत्सव की रसमय कथा सुनाते हुए कहा कि जिस स्थान पर श्रीमद्भागवत कथा होती है वह स्थान तीर्थ बन जाता है।उस स्थान पर सभी देवता उपस्थित रहते हैं।कहा कि जिस व्यक्ति में ईर्ष्या का भाव रहता है वह सदैव सबका अनिष्ट ही सोचता है।सन्त का अर्थ बताते हुए कहा कि सन्त सबका भला सोचता है हमें हमेशा सन्त की संगति में रहना चाहिए।जीव अपने कर्म के अनुसार अगला जन्म पाता है।अन्न का कण और सन्त का मिला क्षण बर्बाद नही करना चाहिए।सन्त से सदैव भक्ति और मोक्ष की बात करनी चाहिए।पुत्र कुपुत्र हो सकता है परन्तु माता कुमाता नही हो सकती।कलाकार नितिन ने भगवान शंकर व उनके ताण्डव नृत्य की अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया।मुख्य यजमान आरती देवी एवं सुरेश प्रसाद गुप्त, अभिषेक कुमार गुप्त ने सपत्नीक व्यास गद्दी का पूजन किया। आचार्य सत्यप्रकाश पाण्डेय, उपाचार्य अनुराग दूबे ने पुरोहित रहे। इस दौरान ब्रह्मानंद गुप्त, बसन्त लाल, रमाकान्त, नथुनी, हरी लाल उपस्थित रहे।

## कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में नवजात बालिकाओं का सम्मान

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के निदेर्शानुसार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत जिला प्रोबेशन कार्यालय द्वारा 09 अप्रैल 2026 को संयुक्त जिला चिकित्सालय, रविन्द्रनगर धूस, कुशीनगर के सभागार कक्ष में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी सुश्री वंदिता श्रीवास्तव द्वारा की गई। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी अरूण कुमार दूबे एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा० दिलीप कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत विगत 03 दिवस के भीतर जन्मी नवजात कन्याओं का जन्मोत्सव केक काटकर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कुल 21 नवजात कन्याओं एवं उनकी माताओं—श्रीमती प्रियंका पत्नी अमरजीत कुशवाहा, श्रीमती नैना पत्नी रामअसर चौहान, श्रीमती रानी पत्नी प्रदीप कुशवाहा, श्रीमती रंजू देवी पत्नी राजकुमार, जुवैदा खातून पत्नी सलामुद्दीन, श्रीमती रीता देवी पत्नी जयहिन्द, श्रीमती अंजू देवी पत्नी महेश प्रसाद, श्रीमती प्रिया पत्नी नरेश, नसूसन नेशा पत्नी सैफअली, श्रीमती चन्द्रकला पत्नी अमित गुप्ता, श्रीमती श्वेता पत्नी नरेन्द्र, श्रीमती प्रियंका कुशवाहा पत्नी परशुराम कुशवाहा, रुकसाना पत्नी सलाउद्दीन, सहिना खातून पत्नी आशिक अली, इमरैना पत्नी अस्तफॉक अहमद, श्रीमती शिशु मंजली पत्नी मुकेश साहनी, श्रीमती अर्चना देवी पत्नी भूमानंद दूबे, श्रीमती ममता देवी पत्नी लालबाबू, श्रीमती संगीता पत्नी सुखल मद्धेशिया, श्रीमती लक्ष्मी देवी पत्नी बबलू, श्रीमती चन्दा कुमारी पत्नी गोलू, श्रीमती शशिबाला पत्नी जितेन्द्र कुमार, श्रीमती कविता देवी पत्नी अयोध्या चौहान, श्रीमती प्रीति देवी पत्नी शिवनरायन एवं श्रीमती साक्षी पत्नी विजय सिंह – को मिष्ठान, अंगवस्त्र, बेबी किट, हल्दी पैकेट, गुड़िया एवं चॉकलेट आदि उपहार प्रदान किए गए।जिला प्रोबेशन अधिकारी अरूण कुमार दूबे द्वारा प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए पात्र लाभार्थियों से योजना का लाभ लेने एवं अन्य पात्र महिलाओं को लाभ दिलाने का अनुरोध किया गया। कार्यक्रम के दौरान डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर नलिन सिंह द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के बारे में जानकारी प्रदान की गई। श्रीमती प्रीति सिंह द्वारा चाइल्ड हेल्पलाइन (1098), वन स्टॉप सेंटर (181), वूमेन हेल्पलाइन (1090), आपातकालीन सेवा (112), एम्बुलेंस सेवा (108 एवं 102) आदि हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए पम्पलेट वितरित किए गए। श्रीमती बन्दना कुशवाहा द्वारा उपस्थित माताओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया एवं आवश्यक अभिलेखों की जानकारी देते हुए पात्र कन्याओं का आवेदन कराने हेतु प्रेरित किया गया।

## इंडेन गैस एजेंसी में अव्यवस्थाएं हावी

जसवंतनगर, इटावा। नगर के बस स्टैंड के पास स्थित इंडेन गैस एजेंसी पर इन दिनों उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।सुबह से शाम तक लंबी कतारों में खड़े रहने के बावजूद लोगों को गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा, जिससे उपभोक्ताओं में रोष व्याप्त है।उपभोक्ताओं का आरोप है कि एजेंसी पर तैनात कर्मचारी संतोषजनक जवाब नहीं दे रहे हैं।कई दिनों से चक्कर काटने के बावजूद कभी बुकिंग, तो कभी केवाईसी या कागजी कमी बताकर गैस देने से मना कर दिया जाता है।

कुछ उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्हें पर्ची देने के बाद भी सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है।ग्राम मलजनी निवासी राधेश्याम, शहनाज बेगम, नवलेश कुमार व अजब सिंह समेत कई लोगों ने बताया कि उन्हें तीन-चार दिन पहले पर्ची दे दी गई थी, लेकिन अब तक गैस नहीं मिली।वे रोजाना एजेंसी के चक्कर काट रहे हैं और खाली हाथ लौटने को मजबूर हैं।निलोई गांव निवासी शहनाज बेगम पत्नी अनवार खान ने बताया कि उन्होंने उज्ज्वला योजना के तहत कनेक्शन लिया था।

# डाकिया या दलाल

एक मुहावरा है 'घर में नहीं दाने, अम्मा चली भुनाने।' लगता है यह पाकिस्तान के लिए लिखा गया है। पाकिस्तान खुद युद्ध में है और चीन से गिडगिड़ा रहा है कि वह तालिबान को समझाये कि पाकिस्तान की पिटाई कम करे। पाक खुद युद्ध में उलझा है, मध्यस्थता कराने की हैसियत नहीं, उसकी मध्यस्थता को मध्यपूर्व युद्ध में सबसे बड़ा स्टॉकहोल्डर इजराइल स्वीकार नहीं कर रहा है, लेकिन फिर भी जोर-शोर से दावे कर रहा है और इसी बहाने वह न सिर्फ सऊदी अरब से कुछ डॉलर चाहता है बल्कि अब तो पाकिस्तान में सेना के पालतू नेता शहबाज-मुनीर के लिए नोबेल पुरस्कार भी मांग रहे हैं। पहले से ही पाकिस्तान बार-बार ट्रंप के लिए नोबेल पुरस्कार मांग रहा था और अब तो अपने जेहादी जनरल के लिए भी उसे नोबेल चाहिए। अगर नोबेल पुरस्कार दुनिया में भय, अस्थिरता, अराजकता के जनक ट्रंप को दे दिया जाये और आतंकवाद की फैक्ट्री चलाने वाले पाकिस्तान के जेहादी जनरल को भी मिल जाये, तो मानकर चलिए की कोई भी सभ्य नागरिक यह पुरस्कार लेना नहीं चाहेगा। लेकिन पाकिस्तान है कि मानता नहीं। दरअसल विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान को 'दलाल नेशन' का तमगा दिया है, जो एकदम सटीक है। वह कहीं भी दलाली, झुठाई और विश्वासघात से बाज नहीं आ रहा है। ऐसे में उसकी दलाली, मध्यस्थता या फिर इधर-उधर गलत संदेश पहुंचाने की डाकिया गीरी कब तक चलेगी कुछ कहा नहीं जा सकता। जहां तक युद्ध विराम और ट्रंप के साथ किसी समझौते की बात है, तो उसका कोई भविष्य नहीं। ट्रंप के किसी भी मामले से दूर रहना ही सबसे बेहतर कूटनीति है और भारत यही कर रहा है। हालांकि युद्ध न हो, यह पूरी दुनिया चाहती है। इसलिए अगर मध्यपूर्व में बमों-मिसाइलों की आग थमती है, तो इसका स्वागत है। क्योंकि ट्रंप ने बहुत ही बेहूदा धमकी दी थी। बहरहाल कयामत की रात, बिना कयामत के ही, गुजर गई और एक सभ्यता भी खत्म होने से बच गई। ईरान की 5-6 हजार साल पुरानी सभ्यता को खत्म भी नहीं किया जा सकता था, ट्रंप की लफ्फाजी से ईरान खत्म नहीं होगा। सिकंदर और मंगोल भी ईरान की सभ्यता को खत्म नहीं कर पाये। बहरहाल सभ्यता खत्म करने की डेडलाइन से पहले ही, 8 अप्रैल की भोर में, युद्धविराम की घोषणा कर दी गई। युद्धविराम फिलहाल दो सप्ताह तक रहेगा। यह घोषणा करने से पहले राष्ट्रपति ट्रंप ने फोन पर इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू से बात चीत की। अंततः नेतन्याहू को ट्रंप का फैसला स्वीकार करना पड़ा। ईरान युद्ध के 40वें दिन युद्धविराम हो सका है। अब वैश्विक सवाल और जिज्ञासा है कि क्या युद्ध का यह दौर स्थायी रूप से खत्म होगा? क्या अमरीका अपनी सेना को वापस बुला लेगा? क्या इजरायल ईरान का कमजोर करने के अपने पुराने लक्ष्य और मंसूबे को हासिल करने के लिए युद्ध की फिर शुरूआत करेगा? बेशक राष्ट्रपति ट्रंप इस अस्थायी युद्धविराम को ही मुकम्मल जीत मान रहे हैं, विश्व शांति का सबसे बड़ा दिन कह रहे हैं और इसे मध्य-पूर्व के स्वर्ण-युग का दिन भी करार दे रहे हैं, लेकिन हकीकत यह है कि 39 दिन के युद्ध में वह पूरी तरह नाकाम रहे हैं। ईरान में कट्टरपंथी हुकूमत बदलने, परमाणु कार्यक्रम को समाप्त करने, बैलिस्टिक मिसाइल के उत्पादन पर अंकुश लगाने, होर्मुज स्ट्रेट को खुलवाने, ईरानी सेना को नेस्तनाबूद करने, ईरान में बगावत और सत्ता-परिवर्तन कराने, तेल पर कब्जा करने के जो अमरीकी, घोषित मंसूबे थे, राष्ट्रपति ट्रंप उनमें नाकाम रहे हैं। सभ्यता-विध्वंस की डेडलाइन से पहले ही उन्हें ईरान का 10-सूत्रीय प्रस्ताव स्वीकार करना पड़ा। अब दोनों देश दीर्घकालीन शांति-समझौते पर बातचीत करेंगे। दरअसल इस युद्ध में, युद्धविराम तक, न तो अमरीका जीता और न ही ईरान पराजित हुआ है। सिर्फ बर्बादी और विध्वंस हुआ। अगर यह युद्ध थमता है और शांति आती है, तो यह पूरी दुनिया के लिए बड़े राहत की बात होगी साथ ही अमरीका के खाते में इतिहास एक बड़ी पराजय भी दर्ज करेगा।



**दरअसल मध्यस्थता के तराने गा रहे पाकिस्तान की इसमें अधिकतम भूमिका दलाल या डाकिया तक ही सीमित है।**

---

### विचार

अपनी उन्नति और शत्रु का विनाश– यही दो नीति है। इन्हीं को अंगीकार करके कुशल पुरुष अपनी वाक् चतुरता का विस्तार करते हैं।

–माघ.

जो मूर्ख दुष्टों का साथ करता है, वह अपने हाथों से अपने पैरों में कुल्हाड़ी मारता है।

– वृन्द.

सबसे कठिन तीन वस्तुएं हैं– एक रहस्य को अप्रकट रखना, कष्ट को भूल जाना और अवकाश का सदुपयोग करना।

–चिलो.

विनम्रता से अच्छी कोई नीति नहीं। जहां होशियार जुबान असफल हो जाती है, वहां अच्छा व्यवहार बहुत काम कर जाता है।

– मेंगून.

चिंता से ही चिंता दूर होती है। धोखा देकर इसे रोकने का प्रयस करने से परिणाम उल्टा होता है।

–रवीन्द्र नाथ टैगोर.

# आखिर इस विधेयक पर क्यों बढ़ रहा विवाद

**नरेंद्र शर्मा**

केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सामान्य प्रशासन) विधेयक, 2026 (सीएपीएफ विधेयक) को 2 अप्रैल 2026 को दोनों सदनों ने ध्वनि मत से पारित कर दिया, जबकि सबसे पहले यह राज्यसभा में 25 मार्च 2026 को पेश किया गया था। इस विवादित विधेयक में कहा गया है कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) में इंस्पेक्टर जनरल की रैंक के कुल 50 प्रतिशत पद, अतिरिक्त महानिदेशक (एडिशनल डायरेक्टर जनरल) रैंक के कम से कम 67 प्रतिशत पद और विशेष महानिदेशक (स्पेशल डायरेक्टर जनरल) व महानिदेशक (डायरेक्टर जनरल) की रैंक के 100 प्रतिशत पद भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के उन अधिकारियों से भरे जायेंगे जो प्रतिनियुक्ति (डेपुटेशन) पर हैं। विपक्ष के नेताओं व अवकाश प्राप्त सीएपीएफ अधिकारियों ने इस विधेयक की आलोचना की है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने इस विधेयक पर केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा है कि अर्द्धसैनिक बल पर नियंत्रण के लिए किसी को भी ऊपर नहीं बैठाया जा सकता, आज तक भारत में किसी भी अर्द्धसैनिक बल का नेतृत्व ऐसे अधिकारी ने नहीं किया है, जो अपने ही अर्द्धसैनिक बलों में निचले पदों से ऊपर उठा हो। राहुल गांधी के अनुसार यह विधेयक हमारे सुरक्षा जवानों के लिए अन्यायपूर्ण है, जिसे अपनी सरकार बनने पर वह निरस्त करने को कह रहे हैं। इस विधेयक के जरिये जो व्यवस्था बनाने का प्रयास किया गया है, सुप्रीम कोर्ट भी उसके पक्ष में नहीं था।

गौरतलब है कि यह विधेयक सीआरपीएफ, बीएसएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी और एसएसबी के प्रबंधन, भर्ती और सेवा शर्तों को विनियमित करता है। सरकार का तर्क है कि भर्ती प्रक्रिया पूरी होने में डेढ़ से दो साल का वक़्त लग जाता था, जो कि अब 11 महीने में पूरी हो जायेगी। सवाल यह है कि यह विधेयक क्यों लाया गया? न्यायाधीश एएस ओका व न्यायाधीश उज्जल भुयन की सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ ने 23 मई 2025 को आदेश दिया था कि वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड में आईपीएस अधिकारियों के जो प्रतिनियुक्ति पद हैं या सीएपीएफ में जो महानिरीक्षक (इंस्पेक्टर जनरल) तक की रैंक के जो पद हैं उन्हें 'समय के साथ निरंतरता के साथ कम कर देने चाहिएं, मसलन दो वर्ष की बाहरी सीमा के भीतर'। अदालत ने यह भी कहा था कि सीएपीएफ के ग्रुप ए अधिकारी 'सभी उद्देश्यों' के लिए 'संगठित सेवाएं' हैं। एक संगठित ग्रुप ए सेवा (ओजीएएस) परिभाषित पदानुक्रम, पदोन्नति मार्गों व कैडर नियंत्रण में संरचनात्मक, कैडर-आधारित सिविल सेवा है, जोकि एकाकी या जनरल सिविल पोस्ट्स से भिन्न है। आईपीएस, आईएएस और आईएफएस सभी ओजीएएस हैं। इस आदेश के विरोध में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट में समीक्षा याचिका दाखिल की, जिसे 28 अक्टूबर 2025 को निरस्त कर दिया गया। इस निर्णय के बावजूद गृह मंत्रालय आईपीएस अधिकारियों को सीएपीएफ में इंस्पेक्टर जनरल व डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल के पदों पर नियुक्त करता रहा। नतीजतन अवकाश प्राप्त सीएपीएफ अधिकारियों ने गृह सचिव गोविंद मोहन के खिलाफ अदालत की अवमानना करने की याचिका दायर की कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश को लागू नहीं किया जा रहा है। गृह मंत्रालय ने 9 मार्च 2026 को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि वैधानिक हस्तक्षेप प्रस्तावित है। फिर 10 मार्च 2026 को केंद्रीय काबिना ने सीएपीएफ विधेयक 2026 को मंजूरी दे दी। सवाल यह है कि सीएपीएफ क्या है? सीएपीएफ में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) है, जो पाकिस्तान व बांग्लादेश की सीमाओं पर तैनात है, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) है, जो एयरपोर्ट्स व महत्वपूर्ण संयंत्रों की सुरक्षा करता है, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) है जिसे आंतरिक सुरक्षा आदि, कानून व्यवस्था जिम्मेदारियों व नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में तैनात किया जाता है, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) नेपाल व भूटान से लगी सीमाओं की सुरक्षा करता है और इंडो तिब्बत बॉर्डर पुलिस (आईटीबीपी) है जो चीन से लगी सीमा पर तैनात की गई है। वर्तमान में, एक एग्जीक्यूटिव आदेश के माध्यम से सीएपीएफ में 20 प्रतिशत पद डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल रैंक के और 50 प्रतिशत पद इंस्पेक्टर जनरल के आईपीएस अधिकारियों के लिए आरक्षित हैं। सीएपीएफ में लगभग 13,000 ग्रुप ए अधिकारी हैं और तकरीबन दस लाख जवान हैं। गृह मंत्रालय सीएपीएफ और आईपीएस का कैडर को नियंत्रित करने वाला प्राधिकरण है।



**सीएपीएफ विधेयक**

भर्ती केंद्रीय लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के जरिये की जाती है। सीएपीएफ में 9 मार्च 2026 तक 213 स्वीकृत आईपीएस पद थे, जिनमें से 35 रिक्त पड़े थे। देश में कुल 4,594 आईपीएस अधिकारी हैं और नियम यह है कि 40 प्रतिशत सीनियर ड्यूटी पद केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए आरक्षित हैं और शेष 60 प्रतिशत राज्यों के लिए। इस तथ्य को भी समझना जरूरी है कि विधेयक का विरोध क्यों हो रहा है? अवकाश प्राप्त सीएपीएफ अधिकारियों का कहना है कि यह विधेयक सुप्रीम कोर्ट के आदेश को अर्थहीन बनाने का लिए पारित किया गया है। उनका तर्क है कि जो अधिकारी सीआरपीएफ में असिस्टेंट कमांडेंट की रैंक पर ज्वाइन करता है, उसे 16 वर्ष की सेवा के बाद भी पदोन्नति नहीं मिलती, जबकि इस अवधि के दौरान आईपीएस में उसके समकक्ष को तीन या चार पदोन्नति मिल जाती हैं। अब इस विधेयक के माध्यम से स्पेशल डायरेक्टर जनरल के 100 प्रतिशत पद आईपीएस अधिकारियों के लिए आरक्षित कर दिये गये हैं, जबकि इससे पहले कुछ सीएपीएफ अधिकारी भी इन पदों पर पहुंच जाते थे। इसके विपरीत केंद्र सरकार का तर्क यह है कि सीएपीएफ राज्य प्राधिकरणों के निकट समन्वय में राष्ट्रीय सुरक्षा का काम करते हैं और उनके प्रभावी कामकाज के लिए आईपीएस अधिकारी आवश्यक हैं, विशेषकर केंद्र-राज्यों के संबंधों के हित में। लेकिन सरकार के इस तर्क से न अवकाश प्राप्त सीएपीएफ अधिकारी सहमत हैं और न ही विपक्ष। विपक्षी दलों का कहना है कि संबंधित विधेयक न्यायपालिका के अधिकारों में हस्तक्षेप करता है व उनका उल्लंघन करता है। माओवादियों का मुकाबला करने में सीएपीएफ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है, फिर भी उनके अधिकारियों को पदोन्नत नहीं किया जा रहा है, जिसकी वजह से उनमें आत्महत्या के मामले बढ़ते जा रहे हैं और ऐच्छिक अवकाश ग्रहण में भी वृद्धि हो रही है। माकपा सांसदों का कहना है कि कानूनी आधार को संबोधित किये बिना प्रवर्ती न्यायिक आदेशों को निरस्त किया गया है, जोकि संसद के अधिकार क्षेत्र में नहीं है। विपक्ष की मांग है कि इस विधेयक को वापस लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन किया जाये।

बहरहाल, ऐसा प्रतीत नहीं होता कि संसद के दोनों सदनों में पारित सीएपीएफ विधेयक को सरकार हाल फिलहाल में वापस लेगी। इसलिए प्रबल अनुमान यही है कि अवकाश प्राप्त सीएपीएफ अधिकारी अपने कानूनी संघर्ष को जारी रखते हुए इस विधेयक को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगे और ऐसे भी संकेत मिले हैं कि वह सड़कों पर उतरकर धरना प्रदर्शन भी कर सकते हैं। दरअसल, यूनिफार्म सेवाओं में पदानुक्रम को बहुत अधिक महत्व दिया जाता है। एक अधिकारी के लिए यह अपमानजनक है कि रैंक में उससे जूनियर या समकक्ष अधिकारी को उसका सीनियर बना दिया जाये और वह उससे आर्डर ले। इसलिए सरकार को सीएपीएफ विधेयक पर पुनर्विचार करना चाहिए।

> दरअसल, यूनिफार्म सेवाओं में पदानुक्रम को बहुत अधिक महत्व दिया जाता है। एक अधिकारी के लिए यह अपमानजनक है कि रैंक में उससे जूनियर या समकक्ष अधिकारी को उसका सीनियर बना दिया जाये और वह उससे आर्डर ले। इसलिए सरकार को सीएपीएफ विधेयक पर पुनर्विचार करना चाहिए।

---

### सोशल मीडिया

'नवकार महामंत्र' जैन धर्म के साथ साथ संपूर्ण मानव समाज के लिए अध्यात्म और शांति को अपनाने का सशक्त माध्यम है, विश्व नवाकार दिवस पर श्रद्धालुओं संतों से संवाद। अमित शाह.



आज हुगली जिले के अरामबाग, गोघाट, बालागढ़, सेरामपुर विधानसभा सीटों के उम्मीदवारों के समर्थन में हुई जनसभा में जो सैलाब देखा, वो हमेशा याद रहेगा। ममता बनर्जी.



बदलता हुआ गोरखपुर आज स्मार्ट सिटी के रूप में अपनी एक नयी पहचान स्थापित कर रहा है, माफिया मुक्त यूपी में व्यापारी सुरक्षित हैं, बेटियां स्वावलंबन की ओर बढ़ रही। सीएम योगी.



---

# प्रकृति की ऊर्जा

### अंतर्दृष्टि

पहाड़ों, गुफाओं का शांत, सुरम्य और हरित वातावरण ऋषि मुनियों को अपनी ओर आकर्षित करती रही है। ऋषि, मुनि एवं योगी तपस्वी कष्ट साध्य साधनाओं के लिए एकांत पर्वत गुफाओं गिरि-कंदरओं को चुनते थे। इनका एक प्रमखु कारण यह है कि प्राकृतितः शांत वातावरण में निवास करने से उत्तेजना नष्ट होने वाली शक्ति की बर्बादी रुकती है और उस बचत को उपयोगी प्रयोजनों में लगाकर प्रगति का पथ प्रशस्त किया जा सकता है। इसी प्रकार रात्रि के प्रकृति प्रदत्त अनुदान अंधकार का लाभ उठाकर थकान मिटाने का ऐसा लाभ प्राप्त किया जा सकता है जिसके सहारे अधिक काम करने की क्षमता अर्जित की जा सके। योगाभ्यासी अपने व्यक्तित्व को अधिक विकसित करने की साधना करते हैं। भीतर की प्रमुख शक्तियों को जगाने के लिए उनका प्रयोग प्रयास चलता है। इस प्रयोजन के लिए उन्हें ऐसे स्थान में अपना निवास निर्धारित करना पड़ता है जहां अनावश्यक कोलाहल की पहुंच न हो और जहां रात्रि के समय कृत्रिम प्रकाश उत्पन्न न करना पड़े। दिन में सूर्य का और रात्रि में चांद तारों का प्रकाश ही सामान्य और स्वाभाविक निर्वाह के लिए पर्याप्त होना चाहिए। स्तब्धता और अन्धियारी को विनोद, मनोरंजन में भारी बाधक लगती है और ऐसी ऊब उत्पन्न करती है जिससे बचने के लिए हर किसी का जी करता है। फिर वैज्ञानिक दृष्टि से इनकी उपयोगिता दिन-दिन अधिक स्पष्ट होती जा रही है। विज्ञान के अनुसंधान में हमे इस निष्कर्ष पर पहुंचाते हैं कि यदि शान्त, एकान्त स्थान की अपेक्षा हर दृष्टि से लाभदायक उपलब्धियां ही करतलगत होंगी। इसी प्रकार रात्रि को जितने समय जितने कृत्रिम प्रकाश से बचाया जा सके उतना ही उत्तम है। निस्तब्धता एक बात है और तमिस्ना दूसरी। दोनों के सम्मिश्रण से तीसरी स्थिति बनती है। जो सदुपयोग और दुरुपयोग दोनों ही दृष्टि से अपने अद्भुत परिणाम प्रस्तुत करती है। भूमि खोदकर समाधि में बैठने की साधना योगाभ्यासियों के लिए पुरानी है। मोटे तौर से वह कोई कौतुक कौतुहल जैसी जादुई क्रिया प्रक्रिया मालूम पड़ती है पर तथ्यतः उसमें शरीर को उस स्थिति में रखने का अभ्यास है जिसे आंतरिक सव्याप्त भारतीयता के समतुल्स माना जा सकता है। आयुर्वेदशास्त्र में कायाकल्प चिकित्सा का विधान है। उसमें शरीर के पुनर्गठन की, नवीनीकरण की विधा सम्पन्न की जाती है। कहा जाता है कि इससे वृद्धता दूर होती है और यौवन लौट आता है। इस विधान में भी लंबे समय तक एकान्त और अंधेरे में रहना पड़ता है। औषधि उपचार के अतिरिक्त इस विशेष स्थिति का जो प्रभाव शरीर पर पड़ता है उसका महत्व अधिक माना गया है।

# ये कैसा कलयुग है प्रभु!

### व्यंग्यलोक

हे प्रभु! ये कैसा कलियुग आ गया! जिस चीज को भी छूने की कोशिश कर रहा हूं दूर भागी जा रही है। सपनों को छूने की कोशिश करता हूं तो सपने दूर भागे जा रहे हैं। अपनों को छूने की कोशिश करता हूं तो अपने दूर भागे जा रहे हैं। शिमला मिर्च को छूने की कोशिश करता हूं तो शिमला मिर्च हाथ से मछली की तरह फिसली जा रही है। टमाटर छूने की कोशिश करता हूं तो टमाटर बहुत दूर भागे जा रहे हैं। अदरक छूने की कोशिश करता हूं तो अदरक दूर भागा जा रहा है। आखिर ये रोजमर्रा की चीजें आम जनता से इतनी दूर क्यों हो गई रही हैं प्रभु! क्या मेरी बिरादरी की तकदीर में सब कुछ दूर से ही देखना लिखा है प्रभु? लाख पकड़ने की जद्दोजहद के बाद भी मेरे हाथ में आखिर ये टमाटर क्यों नहीं आते? क्या इन दिनों मेरे मुंह के भाग्य में टमाटर, अदरक खाना नहीं लिखा है? प्रभु! इस उम्र में अब पत्नी से प्रताड़ित होकर तुलसीदास भी नहीं हो सकता। हो भी जाऊं तो आदिपुरुष की तरह अनाप शनाप लिख मारा तो....ऐसे घोर कलिकाल में समझ नहीं आ रहा मैं किसको कोसूं? केंद्र सरकार को कि राज्य सरकार को? अपने को या फिर बीवी को! किसान को या बिचौलिए को? मैंने प्रभु के चरण पकड़े कहा तो प्रभु पसीजे, उठो वत्स! बहुत रो लिए टमाटर का रोना। बहुत रो लिए अदरक का रोना। मेरा आदेश! फिलहाल टमाटर त्याग दो। अदरक त्याग दो। प्रभु! बिना आत्मा के शरीर की कल्पना की जा सकती है, पर टमाटर के बिना दाल की कल्पना नहीं की जा सकती। बिना हृदय के जीव की कल्पना की जा सकती है, पर बिन अदरक सब्जी की कल्पना नहीं की जा सकती। तो ऐसे में आप कह रहे हैं कि टमाटर त्याग दूं? सच पूछो तो प्रभु मैं शरीर त्याग सकता हूं, पर टमाटर नहीं। मैं शरीर त्याग सकता हूं, पर अदरक नहीं। मेरी रग रग में अब पचासियों विषैली स्प्रे किए टमाटरों का स्थाई वास हो चुका है और एक आप हो कि जनहित में बाजार में टमाटर सस्ते करने के बदले अपने भक्त को टमाटर, अदरक का त्याग करने को कह रहे हो? इंपॉसिबल प्रभु! इंपॉसिबल! हे वत्स! जनहित की दुहाई दे मुझसे इमोशनली मत खेलो। पॉलिटिक्स न करो! क्योंकि जिन्होंने आज तक जनहित की बात की, फाइनली अपने हित ही साधे। हैप्पी लाइफ का सिंपल सा फंडा ये है कि जो भी समाज में भाव दिखाए, उस हर एक को त्याग दो। वह चाहे बीवी ही क्यों न हो! कह प्रभु अंतरध्यान। बंधुओ! आखिर प्रभु का कहने का तात्पर्य क्या है? ये तो नहीं कि मैं टमाटर खाने छोड़ दूं? ये तो नहीं कि मैं अदरक दाल में पाना छोड़ दूं? या फिर ये जीभ ही त्याग दूं? न रहे जीभ, न सताए स्वाद!



अशोक गौतम

# सेना को मिले सैटेलाइट की सटीक नजर



### सामयिक

**डॉ.अनिता राठौर**

कोई भी जंजीर उतनी ही मजबूत होती है जितनी कि खुद उसकी सबसे कमजोर कड़ी। इस तथ्य को पहलगाम घटना ने एक बार फिर याद दिलाया है, भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के संदर्भ में। यह सही है कि जिस अंदाज से पहलगाम में हमले को अंजाम दिया गया, उसकी पूर्व-सूचना शायद सैटेलाइट्स के माध्यम से प्रत्यक्ष तौर पर न मिल पाती, लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि इससे पहले जो कुछ भारतीय सीमा के निकट घटित हुआ (या हो रहा है) उसकी जानकारी तो सैटेलाइट के जरिये हासिल हो ही सकती थी? इसलिए सरकार को भारत की स्पेस-आधारित क्षमताओं पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले राष्ट्र के रूप में भारत ने निरंतरता के साथ स्पेस में अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है व लोहा मनवाया है, जैसा कि 1975 में आर्यभट्ट की लॉन्चिंग से लेकर चंद्रयान-3 का चांद के दक्षिणी ध्रुव के विजयी स्पर्श से जाहिर है।

इसके बावजूद भारत को इस असहज सत्य का भी सामना करना चाहिए कि उसकी सैन्य स्पेस क्षमताएं अपर्याप्त हैं और वह भी ऐसे समय में जब स्पेस तेजी के साथ भू-राजनीतिक वर्चस्व का अगला जंगी मैदान बनता जा रहा है। गौरतलब है कि साल 2020 में जब चीन ने पूर्वी लद्दाख में घुसपैठ की थी, तब भारत ने सबसे पहले स्पेस-बेस्ड सर्विलांस (एसबीएस) की कल्पना की थी। देर से पहल की गई इस दीर्घकालीन योजना का उद्देश्य भारत की स्ट्रेटेजिक स्थितिगत जागरूकता को सैटेलाइट्स के समर्पित तारा मंडल से मजबूत करना था ताकि सशस्त्र बलों को सीमाओं की निगरानी व चौकसी करने में मदद मिल सके। जरूरी है कि इसरो व अन्य स्टेकहोल्डर्स एसबीएस कार्यक्रम को वरीयता दें, विशेषकर इसलिए कि भारत केवल 9 या 11 रक्षा सैटेलाइट्स ही ऑपरेट करता है, जबकि अमेरिका व चीन के पास 240 से अधिक के बेड़े हैं और रूस के पास 100 से अधिक रक्षा सैटेलाइट्स हैं। यह अंतर केवल संख्या का ही नहीं है बल्कि यह स्ट्रेटेजिक क्षमता में बुनियादी फासला है, चूंकि जो चीन के पास है, वह पाकिस्तान को स्वतः ही मिल जाता है। मसलन, हाल ही में पाकिस्तान को चीन के बेईडोउ नेविगेशन सिस्टम का ग्राउंड स्टेशन मिला। कहने का अर्थ यह है कि पाकिस्तान को चीन की सैन्य स्पेस क्षमताएं प्राप्त हैं, जबकि भारत के सशस्त्र बलों के पास समर्पित सैटेलाइट्स सिस्टम का अभाव है। रिसेट-2बी व जीसेट-7 सीरीज जैसे प्लेटफॉर्म्स विकसित करने के बावजूद भारतीय सेना के पास समर्पित सैटेलाइट सिस्टम नहीं है, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा फ्रेमवर्क में चिंताजनक कमजोरी प्रतीत होती है। पहलगाम यादध्यानी करा रहा है कि नई दिल्ली को अपना एसबीएस नेटवर्क अपग्रेड कर लेना चाहिए। हालांकि वरिष्ठ रक्षा योजनाकारों व राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसीज ने एसबीएस पहल का समर्थन किया है और भारत सरकार ने इस कार्यक्रम को मंजूरी दे दी है 52 सैटेलाइट्स के साथ, जिसमें से 31 का निर्माण निजी उद्योग द्वारा होगा, लेकिन इन सैटेलाइट्स को वास्तव में ऑर्बिट में पहुंचाने के सिलसिले में मामूली सी ठोस प्रगति हुई है। यह चिंताजनक है क्योंकि निशाने, कम्युनिकेशन, लॉजिस्टिक्स व अर्ली वार्निंग सिस्टम्स के लिए आधुनिक युद्ध स्पेस आधारित एसेट्स पर अत्यधिक निर्भर होता जा रहा है। ग्लोबल पावर्स के पास सैटेलाइट्स का विशाल तारामंडल है, जिससे वह आशंकित टकराव क्षेत्रों का रियल-टाइम कवरेज कर लेती हैं, लेकिन अपने सीमित इन्फ्रास्ट्रक्चर के कारण भारत को अंधीगलियों का भी सामना करना पड़ता है। भविष्य के टकराव में 'देखने, समझने व प्रतिक्रिया' की क्षमताओं में अंतर ही निर्णायक साबित होगा। बजट आवंटन भी इतना ही चिंताजनक है। नासा का बजट 25 बिलियन डॉलर है, चीन का 18 बिलियन डॉलर और यूरोपीयन स्पेस एजेंसी का 7.7 बिलियन यूरो। इनके सामने भारत का 2 बिलियन डॉलर का स्पेस बजट बौना प्रतीत होता है। जहां तक रक्षा-स्पेस क्षमताओं की बात है तो 2024 में अकेले अमेरिका स्पेस फोर्स का वार्षिक बजट 30 बिलियन डॉलर था और अनुमान यह है कि चीन अपनी सैन्य स्पेस क्षमताओं में लगभग 10 बिलियन डॉलर का निवेश करता है। इसके विपरीत भारत का खर्च विभिन्न एजेंसीज में विभाजित रहता है, जिससे फोकस्ड निवेश नहीं हो पाता, जोकि जरूरी है काउंटर स्पेस सिस्टम्स, एंटी-सैटेलाइट्स डिफेन्स और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध हथियार विकसित करने के लिए।

---

## आप की बात

### सड़कों का विस्तार

मोदी सरकार देश की तकदीर और तस्वीर बदलने वाली परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ा रही है। राजमार्गों के विकास पर सर्वाधिक फोकस कर रही है। दरअसल जिन्होंने देश में बुनियादी ढांचा विकास से जुड़ी परियोजनाओं के बारे में देखा-सुना है उनको अच्छी तरह मालूम है कि यहां दो-चार किलोमीटर की सड़क बनने में भी शिलान्यास और उद्घाटन के बीच पांच-सात साल लग जाता था। विकास की परियोजनाएं कैसे यहां आगे खिसकती हैं इसे समझने के लिए बहुउद्देशीय एवं वृहद जनकल्याणकारी प्रोजेक्ट सरदार सरोवर परियोजना पर गौर किया जा सकता है। सरदार सरोवर परियोजना का शिलान्यास देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू ने किया था और लोकार्पण वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। मुझे भी एक पुल के बारे में जानकारी है जिसका करीब आठ बार शिलान्यास किया गया और तीन दशक में बनकर तैयार हुआ। जब विकास परियोजनाओं का यह हाल देश में रहा हो, तो सहसा यह भरोसा करना कठिन हो जाता है कि कोई सरकार दो-तीन साल में दिल्ली से मुंबई के बीच करीब चौदह सौ मिलोमीटर का एक्सप्रेस वे दो-तीन साल में बनाकर शुरू कर देगी। फिलहाल नितिन गडकरी ने देश से वायदा किया है कि वे 2024 तक देश के रोड इन्फ्रा को अमरीका के बराबर कर देंगे। गडकरी के इस दावे में कुछ अतिश्योक्ति हो सकती है, लेकिन जिस तरह उन्होंने देश की सड़कों का कायाकल्प किया है उससे यह बात माननी पड़ेगी कि आज अगर देश के सभी नगर, महानगर हाइवे, एक्सप्रेस से जुड़ रहे हैं, सड़कों की शक्ल-ओ-सूरत बदली-बदली हुई नजर आती है, तो इसमें सबसे अधिक योगदान विभागीय मंत्री के रूप में नितिन गड़करी का ही है।

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसे वे परियोजना गडकरी की प्राथमिकता वाली परियोजना है। देश की आर्थिक प्रगति में बुनियादी ढांचा और इसमें भी हार्डकोर इन्फ्रा के रूप में सड़कों का सबसे अधिक योगदान है। ऐसे में जैसे-जैसे देश में एक्सप्रेस वे, हाइवे और जिले से लेकर गांवों तक सड़कों का संजाल बिछता जायेगा, रेलवे, रोडवेज, एयरवेज, वाटरवेज के माध्यम से देश में कनेक्टिविटी और गति बढ़ेगी उसी तरह देश की प्रगति भी तेज होगी। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे देश की आर्थिक और राजनीतिक राजधानी को आपस में जोड़ने में महती कड़ी साबित होगी। यातायात व्यवस्था दुरुस्त होने से, माल ढुलाई का समय घटने से, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र के बीच कनेक्टिविटी बढ़ने से इन राज्यों का विकास भी तेज होगा।

**जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### महिलाओं के खिलाफ हिंसा

महिलाओं की सुरक्षा के लिए देश में कठोर कानून बने हैं लेकिन फिर भी अपराधी इससे डर नहीं रहे हैं। फांसी जैसी सजा का प्रावधान होने के बावजूद लगातार दुराचार की घटनाएं बढ़ रही हैं। क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों पर गौर करें तो हर दिन सौ से अधिक महिलाओं के साथ रेप की घटनाएं होती हैं। दहेज हत्या, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, एसिड अटैक जैसे अपराध आज इतने वीभत्स रूप में हमारे सामने आये हैं कि इनका जिक्र करने पर भी शर्मिंदगी महसूस होती है। कई बार रेप की घटना होने पर भी पुलिस न्याय के लिए दौड़ाती रहती है। कई बार तो मेधावी छात्राएं, खिलाड़ी तक इसकी शिकार हो चुकी हैं। जब राज्य का गौरव बढ़ाने वाली लड़कियां सुरक्षित नहीं होंगी तो सामान्य के साथ कैसा बर्ताव होता होगा इसकी कल्पना की जा सकती है। महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए सुरक्षा पहली शर्त है। दरअसल किसी भी सरकार का प्रथम दायित्व नागरिकों की सुरक्षा करना ही है। ऐसे में अपराध की बढ़ती घटनाएं, महिला संबंधी अपराधों का दिनोंदिन और क्रूर होते जाना न सिर्फ चिंता की बात है बल्कि इस बात पर भी सवाल उठाता है कि सरकारें महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों को रोकने लिए कितना गंभीर हैं?

**मदन मोहन श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

## खेल मैदान बचाने को प्रशासन, सरकार को भेजी नोटिस

**बांदा।** शहर के बाबूलाल चैराहा स्थित रायफल क्लब मैदान को बचाने की लड़ाई में उतरे पूर्व जिलाध्यक्ष कांग्रेस पार्टी प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे ने वकील द्वारिकेश यादव मंडेला से एक लीगल नोटिस जिला प्रशासन व प्रदेश सरकार को भेजी है। पूर्व जिलाध्यक्ष ने बताया कि रायफल क्लब मैदान को नीलाम करने की साजिश का विरोध हर वर्ग, हर पार्टी ने किया। नये तरीके से रायफल क्लब मैदान को बर्बाद करने की साजिश की जा रही है। मैदान में काफी विरोध के बाद भी जिला प्रशासन ने व्यापारिक प्रदर्शनी की अनुमति दे दी है। प्रदर्शनी वालो ने पूरे मैदान को बर्बाद कर दिया, अब गर्मियो की छुट्टियों में बच्चे कहां स्पोर्ट कैंप लगायेंगे, कहां खेल प्रैक्टिस करेगें इसका विरोध खिलाड़ियों ने किया था। ज्ञापन भी दिया पर उस ज्ञापन का कोई संज्ञान नहीं लिया गया। जिला प्रशासन और प्रदेश सरकार को लीगल नोटिस देकर उन्हें अवगत कराया गया कि उच्च न्यायालय का आदेश है कि खेल के मैदान को खेलकूद के अलावा किसी अन्य व्यापारिक गतिविधियों के लिए नहीं दिया जा सकता। नोटिस मे लिखा गया है कि अगर आपने मैदान खाली नही करवाया तो मजबूर होकर न्यायालय की शरण में जाना पड़ेगा। बताया कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने भी पत्र भेजकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इसकी जानकारी दी है।

## एसपी से रिपोर्ट दर्ज करने की मांग

**बांदा।** थाना कमासिन के सांड़ासानी गांव निवासी सुधीर सिंह पुत्र गंभीर सिंह ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीते 17 मार्च को चकरेही चैराहे के पास पिकप चालक अंतिम मिश्रा पुत्र देवराज ने वाहन बैक कर उसकी गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया था जिससे वह भी घायल हो गया, बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। सुधीर ने बताया कि अब तक इलाज में डेढ़ लाख से अधिक रुपये खर्च हो चुके हैं। कमासिन थाना पुलिस रिपोर्ट दर्ज नही कर रही है। पीड़ित ने एसपी से कार्यवाही की मांग की है।

## भाकियू ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

**बांदा।** भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठी ने एसडीएम सदर को ज्ञापन सौंपा। बताया कि लगातार हो रही बारिश व ओलावृष्टि से फसल नष्ट हो गई है। रबी व सब्जी फसल को नुकसान हुआ है। लेखपालों द्वारा सर्वे कराकर क्षतिपूर्ति का मुआवजा दिया जाए। फसल बीमा कंपनी द्वारा क्षतिपूर्ति का भुगतान कराया जाए। इस दौरान सुशील चैरिहा, जगप्रद, अरुण, महेश यादव आदि मौजूद रहे।

## दहेज हत्या में दोषियों को 7 वर्ष का कठोर कारावास

**महोबा।** पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में पुलिस द्वारा की गई गुणवत्तापूर्ण विवेचना एवं अभियोजन पक्ष की प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप न्यायालय एएसजे महोबा द्वारा दहेज हत्या के प्रकरण में 3 अभियुक्तों महेन्द्र पुत्र अरविन्द राजपूतए अरविन्द पुत्र छेदालालए मन्नूलाल उर्फ मनफूल पुत्र अरविन्द राजपूत निवासीगण महुआबांध थाना अजनर जनपद महोबा को दोषसिद्ध घोषित करते हुए 7 वर्ष के कठोर कारावास तथा दो लाख पच्चीस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

## प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 12 अप्रैल को

**इटावा।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष जागेश्वर अग्रवाल, जिलाप्रभारी मनोज अग्रवाल, जिलामहामंत्री धर्मेंद्र जैन ने कहा 12 अप्रैल को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व राज्यमंत्री संदीप बंसल की अध्यक्षता में प्रदेश कार्यसमिति की बैठक रामलीला रोड स्थित माया मैरिज होम पर आयोजित की जाएगी जिसमें प्रदेश के 60 जिलों के व्यापारी प्रतिनिधि भाग लेंगे जिसको लेकर व्यापार मंडल का व्यापक जनसंपर्क अभियान पूरे जिले में चलाया जा रहा है बड़ी संख्या में जनपद के व्यापारी प्रतिनिधि भाग लेंगे धर्मेंद्र जैन ने कहा 12 अप्रैल सुबह 9 बजे शास्त्री चैराहे से नौरंगाबाद चैराहा, साबितगंज चैराहा, तहसील चैराहा होते हुए रामलीला रोड स्थित माया मेर्रिज होम तक व्यापारी स्वागत यात्रा निकलेगी।

# कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित




जिला संवाददाता

**बांदा।** उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद उपकार, लखनऊ ने कृषि वैज्ञानिक सम्मान योजना के तहत बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया। लखनऊ स्थित भारतीय गणना अनुसंधान संस्थान में 8 अप्रैल को यह सम्मान छठवें उत्तर प्रदेश एग्रीकल्चर साइंस कांग्रेस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदान किया।

विशिष्ट वैज्ञानिक पुरस्कार प्रोफेसर अखिलेश चंद्र मिश्रा, प्राध्यापक सब्जी विज्ञान को उद्यानिकी क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इन्होने सब्जी फसलों की उन्नत किस्मों के विकास, उत्पादन तकनीकों में सुधार और किसानों की आय वृद्धि के लिए व्यवहारिक अनुसंधान कार्य किए हैं। इनके प्रयासों से क्षेत्र में सब्जी उत्पादन की गुणवत्ता एवं उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

इन्हे पुरस्कार के तहत 21 हजार की धनराशि प्रदान की गयी। इसी प्रकार डॉ अरविंद कुमार गुप्ता सहायक प्राध्यापक मृदा परीक्षण को उनके महत्वपूर्ण शोध कार्यों व डॉक्टर विशाल चुग सहायक प्राध्यापक जैव प्रौद्योगिकी को उनके नवाचारपूर्ण शोध कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, राज्य कृषि मंत्री बलदेव सिंह औलख, इक्रिसेट, हैदराबाद के महानिदेशक डॉ हिमांशु पाठक, यूपीकार के अध्यक्ष कैप्टन विकास गुप्ता तथा यूपीकार के महानिदेशक डॉ संजय सिंह उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति ने भी पुरस्कृत वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय है, बल्कि प्रदेश में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कुलपति ने यह भी कहा कि इस तरह के सम्मान युवा वैज्ञानिकों को प्रेरित करते हैं और उन्हे उत्कृष्ट शोध कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

# निजी स्कूलों की मनमानी, विधायक ने मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

जिला संवाददाता



**बांदा।** जिले में निजी विद्यालयों की मनमानी और बढ़ती फीस के खिलाफ सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होने आरोप लगाया कि जिले में निजी शिक्षण संस्थान शिक्षा को सेवा नही, बल्कि व्यवसाय बना रहे हैं। छात्रों और अभिभावकों का आर्थिक और मानसिक शोषण किया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष मनमाने ढंग से पाठ्यक्रम बदलकर अभिभावकों को महंगी पुस्तकें खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है। इससे उन पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। प्रकाश द्विवेदी ने यह भी कहा कि बार-बार पाठ्यक्रम बदलने से बड़े बच्चों की किताबें छोटे भाई-बहनों के भी काम नही आ पातीं जिससे संसाधनों की बबार्दी तथा परिवारों पर दोहरी मार पड़ती है। उन्होने बच्चों के स्कूल बैग के अधिक वजन को भी गंभीर समस्या बताते हुए कहा कि यह उनके शारीरिक विकास के लिए समस्या बनता जा रहा है। विधायक ने पत्र में पर्यावरणीय पहलु को भी ध्यान में रखते हुए कहा कि हर वर्ष किताबों में अनावश्यक रूप से बदलाव के चलते बड़े पैमाने पर कागज की बबार्दी हो रही है। यह पर्यावरण के लिए भी नुकसानदेय है। उन्होने आरोप लगाया कि संबंधित विभागों और नियामक संस्थाओं की निष्क्रियता के कारण निजी स्कूलों की मनमानी पर कोई प्रभावी नियंत्रण नही हो पा रहा है। उन्होने कहा है कि यदि शासनादेश का पालन नही हुआ तो वह इस मामले को लेकर शांत नही बैठेंगे और बड़ा आंदोलन भी हो सकता है। उन्होने मुख्यमंत्री से मांग की, कि प्रदेश में एक समान पाठ्यक्रम सख्ती के साथ लागू किया जाए। सभी विद्यालयों में एनसीईआरटी आधारित शिक्षा अनिवार्य हो। इसके अलावा उन्होने किताबों के मूल निर्धारण पर नियंत्रण, प्रकाशकों की निगरानी व स्कूल बैग के वजन से जुड़े नियमों का कड़ाई से पालन करने के साथ ही जनपद स्तर पर विशेष जांच समिति गठित करने की मांग भी की है। अभिभावकों को भरोसा है कि अब निजी विद्यालयों की मनमानी पर लगाम लगेगी और उनकी समस्याओं पर ठोस कार्रवाई होगी।

# ललितपुर-कैलगुंवा रोड पर निर्माण कार्य को लेकर विवाद

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** जिला पंचायत द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों में नियमों और मानकों की अनदेखी का एक मामला सामने आया है। थाना पनारी निवासी सोबरन सिंह ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर ललितपुर-कैलगुवां मार्ग पर उनके मकान के सामने मानकों के विरुद्ध किए जा रहे निर्माण को तत्काल रोकने की मांग की है। पीड़ित सोबरन सिंह के अनुसार, उन्होंने वर्ष 2002 में कैलगुवां पीडब्ल्यूडी रोड के पास एक भूखंड खरीदा था, जिसका नक्शा उन्होंने 31 जुलाई 2004 को रोड साइड लैंड कंट्रोल एक्ट के तहत स्वीकृत कराया था।

उनका दावा है कि उनका निर्माण स्वीकृत नक्शे और रोड मानक के अनुसार ही बना हुआ है। शिकायती पत्र में उल्लेख किया गया है कि उक्त भूमि को लेकर वर्ष 2014 से न्यायालय सिविल जज (जू.डि.) ललितपुर में एक मामला (वाद सं0 451/2014 ताराबाई आदि बनाम जिला पंचायत) पहले से ही विचाराधीन है। आरोप है कि न्यायालय में मामला होने के बावजूद जिला पंचायत विभाग द्वारा जबरन निर्माण की कोशिश की जा रही है। सोबरन सिंह ने आरोप लगाया कि 05 अप्रैल 2026 को जिला पंचायत के कुछ कर्मचारी और अधिकारी मौके पर आए और ललितपुर-कैलगुवां सड़क से मात्र 15-20 फुट जगह छोड़कर चूने की लाइन डालनी शुरू कर दी।

जब पीड़ित ने स्टेट हाईवे और राष्ट्रीय हाईवे के मानकों का हवाला देते हुए आपत्ति जताई, तो कर्मचारियों ने कथित तौर पर धमकी दी कि वह किसी भी कानूनी प्रक्रिया या मानक को नहीं मानते हैं। पीड़ित का कहना है कि यदि यह निर्माण होता है, तो उनके घर के सामने आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाएगा। पीड़ित ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई है कि जिला पंचायत द्वारा मानकों की अनदेखी कर किए जा रहे इस निर्माण कार्य को तुरंत रुकवाया जाए ताकि उनकी संपत्ति और आवागमन के अधिकार सुरक्षित रह सकें।

# डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने किया रेडक्रॉस भवन का उद्घाटन

**फतेहपुर।** टीबी अस्पताल परिसर स्थित इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के नवनिर्मित भवन का भव्य लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री एवं सभापति इंडियन रेडक्रास सोसाइटी उत्तर प्रदेश बृजेश पाठक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और भवन का फीता काटकर आधिकारिक रूप से शुभारंभ किया।मुख्य अतिथि और विशिष्ट आगंतुकमुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के साथ अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योति, उपसभापति अमरनाथ मिश्र, महासचिव रामानंद कटियार तथा कोषाध्यक्ष अरुण सिंह शामिल हुए। विशिष्ट उपस्थित के रूप में फतेहपुर बीजेपी जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, खागा के विधायक कृष्णा पासवान, बिंदकी के विधायक जय कुमार सिंह ‘जैकी’, जहानाबाद के विधायक राजेंद्र पटेल, अयाहशाह के विधायक विकास गुप्ता, बिंदकी के पूर्व विधायक करण सिंह पटेल और सदर के पूर्व विधायक विक्रम सिंह भी उपस्थित रहे। गणमान्य अतिथि और प्रशासनिक उपस्थितिगणमान्य अतिथियों में जिलाधिकारी रवींद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक, मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज डॉ राजेश मौर्य तथा मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ इश्तियाक अहमद शामिल रहे, जिन्होंने कार्यक्रम को आधिकारिक गरिमा प्रदान की। इसके अलावा रेडक्रास सोसाइटी के उपचेयरमैन डॉ रज़िया सुल्ताना, कोषाध्यक्ष पंकज कुमार अवस्थी, सचिव अजीत सिंह, कार्यकारिणी सदस्य स्मिता सिंह, मोहन ज्योति, डॉ विवेक श्रीवास्तव, दिलीप कुमार श्रीवास्तव, संजय सिन्हा सहित विभिन्न प्रमुख सहयोगी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभकार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके और भारतमाता तथा रेडक्रास संस्थापक हेनरी डुनेंट के चित्रों पर माल्यार्पण करके किया गया। इसके बाद कार्यकारिणी और आजीवन सदस्यों ने मंचासीन सभी अतिथियों के सम्मान में माल्यार्पण किया, जबकि चेयरमैन डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने प्रत्येक अतिथि को प्रतीक चिन्ह और शाल भेंट कर सम्मानित किया। विशेष रूप से मुख्य अतिथि बृजेश पाठक को 51 किलो की भारी माला पहनाकर स्वागत किया गया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गड़गड़ाहट से नवाजा।सांस्कृतिक प्रस्तुति और वार्षिक महर्षि विद्या मंदिर के बच्चों ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में सांस्कृतिक रंग भरा। इसके उपरांत चेयरमैन डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने रेडक्रास सोसाइटी द्वारा अब तक किए गए सेवाकार्यों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया और भवन निर्माण में आजीवन सदस्यों, कार्यकारिणी सदस्यों तथा प्रशासन के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि का संदेश और सम्मान समारोहमुख्य अतिथि बृजेश पाठक ने रेडक्रास को ‘सेवा की संस्था’ बताते हुए कहा कि इसमें सभी को वैसी भावना से जुड़ना चाहिए, जैसे गंगा स्नान के समय चावल मछलियों के लिए अर्पित किए जाते हैं।

# फॉर्मर आईडी अनिवार्य, किसानों को मिलेगा पीएम किसान सम्मान निधि की किश्तों का लाभ

जिला संवाददाता

बिजनौर। उप कृषि निदेशक डॉ. घनश्याम वर्मा ने मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन के परिपत्र के हवाले से जानकारी देते हुए बताया कि फार्मर आईडी (किसान पहचान पत्र) को कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता, लघु सिंचाई आदि विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के लिए अनिवार्य किये जाने तथा भारत सरकार द्वारा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, द्वारा भविष्य में प्रदान की जाने वाली प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की किश्तों को उन्हीं कृषकों को प्रदान किया जाएगा, जिनके किसान पहचान पत्र जारी किए गए हों। उप कृषि निदेशक डा0 घनश्याम वर्मा ने बताया कि कृषि विभाग एवं सहयोगी विभागों यथा उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता, लघु सिंचाई इत्यादि की लाभार्थी परक योजनाओं का क्रियान्वयन किसान पहचान पत्र के आधार पर किए जाने का निर्णय लिया गया है। प्रथम चरण में कृषि विभाग द्वारा अपनी लाभार्थी परक योजनाओं यथा उर्वरक, बीज, कीटनाशी एवं अन्य इनपुट के वितरण व लाभार्थियों के चयन में किसान पहचान पत्र को आधार बनाया जाएगा। इसके अतिरिक्त प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर क्रय किए जाने वाले कृषि उत्पाद गेंहूँ, धान, दालें, सरसों इत्यादि के क्रय के लिए किसान पहचान पत्र भी अनिवार्य रहेगा तथा क्रय केन्द्र पर कृषकों से खरीद से पूर्व उनके किसान पहचान पत्रों का सत्यापन अनिवार्य रूप से किया जाएगा। द्वितीय चरण में अन्य विभागों यथा-उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता, लघु सिंचाई द्वारा भी किसान पहचान पत्र के आधार लाभार्थी परक योजनाओं में चयन एंव लाभ वितरण की कार्यवाही की जाएगी।

खाद्य एवं रसद विभाग तथा कृषि विभाग द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जाने वाली समस्त खरीद में तत्काल प्रभाव से किसान पहचान पत्र/फार्मर आई0डी0 को अनिवार्य करते हुए मात्र उन्हीं कृषकों से खरीद की जाएगी, जिनके पास किसान पहचान पत्र होंगे। वर्तमान में उर्वरकों का वितरण मशीनों के माध्यम एंव पोर्टल की सहायता से किया जाता है।

मई 2026 से यह वितरण किसान पहचान पत्र व फार्मर रजिस्ट्री के आधार पर ही किया जाएगा।

# डीएम ने नवीन मण्डी स्थल ललितपुर और विशिष्ट मण्डी स्थल अमरपुर का किया निरीक्षण



**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने गुरुवार को नवीन मण्डी स्थल ललितपुर एवं विशिष्ट मण्डी स्थल अमरपुर के निरीक्षण के साथ-साथ मण्डी परिसर में संचालित गेहूँ केन्द्रों का भी निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिये कि नवीन मण्डी स्थल में निर्मित समस्त नीलामी चबूतरों को किसान की कृषि उपज की विक्री के उपयोग के लिये रखा जाये, उन पर किसी भी व्यापारी द्वारा भण्डारण न किया जाये। इसके साथ ही उन्होंने गेहूं क्रय केन्द्र पर किसानों की भीड़ एवं खराब मौसम को देखते हुये एक अतिरिक्त इलेक्ट्रॉनिक कांटा उपलब्ध कराने एवं मण्डी में आने वाले कृषकों, व्यापारियों, पल्लेदारों आदि के लिये पेयजल की व्यवस्था एवं छायादार स्थान उपलब्ध कराने के निर्देश मण्डी सचिव को को दिये इसके उपरान्त उन्होंने विशिष्ट मण्डी स्थल अमरपुर में संचालित गेहूं क्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया। गेहूँ क्रय केन्द्रों पर किसानों की भीडध्खराब मौसम को देखते हुये

- किसानों की भीड़ एवं खराब मौसम के दृष्टिगत क्रय केन्द्रों पर इलैक्ट्रॉनिक कांटे बढ़ाने के दिये निर्देश
- मण्डी के नीलामी चबूतरों पर रखी जायेगी किसानों की उपज, हटेगा व्यापारियों का भण्डारण
- क्रय केन्द्रों की देखी व्यवस्थाएं देखकर दिये निर्देश

कहा कि नवीन मण्डी स्थल में निर्मित कृषक विश्राम गृह को किसानों के उपयोग के लिये प्रतिदिन खोला जाये, मण्डी परिसर में प्रतिदिन नियमित रुप से साफ-सफाई करायी जाए। कृषकों द्वारा विक्रय हेतु लाये गये कृषि उत्पादों की नीलामी कराते हुये अधिकतम मूल्य पर कृषि उत्पादों की बिक्री करायी जाये तथा किसानों के कृषि उपज की तौल नियमानुसार करायी जाये।उन्होंने मण्डी परिसर में संचालित एफ०सी०आई० के मण्डी सचिव को निर्देशित किया गया कि एफ०सी०आई० क्रय केन्द्र पर 04 अतिरिक्त इलेक्ट्रॉनिक कांटें, विपणन शाखा, पी०सी०एफ० के दो क्रय केन्द्रों पर 01-01 अतिरिक्त इलेक्ट्रॉनिक कांटा उपलब्ध कराये जायें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी/जिला खरीद अधिकारी अंकुर श्रीवास्तव, मण्डी सचिव धर्मेन्द्र सिंह सहित यातायात प्रभारी व कृषक बंधु उपस्थित रहे।

# जनगणना को लेकर मुख्य सचिव ने ली डिजिटल बैठक

जिला संवाददाता




**बिजनौर।** मुख्य सचिव शशि प्रकाश गोयल की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से ऑनलाइन जनगणना 2027 के प्रथम चरण यथा मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना 22 मई से 20 जून 2026 तक की प्रारंभिक तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुयी।

बैठक में मुख्य सचिव, एस पी गोयल, मृत्युंजय कुमार नारायण भारत के महा रजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त एवं शीतल वर्मा निदेशक जनगणना कार्य निदेशालय द्वारा आगामी जनगणना-2027 के सफल संचालन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी जसजीत कौर, मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, जिला जनगणना अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, प्रभारी जिला गणना जेपी यादव, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी एवं जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मौजूद थे।

## सीएचओ ने सीएचसी बार के अधीक्षक पर लगाए गंभीर आरोप

ललितपुर। स्वास्थ्य विभाग से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बार अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर टोडी में तैनात एक सीएचओ ने बार चिकित्सा अधीक्षक पर अभद्रता, मानसिक उत्पीड ?, रिश्वत मांगने और छेड़छाड़ के प्रयास जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपा है।

पीड़िता ने बताया कि उनका चयन संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा के माध्यम से मेडिकल कॉलेज झांसी में स्टाफ नर्स पद पर हो गया है। इसके लिए उन्हें सीएचसी बार से कार्यमुक्त होना था। आरोप है कि 1 अप्रैल 2026 को जब वह कार्यमुक्त होने के लिए अधीक्षक के पास पहुंचीं, तो उन्हें पूरे दिन बैठाए रखा गया और रिलीव नहीं किया गया।

# चकबंदी कार्यों में गति लाने के लिए जिलाधिकारी ने दिए निर्देश




**बांदा।** चकबन्दी कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने चकबन्दी एवं सहायक चकबन्दी अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन गांवों में चकबन्दी का कार्य किया जा रहा है उसमें धारा-9, पड़ताल का कार्य एवं कब्जा परिवर्तन की कार्यवाही को निर्धारित समय सीमा के तहत शीघ्र पूर्ण करें। उन्होंने चकबन्दी अधिकारियों को निर्देश दिये कि गांवों में धारा-52 का कार्य प्रत्येक दशा में पूर्ण करें। उन्होंने प्रतिदिन चकबन्दी लेखपालों एवं कर्मियों के कार्यों की समीक्षा करते हुए चकबन्दी कार्य में तेजी लाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्रामवार चकबन्दी कार्यों की समीक्षा करते हुए ग्राम हटेटी पुरवा में वादों का निस्तारण शीघ्र कराने, चक निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिये। सिंहपुरमाफी में धारा-9 का प्रकाशन शीघ्र कराने, ग्राम अलिहा में समझौता कार्य पूर्ण कराने, नवादा बांगर में वादों की सुनवाई मई तक पूरी करने तथा कुलसारी में समझौता कार्य माह अप्रैल में पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्रामों में मालियत निर्धारण का कार्य तेज गति से कराये जाने के निर्देश दिये। रामपुर में घारा-9 का कार्य पूर्ण हो गया है, समझौता कार्य शीघ्र कराने, अमलीकौर बांगर 15 अप्रैल से चक सीमांकन का कार्य प्रारम्भ करने के निर्देश दिये। उन्होंने चकबन्दी कार्य में गांवों के भूमि विवाद, चकरोड एवं भूमि सम्बन्धी पैमाइश आदि के विवाद समाप्त करते हुए चकबन्दी कार्यों को पूर्ण कराने, पड़ताल एवं कब्जा परिवर्तन की कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिये। इस दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक माया शंकर, बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी, सीओ चकबन्दी, सहायक चकबन्दी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## छेड़खानी का वीडियो वायरल, आरोपी गिरफ्तार

**फतेहपुर।** फतेहपुर में सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो ने सनसनी फैला दी है। वीडियो में आरोपी अमन सैय्यद उर्फ जार्डन पुत्र स्वर्गीय हनीफ निवासी उत्तरी खेलदार थाना कोतवाली द्वारा एक अज्ञात लड़की का रास्ता रोककर उसके साथ छेड़खानी और अश्लील हरकतें करते हुए दिखाई दे रहा है। आरोपी ने लड़की को खींचते हुए अपनी मोटरसाइकिल पर जबरदस्ती बैठाने का प्रयास किया, जिसका लड़की ने जमकर विरोध किया। विरोध पर आरोपी ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी।लड़की की शिकायत पर थाना कोतवाली में मामला दर्ज कर लिया गया है। वादी की तहरीर के आधार पर मु0अ0स0-130/26 धारा 126(2)/75/352/351(2) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस ने फुर्ती दिखाते हुए आरोपी अमन सैय्यद उर्फ जार्डन को गिरफ्तार कर लिया है। थाना कोतवाली में नियमानुसार विधिक कार्यवाही चल रही है।पुलिस अधीक्षक का बयान पुलिस अधीक्षक अभिमन्युमांगलिक ने बतायासोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर त्वरित कार्रवाई की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। जनपद में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस सतर्क है। ऐसी घटनाओं के प्रति सख्ती बरती जाएगी।₹ उन्होंने जनता से अपील की कि ऐसी घटनाओं की सूचना तुरंत पुलिस को दें।यह घटना फतेहपुर में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों को लेकर चिंता बढ़ा रही है।

## जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनायें : एसपी




**महोबा।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा गुरुवार के दिन गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शीए गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाएए जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके। साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।

## स्कूली बच्चों के सुरक्षित परिवहन के लिए चलाया गया चेकिंग अभियान




**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक जनपद मो0 मुश्ताक के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा स्कूली बच्चों के सुरक्षित परिवहन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शहर के विभिन्न चैराहों एवं तिराहों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान स्कूल वाहनों में सीसीटीवी, जीपीएस सिस्टम, अग्निशमन यंत्र एवं फर्स्ट एड बॉक्स की उपलब्धता की जांच की गई। वाहनों की स्पीड गवर्नर की जांच (स्कूली वाहनों की अधिकतम गति 40 किमीध्घंटा निर्धारित), रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप की उपलब्धता,ि खड़कियों में क्षैतिज ग्रिल, आपातकालीन निकास द्वार की अनिवार्यता, वाहन के आगे एवं पीछे स्कूल बस अंकित होना तथा विद्यालय का नाम एवं मोबाइल नंबर स्पष्ट रूप से लिखा होने के निर्देश दिये गये। अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई तथा वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक भी किया गया।

## खागा में खुलेआम अवैध मादक पदार्थ का खेल

फतेहपुर । जनपद का खागा कोतवाली क्षेत्र इन दिनों एक बेहद गंभीर और चिंताजनक स्थिति से गुजर रहा है। यहां अवैध मादक पदार्थों का कारोबार इस कदर पैर पसार चुका है कि अब यह सिर्फ चोरी-छिपे होने वाला धंधा नहीं रहा, बल्कि एक संगठित ‘अंडरग्राउंड नेटवर्क’ का रूप ले चुका है और सबसे हैरानी की बात यह है कि यह पूरा खेल खागा कोतवाली से चंद कदमों की दूरी पर खुलेआम संचालित हो रहा है।खागा कोतवाली के आसपास ही सक्रिय गिरोह क्या यह महज संयोग है ?स्थानीय लोगों और सूत्रों की मानें तो खागा कोतवाली के बेहद करीब कई संदिग्ध व्यक्तियों ने अपने स्थायी ठिकाने बना लिए हैं। ये लोग लंबे समय से ‘पालजी’ बनाकर इलाके में जमे हुए हैं और कथित रूप से मादक पदार्थों की सप्लाई का नेटवर्क चला रहे हैं।इनका काम करने का तरीका बेहद सुनियोजित बताया जा रहा है लोकेशन के जरिए डिलीवरी अलग से सप्लाईऔर हर गतिविधि को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटकर संचालित करनाइस तरह यह पूरा नेटवर्क एक ‘मिनी सप्लाई चेन’ की तरह काम कर रहा है, जिससे पकड़ पाना मुश्किल हो जाता है।वैध भांग की दुकान की आड़ में अवैध कारोबार का बड़ा खेलसूत्रों के अनुसार, इलाके में मौजूद भांग की वैध दुकान को ‘कवर’ बनाकर असली कारोबार चलाया जा रहा है।

एक दुकान के नाम पर 3 से 4 अलग-अलग स्थानों पर गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।यहां सिर्फ भांग ही नहीं, बल्कि अन्य संदिग्ध मादक पदार्थों की भी बिक्री होने की बात सामने आ रही है। स्थानीय लोगों का दावा है कि यह धंधा लंबे समय से जारी है और धीरे-धीरे इसका विस्तार भी होता जा रहा है।‘संरक्षण’ का आरोप बिना सहारे इतना बड़ा नेटवर्क कैसे इस पूरे मामले में सबसे बड़ा और संवेदनशील सवाल यही उठ रहा है कि आखिर इतना बड़ा अवैध नेटवर्क बिना किसी संरक्षण के कैसे चल सकता है ?सूत्रों का दावा है कि यह कारोबार कथित रूप से खागा कोतवाली के संरक्षण में फल-फूल रहा है।

संक्षेप

## फिक्की फ्लो ने अपना 22वां चैप्टर लॉन्च किया

रायपुर। फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन (फिक्की फ्लो), जो देश में महिला उद्यमियों का शीर्ष संगठन है, ने अपनी 43वीं राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूजा गर्ग के गतिशील नेतृत्व में और पूरे भारत में महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को मजबूत करने के उनके दृष्टिकोण से प्रेरित होकर, रायपुर, छत्तीसगढ़ में अपना 22वां चैप्टर लॉन्च किया। यह विस्तार महिला उद्यमियों और पेशेवरों को सशक्त बनाने के प्रति फिक्की फ्लो की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है, साथ ही राज्य में समावेशी आर्थिक विकास में भी योगदान देता है। नई दिल्ली में अपने मुख्यालय और 21 चैप्टरों में मजबूत उपस्थिति के साथ, फिक्की फ्लो चार दशकों से भी अधिक समय से महिलाओं की उद्यमिता, नेतृत्व और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में सबसे आगे रहा है। रायपुर चैप्टर का लॉन्च इस विरासत को एक ऐसे क्षेत्र तक और आगे बढ़ाता है जो संभावनाओं और उभरते अवसरों से समृद्ध है। इस लॉन्च कार्यक्रम की शोभा रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, और अपोलो हॉस्पिटल्स एंटरप्राइज लिमिटेड की संयुक्त प्रबंध निदेशक और फिक्की की पूर्व अध्यक्ष डॉ. संगीता रेड्डी ने बढ़ाई इनके साथ फिक्की फ्लो की पूर्व अध्यक्ष, प्रेसीडियम के सदस्य, गवर्निंग बॉडी के सदस्य, और महिला उद्यमियों तथा पेशेवरों का एक विशिष्ट समूह भी उपस्थित था।

## आरबीआई ने बैंकों से विदेशी भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने बृहस्पतिवार को बैंकों से कहा कि वे सीमा पार से आने वाले भुगतान की प्रक्रिया को दुरुस्त ताकि ग्राहकों को शीघ्र सूचना मिल सके और लाभार्थियों को समय पर रकम प्राप्त हो सके। केंद्रीय बैंक की एक अधिसूचना के अनुसार, बैंकों के लिए यह अनिवार्य कर दिया गया है कि भुगतान प्राप्त होने के तुरंत बाद ग्राहकों को सूचित किया जाए। विदेशी मुद्रा बाजार के समय के बाद भुगतान होने की स्थिति में, बैंकों को अगले दिन ग्राहक को सूचित करना होगा। नोस्ट्रो खातों का मिलान एक घंटे से अधिक समय में नहीं करने का भी निर्देश दिया गया है। नोस्ट्रो खाता एक ऐसा बैंक खाता है जो किसी घरेलू बैंक द्वारा किसी विदेशी बैंक में खोला जाता है। इसका उपयोग घरेलू बैंक विदेशी मुद्राओं में अंतरराष्ट्रीय लेनदेन को सुविधाजनक बनाने के लिए करते हैं। जोखिम मूल्यांकन के आधार पर सीधी प्रक्रिया अपनाने और विदेशी मुद्रा लेनदेन को सुगम बनाने के लिए डिजिटल इंटरफेस विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है।

## थ्रिलर ग्लोरी एक मई को होगी रिलीज

नई दिल्ली। नेटफ्लिक्स पर 1 मई को ग्लोरी का प्रीमियर हो रहा है। यह अपनी तरह की पहली स्पोर्ट्स थ्रिलर है, जिसकी कहानी बदले, महत्वाकांक्षा और मर्डर मिस्ट्री तथा बिखरे हुए परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है। इस सीरीज में बॉक्सिंग की दुनिया की कठोरता, जोखिम और क्रूरता दिखाई गई है। यह कहानी हरियाणा से शुरू होती है, जहाँ बॉक्सिंग में भारत को ओलिंपिक मैडल दिलाने की उम्मीद, निहाल सिंह की रहस्यमयी मौत हो जाती है। क्रोध और महत्वाकांक्षा के टकराव में बदले की हावी होती भावना के साथ ग्लोरी की कहानी रिश्तों के कमजोर धागों, सत्ता और धोखेबाजी की पड़ताल करती है, जिसमें ग्लोरी की लड़ाई उतनी ही व्यक्तिगत भी है, जितनी खतरनाक।

## बंगाल की महिलाओं ने संभाली है 'परिवर्तन' की कमान

हल्दिया। पश्चिम बंगाल के हल्दिया में एक विशाल रैलीपर केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोशल मीडिया पर लिखी पोस्ट में कहा है किपीएम मोदी के संदेश के बाद, यह स्पष्ट है कि बंगाल अब जागरूक हो चुका है। 'डबल इंजन सरकार' के नेतृत्व में 'विकसित बंगाल' का सपना अब दूर नहीं है। जनता का विश्वास 'परिवर्तन' और 'विकास' पर कायम है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी और यह सरकार पीएम मोदी जी के हाथों को और मजबूत करेगी। रैली में उमड़ी अभूतपूर्व भीड़ ने यह साबित कर दिया है कि बंगाल में अब परिवर्तन की लहर चल पड़ी है, जो विकास-उन्मुख और जवाबदेह शासन की ओर एक मजबूत कदम है नंदीग्राम की ऐतिहासिक धरती से लेकर राज्य के हर कोने तक, जनता अब अवसर, सुरक्षा और गरिमापूर्ण जीवन की मांग कर रही है।

# सेंसेक्स में 931 अंकों की गिरावट




मुंबई। भारी बिकवाली से स्थानीय शेयर बाजारों में पांच दिन से जारी तेजी बृहस्पतिवार को थम गयी और बीएसई सेंसेक्स 931 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी 222 अंक के नुकसान में रहा। पश्चिम एशिया में युद्धविराम को लेकर अनिश्चितता के बीच वित्तीय, बैंक और आईटी शेयरों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा।

एशिया और यूरोप के अन्य बाजारों में कमजोर रुख, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और विदेशी संस्थागत निवेशकों की निरंतर निकासी ने भी घरेलू बाजार में निवेशकों की चिंता बढ़ा दी है। बाजार में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 931.25 अंक यानी 1.20 प्रतिशत टूटकर 76,631.65 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह।,215 अंक की गिरावट के साथ 76,347.90 अंक पर आ गया था। एनएसई निफ्टी 222.25 अंक यानी 0.93 प्रतिशत टूटकर 23,775.10 अंक पर बंद हुआ। लेबनान पर इजराइल के हमलों के जवाब में ईरान के होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से बंद करने के बाद युद्धविराम समझौते को लेकर अनिश्चितता बढ़ गयी है। युद्धविराम से जो उम्मीद बंधी थी, वह अब फीकी पड़ गयी है क्योंकि अमेरिका-ईरान तनाव के फिर से बढ़ने और होर्मुज जलडमरूमध्य पर जारी प्रतिबंधों के कारण कच्चे तेल की कीमत फिर से बढ़ गई। इससे भारत में मुद्रास्फीति को लेकर चिंता भी बढ़ गई है। घरेलू स्तर पर, मुनाफावसूली, 10-वर्षीय बॉन्ड प्रतिफल में वृद्धि और रुपये की विनिमय दर में गिरावट ने अल्पकालिक जोखिम लेने की प्रवृत्ति को कम कर दिया। पिछले सत्र की जोरदार तेजी के बाद वित्तीय क्षेत्र में गिरावट देखी गई। इसका कारण विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निरंतर बिकवाली है। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में से इंटरग्लोब एविएशन, लार्सन एंड टुब्रो, इटर्नल, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, पावर ग्रिड, एनटीपीसी और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयरों में तेजी रही। बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.26 प्रतिशत चढ़ा जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप 0.15 प्रतिशत के लाभ में रहा। अमेरिकी-ईरान युद्धविराम को लेकर भरोसा कम होने के कारण निवेशकों ने सतर्क रूख अपनाया और घरेलू बाजारों में लगातार पांच सत्रों से जारी तेजी का सिलसिला टूट गया। पिछले कारोबारी सत्र में तेज उछाल के बाद आज की गिरावट मुख्य रूप से मुनाफावसूली के कारण हुई है। अनिश्चित माहौल में नए जोखिम उठाने के बजाय निवेशकों ने मुनाफा वसूली को तरजीह दी।

# रुपया नौ पैसे कमजोर होकर 92.63 प्रति डॉलर पर बंद



मुंबई। पश्चिम एशिया में बनी नाजुक स्थिति और होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर अनिश्चितता के कारण निवेशकों में सतर्कता बने रहने से बृहस्पतिवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले नौ पैसे टूटकर 92.63 (अस्थायी) पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि संघर्ष विराम होने के बावजूद ईरान एवं इजराइल के बीच तनाव और लेबनान पर हमले जारी रहने से भू-राजनीतिक जोखिम ऊंचा बना हुआ है।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 92.63 के भाव पर खुला। रुपये ने कारोबार के दौरान 92.92 के निचले स्तर और 92.53 के उच्च स्तर को भी छुआ। कारोबार के अंत में यह 92.63 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से नौ पैसे की कमजोरी दर्शाता है। बुधवार को ईरान एवं अमेरिका के बीच संघर्ष विराम की घोषणा होने के बाद रुपया 52 पैसे मजबूत होकर 92.54 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि संघर्ष विराम के उल्लंघन की खबरें आने और इजराइली कार्वाई जारी रहने से कच्चे तेल के दाम में तेजी आने और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली से रुपये पर दबाव पड़ा। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड तीन प्रतिशत से अधिक बढ़कर 97.67 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली से रुपये पर दबाव बना हुआ है। डॉलर-रुपये की विनिमय दर निकट अवधि में 92.50 से 93.40 के दायरे में रह सकती है। घरेलू शेयर बाजार में भी गिरावट देखी गई। बीएसई सेंसेक्स 931.25 अंक टूटकर 76,631.65 अंक और एनएसई निफ्टी 222.25 अंक के नुकसान के साथ 23,775.10 अंक पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 2,811.97 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की।

## एफआईयू, आई4सी के बीच साइबर धोखाधड़ी से जुड़ी सूचना साझा करने का समझौता

नयी दिल्ली। वित्तीय खुफिया इकाई-भारत (एफआईयू-इंडिया) और भारतीय साइबर उपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ने बृहस्पतिवार को साइबर धोखाधड़ी और वित्तीय अपराधों से निपटने में मदद के लिए सूचना साझा करने के एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा कि इस समझौते का उद्देश्य राष्ट्रीय स्तर पर धोखाधड़ी पहचान प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए सुझाव प्राप्त करने की मजबूत व्यवस्था विकसित करना है। इसके साथ ही वित्तीय संस्थानों के लिए दिशा-निर्देश और खतरे के निशान संकेतक तैयार एवं साझा किए जाएंगे, ताकि साइबर धोखाधड़ी की रोकथाम को सुदृढ़ किया जा सके। यह समझौता अमित मोहन गोविल और राजेश कुमार के बीच हस्ताक्षरित हुआ। मंत्रालय ने कहा कि यह समझौता दोनों एजेंसियों के बीच सहयोगात्मक खुफिया जानकारी साझा करने के एक नए दौर की शुरुआत करेगा। एफआईयू-इंडिया संदिग्ध वित्तीय लेनदेन से जुड़ी सूचनाओं के विश्लेषण और प्रसार से जुड़ी देश की केंद्रीय एजेंसी है। यह धनशोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण के खिलाफ समन्वय करती है। वहीं, आई4सी ने राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल और अन्य मंच विकसित किए हैं।

## वैश्विक स्थिति से निपटने में सक्षम भारत : सिंधिया

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि लोकतंत्र की परिपक्वता, कूटनीति, विविधीकरण एवं निर्णायक कदम के दम पर भारत मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने में सक्षम रहा है।

एआईएमए के एक कार्यक्रम में सिंधिया ने कहा कि भारतीय जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर भारत के तटों तक पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा अस्थिरता ने वैश्विक व्यवस्था को झटके लगे हैं। इन झटकों ने आपूर्ति श्रृंखलाओं को प्रभावित किया है और भू-राजनीतिक तनाव बढ़ाया है। साथ ही ऊर्जा बाजार भी बुनियादी रूप से प्रभावित हुए हैं। ऐसे माहौल में, जहां ऊर्जा हमारी रीढ़ है, भारत इन चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों से निपटने में सक्षम रहा है। मंत्री ने कहा कि पिछले चार सप्ताह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक संगठित व्यवस्था तैयार की है, जिससे कठिन चुनौतियों का सामना किया जा सके और उन्हें अवसरों में बदला जा सके। सिंधिया ने कहा कि आज भारत कई देशों के साथ संवाद स्थापित करने में सक्षम हुआ है। हमारे भारतीय जहाज आज होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरते हुए भारत के तटों तक पहुंच रहे हैं। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि देश के सभी वर्ग इस अस्थिरता से सुरक्षित रहें। यह हमारे लोकतंत्र की परिपक्वता, कूटनीति, विविधीकरण और निर्णायक क्रियान्वयन को दर्शाता है। दूरसंचार क्षेत्र पर सिंधिया ने कहा कि सरकार देश के हर गांव को ब्रॉडबैंड सेवा से जोड़ने के लिए 1.39 लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च कर रही है। इसका आधे से अधिक हिस्सा अगले 10 साल तक ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क के रखरखाव पर खर्च होगा। देश में ब्रॉडबैंड क्षमता में 10 प्रतिशत वृद्धि के लिए भारत सरकार 1.39 लाख करोड़ रुपये खर्च कर रही है, जिससे देश के हर गांव को ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क से जोड़ा जा सके। इसमें 45 प्रतिशत राशि पूंजीगत व्यय के लिए और 55 प्रतिशत राशि अगले 10 वर्षों तक फाइबर नेटवर्क के रखरखाव के लिए है। अगले पांच वर्ष या अगले दशक में अवसरों के रूप में 1.5 से दो लाख करोड़ डॉलर अतिरिक्त सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में जुड़ सकते हैं।

## वस्तु निर्यात में 2025-26 में तीन प्रतिशत की आ सकती है गिरावट

लुधियाना। पश्चिम एशिया संकट से उपजी वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के कारण 2025-26 में देश के वस्तु निर्यात में दो से तीन प्रतिशत की गिरावट आने की आशंका है। निर्यातकों के शीर्ष निकाय फियो ने यह बात कही है।

पश्चिम एशिया संकट के कारण मार्च में वस्तु निर्यात में सात से आठ प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान है। अमेरिका और इजरायल के 28 फरवरी को ईरान पर किए गए संयुक्त हमले ने पश्चिम एशिया को होने वाले देश के निर्यात को बुरी तरह प्रभावित किया है। इससे माल भाड़ा, हवाई परिवहन की लागत और बीमा लागत बढ़ गईं हैं। पश्चिम एशिया के देशों से तेल और गैस की आवाजाही में रुकावट के कारण इस्पात, प्लास्टिक और रबड़ जैसे कच्चे माल की कीमतों में भी वृद्धि हुई है। पिछले वित्त वर्ष में निर्यात में दो से तीन प्रतिशत और मार्च में सात से आठ प्रतिशत की गिरावट आने की आशंका है। हालांकि भारत के वस्तु और सेवाओं के कुल निर्यात में पांच से छह प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है। निर्यात 2024-25 में 825 अरब डॉलर रहा (437 अरब डॉलर का वस्तु निर्यात और 388 अरब डॉलर का सेवा निर्यात)। वाणिज्य मंत्रालय 15 अप्रैल को निर्यात के आंकड़े जारी करेगा।


# विश्व बैंक ने 2026-27 में भारत की वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर किया 6.6 प्रतिशत




नयी दिल्ली। विश्व बैंक ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान मामूली बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। साथ ही उसने कहा कि पश्चिम एशिया संकट से उत्पन्न चुनौतियां वृद्धि पर असर डाल सकती हैं। हालांकि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती से शुरुआती महीनों में उपभोक्ता मांग को सहारा मिलेगा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने देश की आर्थिक वृद्धि के 6.9 प्रतिशत, आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) ने 6.1 प्रतिशत और मूडीज रेटिंग्स ने छह प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है।

विश्व बैंक ने बुधवार को जारी अपनी दक्षिण एशिया आर्थिक अद्यतन रिपोर्ट में कहा कि भारत की वृद्धि दर वित्त वर्ष 2024-25 के 7.1 प्रतिशत से बढ़कर 2025-26 में 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इसका मुख्य कारण मजबूत घरेलू मांग और निर्यात की मजबूती है। रिपोर्ट के अनुसार, निजी उपभोग में वृद्धि विशेष रूप से मजबूत रही जिसे कम मुद्रास्फीति एवं माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के युक्तिकरण से समर्थन मिला।विश्व बैंक ने कहा, वृद्धि दर के 2026-27 में घटकर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है जो पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न प्रतिकूल परिस्थितियों को दर्शाता है। रिपोर्ट के अनुसार जीएसटी दरों में कटौती से वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में उपभोक्ता मांग को सहारा मिलेगा, लेकिन ऊंची वैश्विक ऊर्जा कीमतें महंगाई बढ़ा सकती हैं और परिवारों की उपलब्ध आय पर दबाव डाल सकती हैं। इसके अलावा रसोई गैस एवं उर्वरक पर अधिक सब्सिडी खर्च के कारण सरकारी खपत वृद्धि में नरमी आने की उम्मीद है। बढ़ती अनिश्चितता तथा कच्चे माल की लागत में वृद्धि के कारण निवेश वृद्धि भी धीमी पड़ सकती है। विश्व बैंक ने कहा कि अमेरिका और यूरोपीय संघ के बाजारों तक भारत की निर्यात पहुंच में सुधार का लाभ मुख्य व्यापारिक साझेदार देशों में धीमी वृद्धि से कुछ हद तक प्रभावित हो सकता है। विश्व बैंक ने जनवरी में जारी ग्लोबल इकोनॉमिक प्रॉस्पेक्ट्स रिपोर्ट में भारत की वृद्धि दर 2026-27 में 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था।

# चार दिन की यात्रा पर भूटान पहुंचे मनोहर लाल, ऊर्जा सुरक्षा पर रहेगा जोर



नयी दिल्ली। केंद्रीय बिजली तथा आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल बृहस्पतिवार को भूटान की चार दिवसीय यात्रा पर पहुंचे। इस दौरान दोनों देशों के बीच होने वाली द्विपक्षीय वार्ताओं का मुख्य केंद्र ऊर्जा सुरक्षा और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना विकास रहेगा।

विद्युत मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, केंद्रीय मंत्री ने भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने स्वच्छ ऊर्जा और विकास के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की साझा प्रतिबद्धता दोहराई। इ स ा क े अतिरिक्त, मनोहर लाल ने भूटान के ऊर्जा एवं प्राकृतिक संसाधन मंत्री ल्योंपो गेमे शेरिंग के साथ भी बैठक की। इस बैठक में जलविद्युत क्षेत्र में जारी सहयोग को मजबूत करने और भविष्य में नवीकरणीय ऊर्जा (सौर या पवन ऊर्जा जैसे कभी न खत्म होने वाले स्रोत) तथा क्षेत्रीय बिजली व्यापार की संभावनाओं पर चर्चा की गई। इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच पुनात्सांगछू-दो जलविद्युत परियोजना के लिए बिजली की दरों से जुड़े नियमों पर हस्ताक्षर किए गए। यह 1020 मेगावाट की परियोजना भारत और भूटान के बीच जलविद्युत सहयोग की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस परियोजना से अतिरिक्त बिजली का भारत को निर्यात सितंबर, 2025 से ही शुरू हो चुका है। दोनों पक्षों ने बिजली ग्रिड की स्थिरता और सीमा पार बिजली के व्यापार को अधिक सुचारू बनाने के लिए एक तकनीकी ढांचे पर सहमति व्यक्त की। मंत्रालय के अनुसार, भारत और भूटान के बीच आपसी विश्वास पर आधारित अनुकरणीय संबंध हैं और यह यात्रा इन संबंधों को और गहरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसमें गैर-जलविद्युत ऊर्जा, बिजली पारेषण और परियोजनाओं के वित्तपोषण जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया गया है।

## पेज एक का शेष

### बंगाल से

में राज्य को पीछे धकेल रही है। मोदी ने आसनसोल में रैली को संबोधित करते हुए कहा, आसनसोल का कोयला क्षेत्र अब तृणमूल के सिंडिकेट राज के अधीन है। अवैध कोयला, रेत और मिट्टी खनन में शामिल लोगों ने जनता पर अपना शिकंजा कस रखा है।

मोदी ने जोर दिया कि पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन अपरिहार्य है क्योंकि तृणमूल कांग्रेस के पाप का घड़ा भर गया है। उन्होंने बंगाल की प्रगति और विकास सुनिश्चित करने के लिए तृणमूल-मुक्त बंगाल की वकालत की। प्रधानमंत्री ने मतगणना की तारीख का जिक्र करते हुए कहा तृणमूल के पाप का घड़ा भर गया है। बंगाल डबल इंजन वाली सरकार के लिए तरस रहा है। चार मई के बाद राज्य विकास के एक नए दौर में प्रवेश करेगा। उन्होंने राज्य के आर्थिक और औद्योगिक पतन का उल्लेख करते हुए कहा राष्ट्रीय जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) में बंगाल का योगदान पहले के 12 प्रतिशत से घटकर मात्र पांच प्रतिशत रह गया है। प्रधानमंत्री ने कहा, बंगाल में सत्ता परिवर्तन अब अपरिहार्य है और आसनसोल की जनता भी राज्य के अन्य सभी हिस्सों की तरह ही इसकी मांग कर रही है। यह चुनाव सिर्फ सरकार बदलने के लिए नहीं है, बल्कि आसनसोल को उसकी औद्योगिक शक्ति वापस दिलाने का अवसर है। उन्होंने दावा किया कि सत्ता परिवर्तन के बाद पश्चिम बंगाल नयी ऊंचाइयों को छुएगा। मोदी ने कहा, कभी समृद्ध औद्योगिक क्षेत्र रहे आसनसोल से निवेश खत्म हो चुका है। केवल भाजपा की डबल इंजन सरकार ही इसे सुधार सकती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र ने आसनसोल में उद्योगों के पुनरुद्धार के लिए 45,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। मोदी ने आरोप लगाया, तृणमूल ने बंगाल पर क्रूरता की है, जबकि भाजपा ने सत्ताधारी दल द्वारा खड़ी की गई बाधाओं के बावजूद आसनसोल का विकास किया।

### स्मार्ट बिजली

रहे हैं, वहां उनकी गहराई, केबल की गुणवत्ता एवं अन्य तकनीकी मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही बिजली लाइनों को चरणबद्ध रूप से भूमिगत किए जाने की प्रक्रिया को और व्यवस्थित एवं गति देने के निर्देश दिए। प्रिवेंटिव मेंटेनेंस को सुदृढ़ करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि फॉल्ट-फ्री सप्लाई के लिए नियमित रखरखाव अनिवार्य है। बैठक में बताया गया कि प्री एवं पोस्ट मानसून अभियानों के परिणामस्वरूप वर्ष 2025-26 में पावर ट्रांसफॉर्मर क्षति में लगभग 80 प्रतिशत तथा बड़े वितरण ट्रांसफॉर्मरों की क्षति में लगभग 48 प्रतिशत की कमी आई है। स्मार्ट मीटरिंग एवं राजस्व सुधार की समीक्षा में बताया गया कि 84 लाख से अधिक स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं तथा फीडर मीटरिंग में लगभग 95 प्रतिशत प्रगति हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों के संदर्भ में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि न्यूनतम 05 आवास वाले मजरों में भी विद्युतीकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही डबल ग्रुप सप्लाई एवं कृषि फीडर पृथक्करण के कार्यों को समयबद्ध पूर्ण किया जाए, ताकि ओवरलोडिंग की समस्या का समाधान हो सके। उपभोक्ता सेवाओं के अंतर्गत 1912 कॉल सेंटर, ऑनलाइन पोर्टल, सोशल मीडिया एवं व्हाट्सएप के माध्यम से शिकायत निस्तारण व्यवस्था को और प्रभावी बनाने तथा सिंगल विंडो मॉडल को व्यापक स्तर पर लागू करने के निर्देश दिए गए। उत्पादन क्षमता के संतुलित विस्तार पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी तापीय इकाइयों को पूर्ण क्षमता के साथ संचालित रखा जाए तथा ग्रीष्मकालीन मांग के दृष्टिगत आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि उत्पादन से जुड़े सभी मुद्दों का समयबद्ध समाधान किया जाए। बैठक में अवगत कराया गया कि प्रदेश में वर्तमान में 12,247 मेगावाट तापीय तथा 526.4 मेगावाट जल विद्युत क्षमता उपलब्ध है तथा वर्ष 2021-22 से 2025-26 के बीच 3,143 करोड़ रुपये का संचयी लाभ अर्जित किया गया है। घाटमपुर की 660 मेगावाट इकाई अप्रैल में संचालन प्रारंभ करेगी। मुख्यमंत्री ने 5,600 मेगावाट की नई परियोजनाओं; मेजा, ओबरा-डी एवं अनपरा-ई को शीघ्र स्वीकृति देकर समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही 500 मेगावाट सौर एवं 50 मेगावाट फ्लोटिंग सोलर परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाने तथा न्यूक्लियर पावर के लिए चल रहे सर्वेक्षण को शीघ्र पूर्ण करने को कहा। नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

### असम, केरल

62 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। निर्वाचन आयोग (ईसी) के आंकड़ों के अनुसार, अपराह्न तीन बजे तक 2.71 करोड़ मतदाताओं में से 62.71 प्रतिशत ने अपना वोट डाल दिया था। सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ), मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के शासन और कल्याणकारी मॉडल के दम पर लगातार तीसरी बार सत्ता बरकरार रखने के प्रयास में है। वहीं, कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) राज्य में एक दशक से जारी वाम शासन को बेदखल कर सत्ता में वापसी की कोशिश में जुटा है। भारतीय जनता पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) एलडीएफ और यूडीएफ के वर्चस्व को चुनौती देने और अपने बढ़ते मत प्रतिशत को विधानसभा में निर्णायक उपस्थिति में बदलने के लक्ष्य के साथ चुनाव मैदान में है। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार, सुबह नौ बजे मतदान प्रतिशत 16.23 प्रतिशत दर्ज किया गया, जो पूर्वाह्न 11 बजे बढ़कर 33.28 प्रतिशत और दोपहर एक बजे 49.70 प्रतिशत हो गया। हालांकि, दोपहर तीन बजे तक 62.71 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जो लगभग 13 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। राज्य की सभी 140 विधानसभा सीट पर बृहस्पतिवार सुबह सात बजे मतदान शुरू हुआ। दिन चढ़ने के साथ लोग राज्य के 30,495 मतदान केंद्रों पर पहुंचने लगे। मतदान कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच जारी है। इसके तहत 76,000 से अधिक सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई और वेबकास्टिंग प्रणाली का व्यापक पैमाने पर इस्तेमाल करते हुए चुनाव प्रक्रिया की निगरानी की जा रही है। राज्य की 140 विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ रहे 883 उम्मीदवारों के चुनावी भाग्य का फैसला करीब 2.71 करोड़ मतदाता करेंगे। निर्वाचन आयोग (ईसी) के आंकड़ों के अनुसार, मतदाताओं में 1.32 करोड़ पुरुष, 1.39 करोड़ महिलाएं और 273 उभयलिंगी शामिल हैं। इसके अलावा 2.42 लाख से अधिक प्रवासी मतदाता भी हैं। इस चुनावी प्रक्रिया के लिए निर्वाचन आयोग (ईसी) ने 1.42 लाख प्रशिक्षित कर्मियों की तैनाती की है।

विधानसभा चुनाव 2026 को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां अपने चरम पर है। असम, केरल और पुदुचेरी में आज (9 अप्रैल) को एक ही चरण में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान हो रहा है।

### सीबीआई ने

प्लानिंग गुरुस प्राइवेट लिमिटेड, कैप को फिनटेक सर्विसेज, आर.एस. ट्रेडर्स और अन्य संबंधित फर्मा/व्यक्तियों सहित फर्जी संस्थाओं (शेल) के खातों में अंतरित करने के लिए व्यवस्थित तरीके से अंजाम दिया गया था, जिससे सरकारी खजाने को भारी नुकसान हुआ।

### चारधाम यात्रा

की लापरवाही या क्षमता से अधिक संचालन को पूरी तरह रोका जाए। यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए सरकार इस बार डिजिटल तकनीक का व्यापक उपयोग करेगी। दर्शन के लिए स्लॉट आधारित व्यवस्था लागू की जाएगी, ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके। साथ ही ऑनलाइन पंजीकरण प्रणाली को और सरल एवं तेज बनाया जाएगा तथा आवश्यकता वाले स्थानों पर अतिरिक्त पंजीकरण काउंटर खोले जाएंगे। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि यात्रा मार्गों पर ओवररेटिंग की शिकायतों को रोकने के लिए सख्त निगरानी रखी जाएगी।

### अमेरिका-ईरान

बना हुआ है। उन्होंने एक्स पर कहा, राजनयिक पहल को नाकाम करने के लिए इजराइली शासन द्वारा बार-बार युद्धविराम के उल्लंघन के कारण ईरान के लोगों में संशय के बावजूद, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के निमंत्रण पर, ईरानी प्रतिनिधिमंडल आज रात इस्लामाबाद पहुंच रहा है, ताकि ईरान द्वारा प्रस्तावित 10 बिंदुओं पर वार्ता की जा सके।

### लेबनान में

बनाया। हालांकि, बिना किसी चेतावनी के जिन इमारतों पर हमला किया गया, उनमें से कई घनी आबादी वाले व्यावसायिक और आवासीय क्षेत्रों में थीं, जिसके परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर नागरिक हताहत हुए। लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन ने इन हमलों को बर्बर करार दिया।

### सीएम योगी

विभागों को जेम पोर्टल के माध्यम से खरीद के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं। उत्तर प्रदेश ने वित्त वर्ष 2025-26 में जेम पोर्टल के माध्यम से सर्वाधिक खरीद कर अन्य राज्यों के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में जेम पोर्टल पर यूपी के शीर्ष 10 विभागों की खरीद की बात करें तो नगर विकास विभाग-3606 करोड़ रुपये, चिकित्सा शिक्षा-2973 करोड़ रुपये, चिकित्सा स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग-2498 करोड़ रुपये, गृह विभाग-1852 करोड़ रुपये, ऊर्जा विभाग -1192 करोड़ रुपये, पशुपालन विभाग -1139 करोड़ रुपये, बेसिक शिक्षा विभाग-812 करोड़ रुपये, ग्रामीण विकास-755 करोड़ रुपये, माध्यमिक शिक्षा-560 करोड़ रुपये एवं महिला एवं बाल विकास विभाग ने 450 करोड़ रुपये की खरीद की गई।

राज्य-कुल क्रय (करोड़ रुपये में)

उत्तर प्रदेश-22,337, गुजरात-14,009, महाराष्ट्र-6113, दिल्ली-4278, छत्तीसगढ़-3935, बिहार-3611, मध्य प्रदेश-2900, जम्मू-कश्मीर-2653, झारखंड-2647 और असम-2494 करोड़ रुपये की खरीद हुई है।

### ऑपरेशन सिंदूर

निपटने पर केंद्रित था। हालांकि, उन्होंने चेताया कि प्रमुख चुनौतियां अभी भी बनी हुई हैं, विशेष रूप से रणनीतिक, परिचालन और सामरिक स्तरों पर संचालन में समन्वय स्थापित करने और हाइब्रिड या ग्रे-ज़ोन युद्ध के बढ़ते प्रचलन से निपटने में। उन्होंने कहा, ये आमतौर पर पारंपरिक सैन्य सीमा से नीचे होते हैं, जिनका उद्देश्य दुश्मन की कमजोरियों का फायदा उठाना होता है।

### 12 आईपीएस

पुलिस अधीक्षक अंतरिक्ष जैन को बुलंदशहर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, संभल के सहायक पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार को प्रतापगढ़ का अपर पुलिस अधीक्षक (नगर पूर्वी), अलीगढ़ सहायक पुलिस अधीक्षक मयंक पाठक को सहारनपुर में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), सहायक पुलिस आयुक्त पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सुश्री लिपि नागयाच को अपर पुलिस उपायुक्त वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट, नोएडा पुलिस कमिश्नरेट सहायक पुलिस आयुक्त सुश्री ट्विंकल जैन को लखनऊ अपर पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ, सहायक पुलिस आयुक्त पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज राजकुमार मीणा को अपर पुलिस अधीक्षक (नक्सल) मिर्जापुर, सहायक पुलिस आयुक्त पुलिस कमिश्नेट लखनऊ ऋषभ रुनवाल को सोनभद्र का अपर पुलिस अधीक्षक (नक्सल), सहायक पुलिस आयुक्त वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट डॉ. ईशान सोनी को जालौन का अपर पुलिस अधीक्षक बनाया है।




# कोलकाता ने लखनऊ को दिया 182 रन का लक्ष्य

## आईपीएल : रघुवंशी ने 45, रहाणे ने 41 रन बनाये, 4 बॉलर्स को एक-एक विकेट



आईपीएल

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स ने कढछ के 15वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को 182 रन का टारगेट दिया है। ईडन गार्डन्स स्टेडियम में लखनऊ ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। पहले बैटिंग करते हुए कोलकाता ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 181 रन बनाए। अंगकृष रघुवंशी ने 45 और कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 41 रन बनाए। लखनऊ की ओर से प्रिंस यादव, एम सिद्धार्थ, दिग्वेश राठी और आवेश खान ने एक-एक विकेट लिया। पारी के आखिरी ओवर में प्रिंस यादव ने 12 रन दिए।

उनके ओवर में ग्रीन और पॉवेल ने चौके लगाए। इसी के साथ कोलकाता ने लखनऊ को 181 रन का टारेगट दिया। 19वें ओवर में कैमरन ग्रीन और रोवमन पॉवेल ने 5वें विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप की। शमी की दूसरी बॉल पर कैमरन ग्रीन ने छक्का लगाया। इसी छक्के से साझेदारी 50 पार हो गई। 17वें ओवर में प्रिंस यादव 17 रन दिए। रोवमन पॉवेल ने आखिरी दो बॉल पर बैक टु बैक बाउंड्री लगाई। इनमें एक चौका और एक छक्का शामिल रहा। 15वें ओवर में दिग्वेश राठी ने महज 3 रन दिए। तीनों रन सिंगल के जरिए आए। उन्होंने कैमरन ग्रीन को 4 बॉल डॉट कराई। 14वें ओवर में कोलकाता ने चौथा विकेट गंवा दिया।

ओवर की दूसरी बॉल आवेश खान ने गुड लेंथ पर आउट स्विंगर फेंकी। रिंकू सिंह डिफेंड करने गए, लेकिन बोल्ड हो गए। उन्होंने 4 रन बनाए। 12वें ओवर में कोलकाता ने तीसरा विकेट गंवा दिया। ओवर की चौथी बॉल एम सिद्धार्थ ने गुड लेंथ पर फेंकी। अंगकृष रघुवंशी आगे निकलकर बड़ा शॉट खेलने गए, लेकिन लॉन्ग ऑन पर ऐडन मार्करम के हाथों कैच हो गए। रघुवंशी ने 45 रन बनाए। 11वें ओवर में कोलकाता ने दूसरा विकेट गंवा दिया। ओवर की दूसरी बॉल दिग्वेश राठी ने फुलर लेंथ फेंकी। अजिंक्य रहाणे ने फ्लिक किया, लेकिन शॉर्ट मिड विकेट पोजिशन पर मोहम्मद शमी के हाथों कैच हो गए। रहाणे ने 41 रन बनाए। 7वें ओवर की 5वीं बॉल पर अजिंक्य रहाणे और अंगकृष रघुवंशी ने दूसरे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी की। रहाणे ने एम सिद्धार्थ की बॉल पर सिंगल लेकर साझेदारी का 50वां रन बनाया। टीम ने 15 रन के स्कोर पर पहला विकेट गंवाया था।

टॉस हारकर बैटिंग कर रही कोलकाता ने मिलीजुली शुरूआत की है। टीम ने शुरूआती 6 ओवर में एक विकेट पर 56 रन बना डाले हैं। कप्तान रहाणे और रघुवंशी की जोड़ी क्रीज पर हैं। दोनों ने छठे ओवर में आवेश खान की बॉल पर 16 रन बनाए। आवेश की आखिरी तीन बॉल पर बाउंड्री लगी। इससे पहले फिन एलन 9 रन बनाकर आउट हुए। 5वें ओवर में अजिंक्य रहाणे ने दिग्वेश राठी की बॉल पर लगातार दो चौके लगाए। उन्होंने चौथी और 5वीं बॉल पर बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचाया। राठी के इस ओवर से 10 रन आए।

कोलकाता की पारी के तीसरे और मोहम्मद शमी के दूसरे ओवर से 5 रन आए। इसमें एक चौका शामिल रहा। शमी ने अपने पहले ओवर में 6 रन दिए थे। दूसरे ओवर में कोलकाता ने पहला विकेट गंवाया। यहां पर फिन एलन 9 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें प्रिंस यादव ने दिग्वेश राठी के हाथों कैच कराया। कमेंटेटर मोहम्मद कैप ने दिग्वेश के कैच पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा- दिग्वेश का पैर बाउंड्री पर था। उसके बाद भी अंपायर ने बैटर को आउट दे दिया। कोलकाता की पारी का पहला ओवर मोहम्मद शमी ने डाला। उन्होंने इस ओवर में महज 6 रन दिए। शुरूआती 5 ओवर में 2 रन ही आए थे, लेकिन आखिरी बॉल पर चौका आ गया। रहाणे और एलन की जोड़ी नाबाद है।

### डेविड मिलर की मंशा में कमी नहीं निकाल सकते : गावस्कर

नयी दिल्ली। भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल के रोमांचक मैच में एक रन लेने से इनकार करने वाले दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज डेविड मिलर का बचाव करते हुए कहा कि उनकी मंशा में कमी नहीं निकाल सकते। जीत के लिये 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली को दो गेंद में दो रन की जरूरत थी लेकिन आखिरी ओवर की पांचवीं गेंद पर मिलर ने एक रन लेने से इनकार कर दिया। वह आखिरी गेंद पर चूके लेकिन एक रन के लिये भागे लेकिन जोस बटलर के थ्रो पर कुलदीप यादव रन आउट हो गए। गावस्कर ने जियो हाटस्टार से कहा , डेविड मिलर बहुत अच्छा खेल रहा था और उसे खुद पर भरोसा था कि वह मैच फिनिश करेगा। उसकी मंशा में कमी नहीं निकाल सकते।

प्रसिद्ध कृष्णा ने एक शानदार धीमा बाउंसर डाला जिसे वह खेल नहीं सका। दबाव के हालात में ऐसा हो जाता है। क्रिकेटर से कमेंटेटर बने गावस्कर ने कहा कि दबाव के हालात में मैच की स्थिति को लेकर चौकस रहना काफी अहम है जो भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ 1986 में टाई रहे मैच में दिखाई थी। चेन्नई में उस मैच में भारत 348 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहा था। शास्त्री ने नाबाद 48 रन बनाये और सही समय पर एक रन लेकर भारत को 347 रन तक पहुंचाया जबकि आखिरी गेंद पर मनिंदर सिंह आउट हो गए। वह मैच ड्रॉ रहा। गावस्कर ने कहा इसी समय पर मैच के हालात को लेकर जागरूक रहना जरूरी है। मुझे इससे रवि शास्त्री का वह एक रन याद आता है जो 1986 में आस्ट्रेलिया के खिलाफ उसने सही समय पर लेकर स्कोर बराबर कर दिया था। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन ने अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान की तारीफ की जिन्होंने गुजरात के लिये चार ओवर में 17 रन देकर तीन विकेट लिये। उन्होंने कहा राशिद खान ने जबर्दस्त गेंदबाजी की। लेकिन एक ईकाई के रूप में गुजरात की गेंदबाजी उतनी अच्छी नहीं थी लेकिन खेल में ऐसा होता है।

# आरसीबी और रॉयल्स के मुकाबले में नजरें शीर्षक्रम के बल्लेबाजों पर




गुवाहाटी। यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी से मिल रही आक्रामक शुरूआत के साथ राजस्थान रॉयल्स शुक्रवार को यहां गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ आईपीएल के मैच में अपना दबदबा कायम रखना चाहेगी जबकि आरसीबी की उम्मीदें फॉर्म में चल रहे देवदत्त पडिक्कल पर टिकी होंगी। दो साल पहले टी20 क्रिकेट से विदा लेने के बावजूद आरसीबी के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के प्रदर्शन में कमी नहीं आई है। उनके मार्गदर्शन में आरसीबी ने संतुलित शीर्षक्रम तैयार कर लिया है और पिछले मैच में फिल साल्ट ने भी उम्दा पारी खेली थी। तीसरे नंबर पर उतर रहे पडिक्कल ने घरेलू क्रिकेट का अपना फॉर्म कायम रखते हुए संतुलित आक्रामकता के साथ बल्लेबाजी की है। आईपीएल में अपने पदार्पण सत्र में आरसीबी के लिये 473 रन बनाने वाले पडिक्कल बाद में राजस्थान रॉयल्स और लखनऊसुपर जाइंट्स के साथ उस सफलता को दोहरा नहीं सके थे। पिछले सत्र में वह आरसीबी में लौटे और पहली बार उसे आईपीएल खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इस सत्र में भी उन्होंने पहले चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 29 गेंद में 50 और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 26 गेंद में 61 रन बनाये। कप्तान रजत पाटीदार और आस्ट्रेलिया के टिम डेविड मध्यक्रम को मजबूती देते हैं। आरसीबी के गेंदबाजों ने भी इस सत्र में प्रभावित किया है। जैकब डफी ने जोश हेजलवुड की कमी पूरी की है तो बीच के ओवरों में कृणाल पंड्या और सुयश शर्मा ने रन रोके हैं। वहीं रॉयल्स इस सत्र में सबसे आक्रामक बल्लेबाजी ईकाई के रूप में सामने आई है जिसका श्रेय जायसवाल और सूर्यवंशी को जाता है। दोनों ने टीम को शानदार शुरूआत देकर विरोधी गेंदबाजों को दबाव में ला दिया है। सूर्यवंशी ने पिछले मैच में जसप्रीत बुमराह को पहली ही गेंद पर छक्का लगाकर अपने बेखौफ खेल का फिर परिचय दिया था। रॉयल्स के गेंदबाज भी रणनीति पर अमल करने में कामयाब रहे हैं। मैच का समय : शाम 7.30 से।

टीमें :

राजस्थान रॉयल्सः रियान पराग (कप्तान), ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, रवि सिंह, अमन पेराला, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जयसवाल, रवींद्र जड़ेजा, एडम मिल्ने, ब्रिजेश शर्मा, जोफ्रा आर्चर, कुलदीप सेन, क्वेना मफाका, नांद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई और संदीप शर्मा।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुः रजत पाटीदार (कप्तान), अभिनंदन सिंह, भुवनेश्वर कुमार, देवदत्त पडिक्कल, जितेश शर्मा, कुणाल पंड्या, रसिख डार, सुयश शर्मा, स्वप्निल सिंह, विराट कोहली, वेंकटेश अय्यर, मंगेश यादव, कनिष्क चौहान, विहान मल्होत्रा, विक्की ओस्तवाल, सात्विक देसवाल।



## संक्षेप

### उत्तर प्रदेश और पंजाब सब जूनियर राष्ट्रीय हॉकी में जीते

राजगीर (बिहार)। पंजाब, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश ने बृहस्पतिवार को यहां 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में डिवीजन ए क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीते। दिन के पहले मैच में दादरा और नगर हवेली तथा दम और दीव ने चंडीगढ़ को 2-1 से हराया। दूसरे क्वार्टर फाइनल में पंजाब ने झारखंड को 5-3 से शिकस्त दी। तीसरे क्वार्टर फाइनल में उत्तर प्रदेश ने ओडिशा को 6-3 से हराया। दिन के अंतिम मैच में मध्य प्रदेश और हरियाणा ने गोल रहित ड्रॉ खेला जिसके बाद मध्य प्रदेश ने शूट आउट में 4-3 से जीत दर्ज की।

### खालिन जोशी ने आंध्र ओपन में तीन शॉट की बढ़त कायम कर ली

विशाखापत्तनम। खालिन जोशी ने एक अंडर 70 का कार्ड खेल बृहस्पतिवार को यहां आंध्र ओपन 2026 के तीसरे दौर के बाद कुल सात अंडर 206 के स्कोर के साथ तालिका में शीर्ष पर तीन शॉट की बड़ी बढ़त कायम कर ली है। बेंगलुरु के 33 वर्षीय इस खिलाड़ी ने एक करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि वाली इस प्रतियोगिता के शुरुआती दो दौर में समान 68-68 के कार्ड खेले थे। डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई में छह बार के इस विजेता खिलाड़ी के पास अब चार साल के खिताबी सूखे को खत्म करने का अच्छा मौका है। उन्होंने अपना पिछला खिताब अगस्त 2022 में कोयंबतूर में जीता था। दुबई के यश मजमुदार (71-69-69) और दिल्ली के राशिद खान (70-72-67) चार अंडर 209 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे।

मजमुदार ने तीसरे दिन 69 का स्कोर बनाया, जबकि राशिद ने दिन का सर्वश्रेष्ठ 67 का कार्ड खेलकर अच्छी वापसी की। एशियाई टूर पर सबसे कम उम्र के भारतीय विजेता कोलकाता के विराज मदप्पा (69-71-71) दो अंडर 211 के स्कोर के साथ ग्रेटर नोएडा के अर्जुन शर्मा (71-70-70) के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं।

# ब्राजील की लॉरा कारडोसो ने नौ विकेट टी-20 अंतरराष्ट्रीय में रचा इतिहास

दुबई। ब्राजील की तेज गेंदबाज लॉरा कारडोसो ने रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया जब वह पुरुषों या महिलाओं के टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक ही पारी में नौ विकेट लेने वाली पहली खिलाड़ी बन गईं। कारडोसो ने लेसोथो के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए चार रन देकर नौ विकेट चटकाए जो टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़े है।

उन्होंने गैबोरोन में बोत्सवाना क्रिकेट संघ ओवल दो मैदान पर बीसीए कालाहारी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में यह उपलब्धि हासिल की। पिछला रिकॉर्ड भूटान की सोनम येशे के नाम था जिन्होंने 2025 में पुरुषों के टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में म्यांमार के खिलाफ सात रन देकर आठ विकेट लिए थे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अनुसार महिलाओं के टी20 अंतरराष्ट्रीय में कारडोसो ने इंडोनेशिया की रोहमालिया के 2024 में मंगोलिया के खिलाफ बिना रन के सात विकेट चटकाने के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। बृहस्पतिवार को हुए मैच में ब्राजील ने रॉबर्टा एवरी (35 गेंद पर 48 रन) और मोनिके मचाडो (41 गेंद पर नाबाद 69 रन) की शानदार पारियों की मदद से 202 रन का बड़ा स्कोर बनाया।

### धीमी ओवरगति के लिये गिल पर जुर्माना

नयी दिल्ली। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल के मैच में धीमी ओवरगति के लिये 12 लाख रूपये जुर्माना लगाया गया है। गुजरात ने बुधवार को एक रन से मुकाबला जीता जो आईपीएल के इस सत्र में उसकी पहली जीत है। आईपीएल ने एक विज्ञप्ति में कहा , दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ दिल्ली के अरूण जेटली स्टेडियम में हुए आईपीएल 2026 के मैच नंबर 14 के दौरान गुजरात टाइटंस की धीमी ओवरगति के लिये कप्तान शुभमन गिल पर जुर्माना लगाया गया है।

### एशिया चैम्पियनशिप आयुष क्वार्टर फाइनल में सिंधू और प्रणय हारे

निंगबो। भारत के युवा बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप में पुरूष एकल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए लेकिन पी वी सिंधू महिला एकल में हारकर बाहर हो गई। विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज आयुष ने 20वीं रैंकिंग वाले चीनी ताइपै के चि यू जेन को 21 . 16, 21 . 12 से हराया। अब उनका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से होगा। भारत के बाकी खिलाड़ियों के लिये बृहस्पतिवार का दिन निराशाजनक रहा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को दूसरी वरीयता प्राप्त चीन की वांग झीयि ने 46 मिनट तक चले मुकाबले में 21 . 18, 21 . 8 से हराया। कंधे की चोट से उबरकर वापसी करने वाले एच एस प्रणय को चीन के वेंग होंग यांग ने 21 . 12, 21 . 19 से मात दी। मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो को चौथी वरीयता प्राप्त मलेशिया के चेन तांग जी ओर तो ई वेइ ने 21 . 13, 21 . 14 से हराया।

# प्रीति, मीनाक्षी, प्रिया व अरुंधति ने जीता स्वर्ण

एजेंसी

उलानबटोर (मंगोलिया)। मौजूदा विश्व चैंपियन मीनाक्षी हुड्डा और प्रीति पवार की अगुवाई में भारत की चार महिला मुक्केबाजों ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में जीत के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किए। मीनाक्षी (48 किलोग्राम) और एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति (54 किलोग्राम) के साथ प्रिया घंघास (60 किलोग्राम) और विश्व मुक्केबाजी कप की स्वर्ण पदक विजेता अरुंधति चौधरी (70 किलोग्राम) ने शीर्ष स्थान हासिल किया।



भारत को हालांकि सबसे बड़ा झटका 57 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में लगा, जहां मौजूदा विश्व चैंपियन जैस्मीन लंबोरिया को थाईलैंड की दो बार की विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता पुनरावी रुएनरोस (पूर्व नाम जुटामास जितपोंग) से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। भारत की अल्फिया पठान (80 किलोग्राम से अधिक) ने भी रजत पदक हासिल किया। चैंपियनशिप में अपने एकमात्र मुकाबले में उन्हें कजाकिस्तान की दीना इस्लम्बेकोवा से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदकों के साथ कुल 10 पदक जीते।

कुछ भार वर्गों में हालांकि सीमित भागीदारी के कारण लवलीना बोरगोहेन (75 किलोग्राम), पूजा रानी (80 किलोग्राम) और अल्फिया जैसी खिलाड़ियों को सिर्फ भाग लेने के लिए ही पदक मिल गए। इन भार वर्गों में केवल तीन प्रतियोगी ही थे। मीनाक्षी ने मंगोलिया की नोमुंडारी एन्ख-अमगलान को 5-0 से हराकर भारत के लिए दिन का पहला स्वर्ण पदक जीता और शानदार शुरुआत की।

प्रीति ने एक और दमदार प्रदर्शन करते हुए अपनी बेहतरीन लय को बरकरार रखा। उन्होंने तीन बार की विश्व चैंपियन और तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता हुआंग शियाओ-वेन को 5-0 से हराया।

# इंडोनेशिया ने बीजेकेसी में भारत पर बनायी बढ़त



एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत की वैष्णवी आडकर की संघर्षपूर्ण चुनौती बिली जीन किंग कप के एशिया ओशियाना ग्रुप एक मुकाबले में बृहस्पतिवार को यहां इंडोनेशिया की प्रिस्का मेडेलिन नुग्रोहो से शुरुआती एकल मैच में हार के साथ समाप्त हुई। इस हार के साथ ही भारत 0-1 से पीछे हो गया। विश्व रैंकिंग में 391वें पायदान पर काबिज पुणे की 21 वर्षीय खिलाड़ी ने मुकाबले में पूरा दमखम दिखाया लेकिन 419वीं रैंकिंग वाली प्रिस्का की चुनौती से पार नहीं पा सकीं। वह डीएलटीए स्टेडियम में तीन घंटे छह मिनट तक चले मुकाबले में 7-6 (3), 6-7 (3), 3-6 से हार गईं।

मुकाबले में भारत की वापसी का दारोमदार अब साहजा यमलापल्ली पर है। सहजा के सामने विश्व रैंकिंग में 41वें स्थान पर काबिज जेनिस ट्येन की कठिन चुनौती है। युगल मुकाबले में अंकिता रैना और ज तुजा भोसले की जोड़ी का सामना एल्डिला सुट्जियादी और जेनिस की जोड़ी से होगा। इससे पहले भारत ने न्यूजीलैंड को 3-0 से हराया था, जबकि बुधवार को उसे थाईलैंड के खिलाफ 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था। इस प्रतियोगिता से केवल शीर्ष दो टीम प्ले-ऑफ के लिए क्वालीफाई करेंगी, जबकि निचली दो टीमों को 2027 के लिए ग्रुप-2 में भेज दिया जाएगा। भारत इस ग्रुप में इंडोनेशिया, कोरिया, मंगोलिया, न्यूजीलैंड और थाईलैंड के साथ शामिल है। वहीं दूसरी ओर दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव ने मोंटे कार्लो मास्टर्स में मातेओ बेरेत्तिनी से 6 . 0, 6 . 0 से मिली हार के बाद अपना रैकेट सात बार लाल क्लेकोर्ट पर फेंका।

इस समय दसवीं रैंकिंग पर काबिज मेदवेदेव 49 मिनट में मुकाबला हार गए। उन्होंने पांच डबल फॉल्ट किये जबकि बेरेत्तिनी ने एक भी नहीं किया। मेदवेदेव इस साल क्ले पर अपना पहला मैच खेल रही थी। उन्होंने हाल ही में इंडियन वेल्स में हार्डकोर्ट पर शीर्ष रैंकिंग वाले कार्लोस अल्काराज को हराया था।

### आईपीएल के टिकटों की हो रही कालाबाजारी : आनंद वर्मा

नयी दिल्ली। दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ के निदेशक आनंद वर्मा ने आरोप लगाया कि वैध टिकट धारकों को अरूण जेटली स्टेडियम पर आईपीएल मैचों के दौरान अनधिकृत व्यक्ति प्रवेश से रोक रहे हैं जिन्होंने धोखेबाजी से नकली टिकट हासिल किये हैं जबकि डीडीसीए के आला अधिकारियों ने इस आरोप का खंडन किया है। पुलिस उपायुक्त (मध्य जिला) से की गई शिकायत में वर्मा ने आरोप लगाया कि उन्हें और उनके मेहमानों को चार अप्रैल को मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मैच के दौरान स्टेडियम के हॉस्पिटेलिटी हिस्से में प्रवेश नहीं करने दिया गया जबकि उनके पास वैध टिकट थे। उन्होंने दावा किया कि उन्हें दिये गए टिकट का इस्तेमाल अनधिकृत व्यक्तियों द्वारा पहले ही किया जा चुका था।

# 'यूपी प्रो हैंडबॉल लीग' काशी, मथुरा व गाजियाबाद की शानदार जीत

खेल संवाददाता

लखनऊ। रफ्तार, रोमांच और सटीक रणनीति के खेल हैंडबॉल के यूपी में नए अध्याय की शुरूआत गुरुवार को 'यूपी प्रो हैंडबॉल लीग' के रुप में हो गई। उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में एसएन पाण्डेय खेल संस्थान ट्रस्ट द्वारा आदि योगी प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से केडी सिंह बाबू स्टेडियम के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देश्यीय हॉल में खेली जा रही लीग का टाइटल स्पांसर टाटा कैपिटल है। लीग के पहले दिन काशी किंग्स, मथुरा ब्रजस्टार और गाजियाबाद पैंथर्स ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर शानदार शुरूआत की। लीग का भव्य उद्घाटन मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया।

**उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक खुद कोर्ट पर उतरे, दमदार शॉट लगाकर खिलाड़ियों में भरा जोश**

उन्होंने न केवल खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया, बल्कि खुद कोर्ट पर उतरकर और दमदार शॉट लगाते हुए खिलाड़ियों के जज्बे को परखा। मुख्य अतिथि ने अपने आर्शीवचन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेलों का बजट दोगुना हुआ है और खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिल रही हैं। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार भी खिलाड़ियों का पूरा ध्यान रख रही है और सीधी




भर्ती के माध्यम से सरकारी नौकरियों का सम्मान भी प्रदान कर रही है। उन्होंने आयोजन को मूर्तरुप देने के लिए डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय की सराहना की। इस दौरान विशिष्ट अतिथि विधायक ओपी श्रीवास्तव (लखनऊ पूर्वी विधानसभा) ने भी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करते हुए लीग के सीईओ डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने कहा कि कि लीग का आयोजन प्रदेश के खेल इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगा। अतिथिगण व प्रतिभागी टीमों का स्वागत करते हुए लीग के संस्थापक व प्रबंध निदेशक अमित पाण्डेय ने बताया कि लीग का मुख्य लक्ष्य यूपी के खिलाड़ियों को क्रिकेट और कबड्डी जैसा प्रोफेशनल इकोसिस्टम' देना है।

लीग के उद्घाटन मैच में काशी किंग्स ने गोरखपुर राउडीज के खिलाफ कड़े संघर्ष के बाद 19-17 की रोमांचक जीत से शानदार शुरूआत की। कांटे की इस टक्कर में दोनों टीमों ने एक-दूसरे के अभेद्य डिफेंस को भेदने के लिए अटैक की झड़ी लगा दी। पहले हॉफ में काशी किंग्स 11-8 से आगे थी। टीम की जीत में राष्ट्रीय खिलाड़ी अविनाश ने नौ शानदार गोल दागे और मोस्ट वैल्यूबल प्लेयर बने। वहीं आइकन प्लेयर अनीश यादव व मोहित घंघास ने तीन-तीन गोल करते हुए जीत में अहम भूमिका निभाई। गोरखपुर राउडीज से सुनील ने पांच, पवन व मोहम्मद शूजा ने चार-चार गोल किए। दूसरे मैच में मथुरा ब्रजस्टार ने बर्बरीक वारियर्स के खिलाफ 34-29 से बड़ी जीत दर्ज की। मथुरा की ओर से आइकन प्लेयर निहाल जायसवाल और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी रवि ने शानदार जुगलबंदी का प्रदर्शन करते हुए 10-10 गोल दाग प्रतिद्वंद्वी डिफेंस की धज्जियां उड़ा दीं। वहीं शानदार तालमेल का प्रदर्शन करने वाले मोस्ट वैल्यूबल प्लेयर शिवा ने आठ गोल किए।

तीसरे मैच में गाजियाबाद पैंथर्स ने नोएडा ब्लास्टर्स को 27-21 से पराजित किया। गाजियाबाद पैंथर्स से मोहित ने सर्वाधिक आठ गोल किए और मोस्ट वैल्यूबल प्लेयर बने। अमन व विवेक ने पांच-पांच गोल किए। टीम ने आक्रामकता की बदौलत दबाव बनाए रखा। वहीं नोएडा से तौसीफ ने सर्वाधिक आठ गोल किए लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। आज उद्घाटन समारोह में लीग चेयरमैन संतोष कुमार पाण्डेय, अध्यक्ष प्रखर शुक्ला, सचिव यशवीर सिंह व चयंक प्रधान, रेफरी बोर्ड के चेयरमैन अतनू मजूमदार, एसएन पाण्डेय खेल संस्थान ट्रस्ट की ट्रस्टी उपमा पाण्डेय, उपनिदेशक खेल श्रीमती मुद्रिका पाठक, ब्रांड एंबेसडर और जानी-मानी अभिनेत्री सबिता कलवार सहित यूपी हैंडबॉल एसोसिएशन के संयुक्त सचिव डॉ. सुमंत पाण्डेय और यूपी वॉलीबाल एसोसिएशन के सचिव सुनील तिवारी भी मौजूद रहे।

# वैश्विक चुनौतियों को अवसर में बदलने की क्षमता भारत में



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव शक्तिकान्त दास ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत के पास वैश्विक चुनौतियों को अवसर में बदलने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि देश न केवल संकट से पार पा चुका है बल्कि उथल-पुथल से गुजरते हुए और भी मजबूत होकर उभरा है। दास ने यहां एआईएमए (ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन) के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, प्रत्येक संकट में भारत ने अपने आप को बखूबी बचाये रखा और उसे अवसर में बदला। इतना ही नहीं चुनौतियों के बीच वास्तव में उल्लेखनीय रूप से मजबूत होकर उभरा है। उन्होंने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था अलगाव, आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने और असमान वृद्धि के साथ अस्थिर और तनावपूर्ण वातावरण का सामना कर रही है। इसमें जोखिम लगातार बना हुआ है।

इस पृष्ठभूमि में, आरबीआई के पूर्व गवर्नर ने भारत के मजबूत आर्थिक प्रदर्शन का जिक्र करते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जबकि पिछले पांच वर्षों में औसत वृद्धि 7.8 प्रतिशत रही है। उन्होंने कहा, भारत की चुनौतियों से पार पाने की काबिलियत अकेले पूरी कहानी बयां नहीं करती। भारत ने उथल-पुथल के दौर को केवल सहन ही नहीं किया, बल्कि उससे गुजरते हुए खुद को महत्वपूर्ण रूप से रूपांतरित किया। दास ने यह भी बताया कि इस मजबूती के कई आधार हैं, जिनमें वृहद आर्थिक स्थिरता, नीतियों के मोर्चे पर निरंतरता, बुनियादी ढांचा आधारित विकास और मजबूत घरेलू मांग शामिल हैं। शीर्ष अधिकारी ने मुद्रास्फीति नियंत्रण के महत्व का जिक्र करते हुए इसे आर्थिक स्थिरता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। दास ने कहा, मुद्रास्फीति को अक्सर गरीबों पर कर के रूप में देखा जाता है। कम मुद्रास्फीति का अर्थ है उपभोक्ता के हाथों में खर्च करने की शक्ति में वृद्धि। संकट के दौरान भारत की नीतिगत प्रतिक्रिया का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि देश ने एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाया। उदार राजकोषीय और मौद्रिक नीति को समय पर वापस लिया गया, जिससे व्यवस्था में बुलबुले वाली स्थिति या अस्थिरता उत्पन्न नहीं हुई। दास ने अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक बदलाव का भी उल्लेख किया। इनमें तीव्र डिजिटलीकरण, बुनियादी ढांचे का विस्तार और इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर जैसे विनिर्माण क्षेत्रों में वृद्धि शामिल है। बाह्य मोर्चे पर उन्होंने कहा कि भारत की रणनीतिक स्वायत्तता और विविध साझेदारियों ने किसी एक देश पर अत्यधिक निर्भरता को कम कर दिया है। हम अपने राष्ट्रीय हित में निर्णय लेते हैं। दास ने भारत को अस्थिर वैश्विक परिवेश में एक सुरक्षित आधार बताया, जो स्थिरता, भरोसा और दीर्घकालिक वृद्धि संभावनाएं प्रदान करता है। उन्होंने कहा, ऐसे समय में जब दुनिया का अधिकतर भाग संघर्ष, अस्थिरता और नीतिगत अनिश्चितता से प्रभावित है, भारत को अब एक सुरक्षित आधार के रूप में देखा जा रहा है। दास ने कहा कि भविष्य की ओर देखा जाए तो जनसंख्या संबंधी लाभ और बढ़ती खपत से लेकर बुनियादी ढांचा विकास और डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना जैसे भारत के वृद्धि के कारक संरचनात्मक और स्थायी हैं। ये कोई चक्रीय अनुकूल परिस्थितियां नहीं हैं। ये संरचनात्मक, संवर्धित और स्थायी हैं। दास ने कंपनियों को मजबूत होने, बही-खतों को सुदृढ़ करने, आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने और भविष्य की तैयारी के लिए निवेश करने की सलाह भी दी।

# विश्व गुरु और सुपर इकॉनमी बनने के लिए भविष्य-उन्मुख दृष्टिकोण जरूरीः गडकरी



नयी दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि विश्व गुरु और सुपर इकॉनमी बनने का लक्ष्य हासिल करने के लिए भविष्य-उन्मुख विकास की उपयुक्त दृष्टि होना समय की जरूरत है।

गडकरी ने यहां एआईएमए की तरफ से आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि ऐसे प्रमुख क्षेत्रों की पहचान करना जरूरी है, जहां भविष्य में विकास की पर्याप्त संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि शोध पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है, क्योंकि यही प्रमाणित प्रौद्योगिकी, आर्थिक व्यवहार्यता, कच्चे माल की उपलब्धता और तैयार उत्पादों की बाजार क्षमता का आधार बनता है। गडकरी ने कहा, हमें यह समझने की जरूरत है कि भविष्य में किन निर्यात क्षेत्रों की मांग बढ़ेगी और किन आयात विकल्पों में हम बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने जल-आधारित अर्थव्यवस्था का उदाहरण देते हुए कहा कि केवल मत्स्य क्षेत्र ही सात लाख करोड़ रुपये की अर्थव्यवस्था बन सकता है, जिसमें से लगभग आधे हिस्से का निर्यात किया जा सकता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उत्पादन लागत घटाने के साथ गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाना चाहिए। गडकरी ने कहा, ईमानदारी, विश्वसनीयता और सद्भावना 21वीं सदी की सबसे बड़ी पूंजी है और भारत जल्द ही विश्व गुरु बनने के साथ एक मजबूत आर्थिक महाशक्ति बनेगा।

## संक्षेप

### कांग्रेस कार्य समिति की बैठक आज

नयी दिल्ली। कांग्रेस शुक्रवार को अपनी कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक करेगी, जिसमें पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा महिला आरक्षण कानून में संशोधन करने के सरकार के कदम, प्रस्तावित परिसीमन प्रक्रिया और पश्चिम एशिया संघर्ष पर विचार-विमर्श किए जाने की संभावना है। कांग्रेस की यह प्रमुख बैठक संसद के वर्तमान बजट सत्र के तहत अगले सप्ताह होने वाली दोनों सदनों की तीन दिवसीय बैठक से कुछ दिन पहले हो रही है। संसद की तीन दिवसीय बैठक 16,17 और 18 अप्रैल को होगी। सरकार 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले महिला आरक्षण अधिनियम को लागू करने और लोकसभा सीटों की संख्या 543 से बढ़ाकर 816 करने के लिए विधेयक लाने वाली है, जिसमें करीब 270 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को उन मसौदा विधेयकों को मंजूरी दी, जिनका उद्देश्य 2029 के संसदीय चुनाव से पहले महिला आरक्षण अधिनियम को लागू करना और लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाना है। सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक शुक्रवार को अपराह्न तीन बजे पार्टी के स्थानीय मुख्यालय इंदिरा भवन में होगी। पार्टी के शीर्ष नेता महिला आरक्षण कानून में संशोधन करने के सरकार के कदम, प्रस्तावित परिसीमन प्रक्रिया और पश्चिम एशिया संघर्ष के मुद्दे सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे।

# भूस्खलन प्रभावित उत्तरी सिक्किम से फंसे हुए 1321 पर्यटकों को बचाया गया

गंगटोक। सिक्किम के मंगन जिले के लाचेन में कई भूस्खलनों के कारण सड़क संपर्क टूट जाने के बाद फंसे 1,000 से अधिक पर्यटकों को बचाया गया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि ये पर्यटक पांच अप्रैल से उत्तरी सिक्किम के लाचेन में फंसे हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि बृहस्पतिवार को 1,321 पर्यटकों और 84 स्थानीय लोगों को बचाया गया। उन्होंने बताया कि बचाव अभियान मंगन जिला अधिकारी अनंत जैन की देखरेख में और सेना, बीआरओ, लाचेन जुमसा तथा पर्यटन क्षेत्र से जुड़े हितधारकों के सक्रिय समन्वय से चलाया गया। ताराम चू से चुंगथांग और फिर वहां से गंगटोक तक पर्यटकों को ले जाने के लिए बसों और पर्यटक वाहनों की विशेष व्यवस्था की गई थी। ताराम चू में निकासी प्रक्रिया पूरी होने के बाद, स्थानीय विधायक और सिक्किम के सामाजिक कल्याण मंत्री समदुप लेपचा ने भारतीय सेना और बीआरओ के अधिकारियों से बातचीत की और उनके निरंतर प्रयासों के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने पर्यटकों से बातचीत भी की और उन्हें उनके गंतव्य तक सुखद यात्रा की शुभकामनाएं दीं। मंत्री ने लाचेन से पर्यटकों को सुरक्षित निकालने के कठिन कार्य में शामिल जिला प्रशासन और सभी एजेंसियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, खराब मौसम और रसद संबंधी चुनौतियों के बावजूद, टीम वर्क और सामुदायिक भावना के माध्यम से मिशन को सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

# दुनिया में संघर्षों के बीच नवकार मंत्र का जाप बहुत प्रासंगिकः शाह



नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि पूरी दुनिया के कल्याण के लिए यहां नवकार मंत्र का सामूहिक जाप करना ऐसे समय में बहुत ही सार्थक और प्रासंगिक है, जब दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में विभिन्न विचारधाराओं को लेकर संघर्ष चल रहे हैं।

विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर आयोजित समारोह को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि मंत्र मनुष्य के जीवन को एक ऊंचे रास्ते की ओर ले जाते हैं, हमारी चेतना को जगाते हैं और नेक इरादों को मज़बूत करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे दौर में जब दुनिया को शांति की बहुत ज़रूरत है, नवकार मंत्र का सामूहिक जाप माहौल को शुद्ध करने और मन की अशांति को शांत करने में मदद कर सकता है। उन्होंने कहा, इससे आपसी समझ, सद्भाव और एक-दूसरे के प्रति संवेदनशीलता भी मज़बूत होगी। शाह ने कहा कि नवकार मंत्र की परंपरा हज़ारों सालों से चली आ रही है, जिसमें 24 तीर्थंकरों और उनके अनुयायियों का बहुत बड़ा योगदान रहा है। हमारे प्रबुद्ध ऋषियों ने पीढ़ियों तक अथक तपस्या करके पूरी मानवता के कल्याण के लिए इन मंत्रों की रचना की है। उन्होंने कहा, हमें इन्हें पूरी श्रद्धा के साथ अपनाना चाहिए और अपने जीवन में भी उतारना चाहिए। उन्होंने नवकार मंत्र को एक निराकार, निष्पक्ष और सार्वभौमिक प्रार्थना बताया, जो समय, जाति, क्षेत्र या धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं करती। उन्होंने कहा कि दुनिया में ऐसी समावेशी और सर्वमान्य प्रार्थना बहुत ही दुर्लभ हैं। यह प्रार्थना उन महान आत्माओं के गुणों को नमन है।

# पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने का पर्याप्त संसाधन




नयी दिल्ली। भारत मौजूदा वैश्विक ऊर्जा संकट का सामना करने के लिए अच्छी स्थिति में है, क्योंकि उसके पास पर्याप्त सुरक्षा उपाय हैं जिनमें उच्च विदेशी मुद्रा भंडार, राजकोषीय गुंजाइश और कम मुद्रास्फीति शामिल हैं। ये सभी चीजें वैश्विक चुनौतियों के बावजूद वृद्धि को समर्थन देंगी।

भारत ने गत वित्त वर्ष 2025-26 में व्यापारिक उथल-पुथल का अच्छी तरह सामना किया और कच्चे तेल बाजारों में अस्थिरता उत्पन्न करने वाले मौजूदा पश्चिम एशिया संकट में भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति से डटी है। भारत के पास मजबूत नीतिगत उपाय, उच्च विदेशी मुद्रा भंडार, राजकोषीय क्षमता है जिससे जरूरत पड़ने पर सहायता प्रदान की जा सकती है। साथ ही यहां मुद्रास्फीति का स्तर कम है और मौजूदा संकट से निपटने के लिए मजबूत लक्ष्य हैं। इस मजबूत वृद्धि गति को यूरोपीय संघ के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और नई श्रम नीति जैसी सकारात्मक नीतियों का समर्थन प्राप्त है। ये सभी चीजें निश्चित रूप से मजबूत वृद्धि गति को सुदृढ़ करती हैं एवं समर्थन देती हैं जो अच्छी बात है। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद हम भारत और इस क्षेत्र को दुनिया के अन्य उभरते बाजारों की तुलना में एक बहुत मजबूत एवं बेहतर प्रदर्शन करने वाला क्षेत्र बने रहने की उम्मीद करते हैं। विश्व बैंक ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान मामूली बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। साथ ही उसने कहा कि पश्चिम एशिया संकट से उत्पन्न चुनौतियां वृद्धि पर असर डाल सकती हैं। हालांकि, माल एवं सेवा कर दरों में कटौती से शुरुआती महीनों में उपभोक्ता मांग को सहारा मिलेगा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने देश की आर्थिक वृद्धि के 6.9 प्रतिशत, आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) ने 6.1 प्रतिशत और मूडीज रेटिंग्स ने छह प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है।

# नाटो से अलग होने पर विचार कर सकता है अमेरिका : ट्रंप

वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नाटो महासचिव मार्क रुटे के साथ बंद कमरे में हुई बैठक के बाद सैन्य गठबंधन की पुनः आलोचना करते हुए दोहराया कि जरूरत के समय नाटो अमेरिका के साथ नहीं था।

बैठक से पहले ट्रंप ने संकेत दिया था कि ईरान युद्ध के दौरान सहयोग नहीं मिलने पर अमेरिका नाटो से अलग होने पर विचार कर सकता है। बैठक के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर बड़े (कैपिटल) अक्षरों में लिखा, "नाटो हमारे साथ नहीं था जब हमें उसकी जरूरत थी और आगे जरूरत पड़ने पर भी नहीं होगा। व्हाइट हाउस ने इस पर तत्काल कोई अतिरिक्त जानकारी नहीं दी। प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि ट्रंप नाटो से अलग होने के मुद्दे पर चर्चा कर रहे हैं। ट्रंप और रुटे के बीच यह बैठक ऐसे समय हुई जब अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह के युद्धविराम पर सहमति बनी है, जिसके तहत होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने का रास्ता साफ हुआ है। अमेरिकी कांग्रेस 2023 में एक कानून पारित कर चुकी है, जिसके तहत कोई भी राष्ट्रपति कांग्रेस की मंजूरी के बिना नाटो से बाहर नहीं हो सकता। ट्रंप लंबे समय से नाटो की आलोचना करते रहे हैं। उन्होंने अपने पहले कार्यकाल में भी संकेत दिया था कि वह गठबंधन से बाहर निकल सकते हैं। नाटो की स्थापना 1949 में यूरोप की सुरक्षा के लिए की गई थी और इसके 32 सदस्य देशों के बीच सामूहिक रक्षा समझौता लागू है। ट्रंप ने ईरान युद्ध के दौरान यह भी आरोप लगाया कि नाटो देशों ने होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा में अमेरिका का साथ नहीं दिया।

## इंटरटेनमेंट...

# दुनियाभर की टॉप-10 फिल्मों में शामिल हुई धुरंधर-2




**मुंबई।** आदित्य धर की स्पाई ड्रामा फिल्म धुरंधरः द रिवेंज इस साल दुनिया की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली टॉप 10 फिल्मों की लिस्ट में शामिल हो गई है। बॉक्स ऑफिस मोजो की लिस्ट के अनुसार रणवीर सिंह स्टारर इस फिल्म ने क्रिस हेम्सवर्थ और जेंडया जैसे हॉलीवुड के कई बड़े सेलेब्स की फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है। इस लिस्ट में 'प्रोजेक्ट हेल

**❍ क्रिस हेम्सवर्थ और जेंडया की फिल्मों को पीछे छोड़ा, 1656 करोड़ हुआ वर्ल्डवाइड कलेक्शन**

मैरी', 'द सुपर मारियो गैलेक्सी मूवी' और 'वुदरिंग हाइट्स' जैसी बड़ी फिल्में शामिल हैं। फिल्म ने चीनी एनिमेटेड मूवी 'बूनी बीयर्सः द हिडन प्रोटेक्टर' (139 मिलियन डॉलर) को पीछे छोड़कर इस एलीट लिस्ट में अपनी जगह बनाई है। सिनेमाघरों में अपने तीसरे हफ्ते के अंत तक 'धुरंधर 2' ने भारत में 1000 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन (1246 करोड़ ग्रॉस) कर लिया है। हिंदुस्तान टाइम्स के मुताबिक फिल्म का वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन करीब 1656 करोड़ रुपए हो गया है। धुरंधर 2 भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म है। इसके अलावा गल्फ देशों में रिलीज न होने के बावजूद, फिल्म ने नॉर्थ अमेरिका में 26 मिलियन डॉलर और अन्य क्षेत्रों में 15 मिलियन डॉलर से अधिक की कमाई की है। हॉलीवुड की बड़ी फिल्मों को दी मात रणवीर सिंह की इस फिल्म ने कमाई के मामले में कई हॉलीवुड एक्टर्स की फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है। क्रिस हेम्सवर्थ की फिल्म 'क्राइम 101' ने फरवरी में रिलीज होने के बाद 72 मिलियन डॉलर कमाए थे, जो 'धुरंधर 2' के मुकाबले काफी कम है। इसी तरह फिल्म ने राचेल मैकएडम्स की 'सेंड हेल्प' (94 मिलियन डॉलर) और रिज अहमद की 'हैमलेट' (78 मिलियन डॉलर) को भी मात दी है।

जेंडया और रॉबर्ट पैटिनसन की फिल्म 'द ड्रामा' ने अब तक सिर्फ 26 मिलियन डॉलर कमाए हैं, जबकि 'धुरंधर 2' ने अपने ओपनिंग वीकेंड में ही 80 मिलियन डॉलर बटोर लिए थे। इस फिल्म की कामयाबी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसने 'धुरंधर' के पहले पार्ट के ओवरसीज लाइफटाइम कलेक्शन को महज 10 दिनों में ही पीछे छोड़ दिया था। यह सबसे तेजी से 1000 करोड़ रुपए (वर्ल्डवाइड) कमाने वाली फिल्म बन गई है। फिल्म ने भारत में 100 करोड़ से लेकर 1000 करोड़ तक के सभी माइलस्टोन सबसे कम समय में हासिल किए हैं। साथ ही, यह अब तक की सबसे बड़ी हिंदी ओपनर और सबसे बड़ा ओपनिंग वीकेंड देने वाली फिल्म भी बन चुकी है।


### खाली हाथ आये थे, ऐसे ही जायेंगे : अमिताभ बच्चन

**मुंबई।** एक्टर अमिताभ बच्चन ने हाल ही में जीवन और उसके अर्थ को लेकर एक नोट शेयर किया। उन्होंने बताया कि उन्होंने एक पूरा दिन शांति में रहकर खुद से सवाल-जवाब करते हुए बिताया। अमिताभ ने अपने ब्लॉग में लिखा कि दिनभर उन्होंने अपने आसपास और खुद के साथ समय बिताया, जवाब खोजने की कोशिश की, लेकिन ज्यादातर सवालों के साफ जवाब नहीं मिले। उन्होंने लिखा कि जीवन के 'क्यों' और 'कैसे' को समझने की कोशिश हर व्यक्ति करता है, लेकिन इसके ठोस जवाब मिलना मुश्किल होता है। उन्होंने यह भी कहा कि इंसान खाली हाथ आता है और खाली हाथ ही जाता है। ब्लॉग के आखिर में उन्होंने यह भी लिखा कि आप सबसे सच्चे रूप को ढूंढते रहते हैं।

### बंगाली एक्टर की मौत पर सौरव गांगुली का बयान

**मुंबई।** बंगाली एक्टर राहुल अरुणोदय बनर्जी की मौत के मामले में पूर्व क्रिकेटर सौरव गांगुली का एक बयान विवादों में आ गया है। दरअसल राहुल की मौत ओडिशा में शूटिंग के दौरान पानी में डूबने से हुई थी, जिस पर सौरव ने सवाल उठाया था कि वे पानी में गए ही क्यों। इस पर एक्ट्रेस स्वस्तिका मुखर्जी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। स्वस्तिका ने कहा कि एक पब्लिक फिगर होने के नाते सौरव गांगुली को पता होना चाहिए कि वे क्या बोल रहे हैं। सौरव गांगुली ने क्या कहा था? कुछ दिन पहले जब सौरव गांगुली से राहुल की मौत के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने इसे 'बहुत दुर्भाग्यपूर्ण' बताया।

# प्रियंका चोपड़ा-महेश बाबू की 'वाराणसी' की कहानी लीक



**मुंबई।** एसएस राजामौली के डायरेक्शन में बन रही फिल्म 'वाराणसी' फिल्म का प्लॉट लीक हो गया है। प्रियंका चोपड़ा और महेश बाबू स्टारर इस फिल्म की कहानी टाइम ट्रैवल पर आधारित होगी, जिसमें महेश बाबू एक शिव भक्त के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म की कहानी का खुलासा किसी और ने नहीं, बल्कि इसमें विजुअल इफेक्ट्स का काम देख रही मशहूर कंपनी 'सिनेसैट' ने किया है। यह वही

**❍ विलेन के मिशन पर टाइम ट्रैवल करेंगे महेश इतिहास से 2027 तक का दिखेगा सफर**

कंपनी है जिसने 'स्पाइडर-मैनः नो वे होम' जैसी हॉलीवुड फिल्मों में काम किया है। स्टूडियो ने अपने पोर्टफोलियो में राजामौली के इस प्रोजेक्ट को जोड़ा और एक शॉर्ट डिटेल शेयर की, जिसमें फिल्म की कहानी की मुख्य कड़ियां बताई गई हैं। शिव भक्त और प्राचीन रहस्य की कहानी लीक हुए प्लॉट के मुताबिक, महेश बाबू एक शिव भक्त 'रुद्र' का किरदार निभा रहे हैं। वह एक ऐसी ब्रह्मांडीय वस्तु की तलाश में समय की यात्रा पर निकलते हैं, जिसमें असीम शक्ति है। सदियों पुराने रहस्यों को सुलझाते हुए उन्हें एहसास होता है कि उन्हें जिस मिशन पर भेजा गया है, उसके पीछे एक बड़ी साजिश है। जिस शक्ति ने उन्हें इस रास्ते पर भेजा है, वह असल में दुनिया पर राज करना चाहती है। पृथ्वीराज सुकुमारन बन सकते हैं विलेन फिल्म में विलेन के तौर पर पृथ्वीराज सुकुमारन नजर आ सकते हैं।

चर्चा है कि उनके किरदार का नाम 'कुंभ' है, जो महेश बाबू के किरदार रुद्र को इस खतरनाक मिशन पर भेजता है। जैसे-जैसे रुद्र की यात्रा आगे बढ़ती है, उसे पता चलता है कि कुंभ के इरादे नेक नहीं हैं। वह रामायण काल से जुड़ी एक रहस्यमयी वस्तु की मदद से पूरी दुनिया पर कब्जा करना चाहता है। हालांकि, वह वस्तु क्या है, यह अभी सस्पेंस बना हुआ है। प्रियंका बोलीं- भविष्य में जाने वाली कहानी नहीं फिल्म की लीड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि यह फिल्म हॉलीवुड की 'बैक टू द फ्यूचर' जैसी नहीं है। प्रियंका ने कहा, "फिल्म की कहानी प्राचीन इतिहास से लेकर भविष्य तक फैली हुई है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com